
RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 4
नई दिल्ली, रविवार, 6 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com

जनवरी में पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे भागवत

राष्ट्रीय-9

# केजरीवाल का दावा: गुजरात चुनाव से हटने को भाजपा ने दिया था प्रस्ताव

- प्रस्ताव स्वीकारने पर सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया को छोड़ने की कही गई बात
- राज्य में सरकार बनाएगी आम आदमी पार्टी, कांग्रेस को मिलेंगी पांच से भी कम सीटें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



गुजरात के कच्छ में चुनाव प्रचार करते आम आदमी पार्टी के प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल

**चुनावी** बेला में राजनीतिक दल एक-दूसरे पर खूब आरोप-प्रत्यारोप लगाकर सनसनी पैदा कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें पेशकश की है कि यदि उनकी पार्टी गुजरात में विधानसभा चुनाव से पीछे हट जाती है, तो उनके मंत्रियों मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को छोड़ दिया जाएगा। जैन मनी लांड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद हैं जबकि सिसोदिया पर शराब नीति में कथित घोटाले को लेकर सीबीआई शिकंजा कसती जा रही है।

दूसरी ओर, कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए केजरीवाल ने जोर देकर कहा कि उसे गुजरात में पांच सीटें भी नहीं मिलेंगी। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को एक मीडिया कॉन्क्लेव में केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा ने उपमुख्यमंत्री सिसोदिया से संपर्क साधा और उन्हें भाजपा में शामिल होने का लालच दिया। उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया ने आप छोड़कर दिल्ली के मुख्यमंत्री बनने का भाजपा का प्रस्ताव ठुकरा दिया। केजरीवाल ने कहा कि जब वे अपनी योजना में सफल नहीं हुए तो अब उन्होंने मुझसे संपर्क किया है। जब यह पूछा गया कि उन्हें इस प्रकार का प्रस्ताव किसने दिया तो दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि वह खुद किसी का नाम कैसे ले सकते हैं, प्रस्ताव उनके किसी के अन्य के माध्यम से ही आते हैं। वे (भाजपा) कभी सीधे संपर्क नहीं करते हैं। किसी एक के पास जाते हैं, फिर दूसरे, फिर अन्य और उसके बाद किसी दोस्त को पकड़ते हैं और उसके माध्यम से संदेश आप तक पहुंचता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा यह सब इसलिए कर रही है, क्योंकि उसे गुजरात और एमसीडी दोनों चुनाव में अपनी हार नजर आ रही है। इससे वह डरी हुई है। मनीष सिसोदिया जहां दिल्ली आबकारी नीति मामले में आरोपी हैं, वहीं सत्येंद्र जैन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में घिरे हुए हैं।

दोनों मामलों की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रही है। इससे पहले, आप ने दावा किया था कि भाजपा ने सिसोदिया के भाजपा में शामिल होने पर मुख्यमंत्री पद और उनके खिलाफ सभी मामलों को दबाने की पेशकश की थी। कांग्रेस पर तंज कसते हुए केजरीवाल ने कहा कि कोई भी देश की सबसे पुरानी पार्टी को गंभीरता से नहीं ले रहा है। गुजरात के लोगों को इस वक्त बदलाव की जरूरत है। यदि ऐसा नहीं होता तो हमें वहां कोई नहीं पूछता। हमें 30 फीसदी वोट शेयर मिल रहा है। हमने पंजाब में सरकार बनाई और गुजरात में भी कुछ अलग होने जा रहा है। केजरीवाल (शेष पेज 8)

# खुद को कट्टर ईमानदार कहने वाले सबसे ज्यादा भ्रष्ट: मोदी

- पीएम ने हिमाचल प्रदेश में की रैलियां, आप और कांग्रेस पर साधा निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/सोलन



मंडी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्मानित करते हिमाचल के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस को भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद की गारंटी बताया और आम आदमी पार्टी (आप) को कट्टर ईमानदार की आड़ में सबसे भ्रष्ट बताकर उस पर निशाना साधा। उन्होंने राज्य में भाजपा सरकार के तहत स्थिरता और विकास के लिए लोगों से वोट मांगे। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए, मोदी ने हिमाचल प्रदेश के साथ अपने लंबे जुड़ाव के बारे में विस्तार से बात की और लोगों से कमल (भाजपा का चुनाव चिन्ह) का समर्थन करने का आह्वान किया।

मोदी ने कहा कि लोगों के वोट उनके लिए उनका आशीर्वाद होगा और उन्हें उम्मीदवारों को नहीं बल्कि कमल के फूल को ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप पर निशाना साधा और इस पार्टी की तुलना ऐसे छोटे समूहों से की, जो कुछ सीटें जीतते हैं या अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए झूठे वादे करके सरकार में आते हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस शासन के दौरान कई स्वार्थी और निहित स्वार्थी समूह उभरे जो देश और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में अस्थिरता देखना चाहते थे। उन्होंने कहा, इस कारण वे एक स्थिर सरकार को सत्ता में आने से रोकते हैं। छोटे राज्यों को हमेशा इन स्वार्थी समूहों (शेष पेज 8)

## देश के पहले मतदाता श्याम सरन नेगी का निधन

**पायनियर समाचार सेवा।** शिमला



**चौतीसवीं** बार अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के तीन दिन बाद भारत के प्रथम मतदाता श्याम सरन नेगी का हिमाचल प्रदेश के किन्नौर में उनके आवास पर शनिवार सुबह निधन हो गया। वह 106 वर्ष के थे। नेगी भारत निर्वाचन आयोग के ब्रांड एम्बेसडर थे। उन्होंने दो नवंबर को राज्य विधानसभा चुनाव के लिए डाक मतपत्र के जरिए वोट डाला था। यह नेगी के जीवनकाल का आखिरी मतदान था, जो ब्रिटिश हुकूमत से भारत की आजादी के दौरान 31 साल के थे। वह कई दशकों तक भारतीय लोकतंत्र की (शेष पेज 8)

# सुकेश का केजरीवाल पर 50 करोड़ लेने का आरोप

- मंडोली जेल में बंद ठग ने दूसरा लेटरबम फोड़ राजनीतिक हलकों में मचाई सनसनी
- भाजपा ने की जांच की मांग, आप ने कहा- भगवा दल ने ठग से किया समझौता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दो** सौ करोड़ रुपये की ठगी के आरोप में दिल्ली की मंडोली जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने शनिवार को नया लेटरबम फोड़ कर राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है।

महागठ के नाम से कुख्यात हुए सुकेश ने नए सिरे से आरोप लगाते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनसे 50 करोड़ रुपये लिए हैं। इसके एवज में उसे राज्यसभा सीट देने का वादा किया गया था। इन आरोपों पर भाजपा ने करारा हमला बोला और पूरे मामले की जांच की मांग की है, जबकि आप ने कहा कि जेल से आजाद करने के बदले ठग से विपक्षी दल ने समझौता किया है। चंद्रशेखर ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को लिखे पहले पत्र में आरोप लगाया था कि जैन ने 2019 में जेल में उसकी सुरक्षा के एवज में 10 करोड़ रुपए की उगाही की थी। उसने अब आरोप लगाया है कि उपराज्यपाल को लिखे उनके पत्र के सार्वजनिक होने के बाद जैन ने तिहाड़ के पूर्व महानिदेशक के साथ मिलकर उन्हें धमकी दी थी।

चंद्रशेखर ने दावा किया कि उसने केजरीवाल, जैन और आप के एक अन्य मंत्री कैलाश गहलोत के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों का विवरण देते हुए बृहस्पतिवार को उपराज्यपाल को एक और शिकायत सौंपी है। चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि केजरीवाल ने उसे अपनी पार्टी के लिए 500 करोड़ रुपए का योगदान करने के लिए 20 से अधिक लोगों को लाने के (शेष पेज 8)

# ट्रकों को राजधानी से बाहर पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से भेजें

- प्रदूषण बढ़ने के कारण दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने उप्र व हरियाणा के मुख्यमंत्रियों से किया अनुरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में वायु प्रदूषण के चलते शनिवार को छायी धुंध को हटाती मशीन

**पिछले** तीन दिन से वायु गुणवत्ता लगातार गंभीर श्रेणी में बनी हुई है। दिल्ली-एनसीआर में शनिवार को 24 घंटे का औसत सूचकांक 408 दर्ज किया गया। इसे देखते हुए दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने भाजपा शासित उत्तर प्रदेश और हरियाणा के मुख्यमंत्रियों से अनुरोध किया है कि वे गैर-जरूरी सामान ले जाने वाले ट्रकों को पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से भेजने के उपाय करें, ताकि राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं पर यातायात जाम से बचा जा सके।

राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण का स्तर बिगड़ने के साथ बीते बृहस्पतिवार से चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्य योजना (ग्रेप) के चौथे चरण की पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। इसके तहत दिल्ली में डीजल से चलने वाले छोटे वाहनों व ट्रकों के प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया। इसके अलावा बीएस-6 वाहनों को छोड़ अन्य गाड़ियों (शेष पेज 8)

## नोएडा पुलिस ने लगाई रोक

**नोएडा** ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपनी सीमाओं से राष्ट्रीय राजधानी में वाणिज्यिक और निजी सहित कुछ वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। ताजा दिशा-निर्देशों के अनुसार, ग्रेप के तहत जिन वाहनों को दिल्ली में चलने से प्रतिबंधित किया गया है, उन्हें डीएनडी, चिल्ला बॉर्डर और कालिंदी कुंज की ओर से राजधानी में नहीं जाने दिया जाएगा, लेकिन उन्हें अपने गंतव्य तक जाने के लिए परिवर्तित मार्ग उपलब्ध कराया जाएगा। मालूम हो कि बीएस-3 (पेट्रोल) और बीएस-4 (डीजल) हल्के चार पहिया (शेष पेज 8)

## मैनपुरी लोकसभा सहित विस की पांच सीटों पर 5 दिसंबर को उपचुनाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**समाजवादी** पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव के निधन से रिक्त हुई मैनपुरी लोकसभा सीट के साथ ही पांच राज्यों में पांच विधानसभा सीट पर पांच दिसंबर को उपचुनाव कराया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को यह जानकारी दी। यादव का लंबी बीमारी के बाद पिछले महीने निधन हो गया था। उत्तर प्रदेश में सपा नेता मोहम्मद आजम खान को अयोग्य ठहराए जाने के बाद खाली हुई रामपुर विधानसभा सीट उन पांच सीट में से एक है जिन पर उपचुनाव होना है। रामपुर से विधायक रहे खान को अप्रैल 2019 में उनके खिलाफ दर्ज घृणा भाषण के मामले में तीन साल की सजा सुनाए जाने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने अयोग्य करार दे दिया था। राजस्थान के चूरू जिले में सरदारशहर विधानसभा सीट पर कांग्रेस विधायक भंवर लाल शर्मा का नौ दिसंबर को निधन होने के बाद उपचुनाव कराया जा रहा है। शर्मा 77 वर्ष के थे। राजस्थान की 200 सदस्ईय विधानसभा (शेष पेज 8)

# रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भारत को फिर सराहा



- कहा- विकास के मामले में अभूतपूर्व लक्ष्य हासिल करने के लिए भारतीयों में पूरी क्षमता और प्रतिभा

**भाषा।** मॉस्को

**रूस** के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को बीते एक सप्ताह में दूसरी बार भारत की विकास गाथा की तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत के लोग बहुत प्रतिभाशाली और उद्देश्यपरक हैं तथा वे विकास के मामले में उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने में अपने देश की मदद करेंगे।

पुतिन की यह टिप्पणी विदेश मंत्री एस जयशंकर की मॉस्को यात्रा से कुछ दिन पहले आई है। जयशंकर सात और आठ नवंबर को मॉस्को के दो दिवसीय दौरे पर होंगे। शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस पर रशियन हिस्टॉरिकल सोसाइटी की 10वीं वर्षगांठ से संबंधित कार्यक्रम में पुतिन ने कहा, आइए, भारत पर नजर डालें। उसके लोग बहुत ही प्रतिभाशाली और उद्देश्यपरक हैं, जिनमें आंतरिक विकास के लिए ऐसी ललक है कि वे नि:संदेह उत्कृष्ट परिणाम हासिल करेंगे।

भारत विकास के मामले में उत्कृष्ट नतीजे प्राप्त करेगा। क्रेमलिन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पुतिन ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत के लगभग 1.5 अरब लोग विकास के मामले में निश्चित रूप से शानदार परिणाम हासिल करेंगे। कार्यक्रम में पुतिन ने उपनिवेशवाद (शेष पेज 8)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,950 | |
| निफ्टी | 18,117 | |
| सोना | 50,869 | /10g |
| चांदी | 59,477 | /kg |

## क्विक न्यूज

### जल्द ही 300 दवाओं के पैकेट पर बारकोड अनिवार्य होगा

**नई दिल्ली।** नकली दवाइयों की समस्या से निपटने के लिए सरकार दवा निर्माता कंपनियों द्वारा 300 दवाओं के पैकेट पर बारकोड अनिवार्य करने संबंधी प्रक्रिया को अंतिम रूप देने जा रही है। पैकेट पर छपे बारकोड को स्कैन करने पर विनिर्माण लाइसेंस और बैच संख्या जैसी जानकारी का पता लगाया जा सकता है। स्वीकृति के बाद औषधि एवं प्रसाधन नियम,1945 में संशोधन अगले साल मई से लागू हो जाएगा। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि सूची में उल्लेख की गई दवाओं का एक बड़ा हिस्सा ऐसा है, जिसे ज्यादातर लोग सीधा दुकान से खरीद लेते है, जिसके चलते नकली दवाओं के उपयोग की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि इस संशोधन का उद्देश्य नकली दवाओं की आपूर्ति को रोकना और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में सुधार सुनिश्चित करना है।

# ताहिर हुसैन पर हत्या का प्रयास और आपराधिक साजिश के आरोप तय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली दंगा**

**दिल्ली** की एक अदालत ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 के दंगों से जुड़े एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व नेता ताहिर हुसैन के खिलाफ हत्या के प्रयास और आपराधिक साजिश के आरोप तय किए हैं। अदालत शिकायतकर्ता अजय गोस्वामी के एक बयान के आधार पर एक मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसे 25 फरवरी, 2020 को मेन करावल नगर रोड पर दंगों के दौरान गोली लगी थी।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमचला ने कहा कि मुझे लगता है कि सभी आरोपी व्यक्ति भारतीय दंड संहिता की धाराओं 307 (हत्या का प्रयास), 120 बी (आपराधिक साजिश) और 149 (गैर-कानूनी सभा का प्रत्येक सदस्य सामान्य उद्देश्य के अभियोजन में किए गए अपराध का दोषी) के तहत दंडनीय अपराधों के लिए मुकदमा चलाने के लिए उत्तरदायी हैं। हुसैन सहित आठ लोगों को आरोपित किया गया है। न्यायाधीश ने कहा कि छह आरोपियों- ताहिर हुसैन, शाह आलम, नाजिम, कासिम, रियासत और लियाकत पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 505 के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है, क्योंकि वे दूसरे समुदाय को सबक सिखाने के लिए अपने लोगों को उकसा रहे थे।

अदालत ने दो आरोपियों गुलफाम और तनवीर को धारा 505 के तहत अपराध के लिए आरोपमुक्त करते हुए कहा कि यह दिखाने के लिए कोई सबूत नहीं है कि उन्होंने दूसरों को भी उकसाया। अदालत ने कहा कि कई गवाहों के बयानों से दंगाइयों के (शेष पेज 8)

## मुख्तार अंसारी का बेटा अब्बास सात दिन की ईडी हिरासत में

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**प्रयागराज** की एक अदालत ने शनिवार को माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे और मऊ से विधायक अब्बास अंसारी को सात दिनों के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। जिला शासकीय अधिवक्ता गुलाब अग्रहरि ने बताया कि अदालत में ईडी की ओर से सीआरपीसी की धारा 167-2 के तहत से प्रार्थना पत्र देकर अनुरोध किया गया कि अन्य साक्ष्य एकत्र करने के लिए अंसारी को 14 दिन के लिए ईडी की हिरासत में दिया जाए। उन्होंने बताया कि हालांकि जिला न्यायाधीश संतोष राय की अदालत ने ईडी को अंसारी को सात दिन की हिरासत में रखने की मंजूरी दी और यह शर्त भी लगाई कि अब्बास अंसारी की हिरासत से पहले उसकी मेडिकल जांच कराई जाएगी और (शेष पेज 8)

# नोएडा को सिटी ऑफ वेटलैंड का भी मिलेगा तमगा

- 34 करोड़ में बन रहे 5 वेट लैंड, 1.28 वर्गमीटर जमीन को किया जा रहा विकसित

**रिंकू यादव।** नोएडा




**औद्योगिक** व आईटी नगरी के बाद अब नोएडा सिटी ऑफ वेट लैंड के रूप में भी जानी जाएगी। यहां 1 लाख, 28 हजार वर्गमीटर से ज्यादा के क्षेत्रफ ल में वेट लैंड बनाने का काम पूरा किया जा चुका है। ये वे वेट लैंड हैं, जिन्हें कृत्रिम रूप से बनाया गया है। इसके अलावा नाले में इन सीटू कंस्ट्रेक्टेड तकनीक से तीन वेट लैंड बनाए गए है।

ये वेट लैंड जल संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ जलीय पौधों और जीवों को संरक्षण भी दे रहे है। सेक्टर-54 वेट लैंड इसे नोएडा का डंपिंग ग्राउंड कहा जाता था। यहां रेमिडेशन तकनीक से लाखों टन कूड़े का निस्तारण किया गया। इससे आरडीएफबनाई गई। इसके बाद इसे वेट लैंड के रूप में बदला गया। करीब 17 एकड़ में इसका विस्तार किया गया। यहां लोगों के टहलने के लिए एलिवेटड ट्रैक भी बनाया गया। परियोजना पर 4.86 करोड़ रुपए खर्च किए गए। सेक्टर-91 को कृत्रिम वेट लैंड के रूप में परिवर्तित किया गया। यह जमीन वेस्ट और खरपतवार से भरी हुई थी। यहां 60 हजार वर्गमीटर में 5.12 करोड़ रुपए की लागत से वेट लैंड का निर्माण किया गया। इसमें दो एरिया को जोड़ते हुए एक पुल का निर्माण किया और बीच में वाटर बॉडी रखा गया है।

नोएडा में मुख्य नाले को साफ करने के लिए सेक्टर-50 में इन सीटू कंसट्रेक्टेड तकनीक से वेट लैंड तैयार किया गया है। जिसमें से सीवरेज पानी स्वत: की छनकर साफ हो जाता है। यही पानी आगे यमुना नदी में गिरता है। इसका 100 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसे 7 करोड़ की लागत से तैयार किया गया है। इसी तकनीक से ही सेक्टर-135 और एनएसईजेड डाउन स्ट्रीम में दो वेट लैंड बनाए जा रहे है। इनको बनाने में करीब 14 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। इसमें एनएसईजेड का करीब 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है और सेक्टर.135 का 35 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

# मंत्री ने केजरीवाल पर फोड़ा प्रदूषण का ठीकरा

## नोएडा दौरे पर आए पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने लगाए ठोस कदम नहीं उठाने के आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश सरकार में वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ अरुण कुमार ने कहा कि पंजाब में जल रही पराली से एनसीआर में प्रदूषण बढ़ा है। आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब में पराली की घटनाओं को रोकने में नाकाम हैं। पंजाब में आप सरकार ने पराली प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

दिल्ली की जनता भी प्रदूषण से त्रस्त है। एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण पर दिल्ली और पंजाब की सरकार को पत्र लिखा गया है। उन्होंने साफ लफ्जों में एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण का जिम्मेदार दिल्ली और पंजाब सरकार को ठहराया। उन्होंने पंजाब सरकार से वहां के किसानों को शिक्षित कर धान की कटाई में सुपर एसएमएस यंत्र का प्रयोग कराकर पराली को खत्म करने के साथ ही खेत में बचे अवशेष को खाद में बदलने का तरीका बताते हुए उसपर अमल करने की सलाह दी।

नोएडा–ग्रेनो समेत एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण को लेकर शनिवार को वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ अरुण कुमार ने नोएडा का दौरा किया। सेक्टर–38 स्थित ग्रेस्ट हाउस में उन्होंने नोएडा व गाजियाबाद में प्रदूषण की स्थिति को लेकर समीक्षा की। डॉ अरुण कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार प्रदूषण को खत्म करने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। यूपीपीसीबी के आरओ को ग्रैप नियमों का सख्ती से पालन करने के आदेश दिए हैं। कहा कि प्रदूषण खत्म करने के लिए एनसीआर शहर में 19 स्वीपिंग मशीन और वाटर स्प्रिंकलिंग के जरिए सड़कों पर पानी का छिड़काव और सफाई की जा रही है। अफसरों को सड़क किनारे धूल खत्म करने के लिए टाइल्स, घास या एसटीपी के पानी से छिडकाव के लिए कहा गया हैं, इसकी प्रतिदिन रिपोर्ट भी ली जा रही है। एनसीआर में 80 एंटी स्मॉग गन से हवा को स्वच्छ बनाया जा रहा है। शहरों को जल्द ही अतिरिक्त 16 मैकेनिकल स्वीपिंग और 10 एंटी स्मॉग गन दी जाएगी। नोएडा व गाजियाबाद में सी एंड डी कचरा प्रबंधन का सख्ती से पालन हो रहा हैं, जल्द ही ग्रेटर नोएडा और मेरठ में सुविधा शुरू होगी।


नोएडा में प्रेसवार्ता में बोलते यूपी सरकार के वन पर्यावरण मंत्री डॉ. अरूण कुमार।

### गोल्फकोर्स से सेक्टर-61 तक मेट्रो में किया सफर

डॉ अरुण कुमार ने गोल्फकोर्स से टोकन लेकर सेक्टर.61 तक मेट्रो में सफर कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सेक्टर.61 से मेट्रो में सफर करने जा रही युवतियों को डीजल व पुराने वाहनों के नुकसान उनसे मेट्रो में सफर करने की अपील की। इससे पहले मंत्री ने अधिकारियों के साथ एक ही इलेक्ट्रोनिक वाहन में बैठकर भी सफर किया। उन्होंने प्रदूषण को कम करने के लिए लोगों से कम से कम वाहनों का प्रयोग कर पर्यावरण को दूषित होने से बचाने का संदेश दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सेक्टर.116 में प्रदूषण मॉनिटरिंग यंत्र का निरीक्षण किया। स्पेक्ट्रम मॉल समेत अन्य निर्माणधीन इकाइयों का निरीक्षण कर आरओ को कड़ी निगरानी के आदेश दिए।

# वैशाली-मोहननगर के बीच चल सकती है मेट्रो

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- जिलाधिकारी और जीडीए वीसी राकेश कुमार सिंह के ताजा बयान से बंधी निर्माण की उम्मीद



गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अब वैशाली से मोहननगर तक मेट्रो चलाने की तैयारी की जा रही है। जिलाधिकारी और जीडीए वीसी राकेश कुमार सिंह के ताजा बयान से उम्मीद बंधने वाली है। बताया जा रहा है कि गाजियाबाद के वैशाली से मोहननगर तक मेट्रो चलाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। इसमें खर्च का अनुमान भी लगाया जाएगा, इसके बाद योजना पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि वैशाली से मोहननगर के रूट पर मेट्रो चलाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी, लेकिन जीडीए ने यहां पर पहले रोप–वे या फि र नियो मेट्रो और लाइट मेट्रो चलाने के लिए सर्वे कराया था, जिसका विरोध किया गया था। लोगों का कहना था कि मेट्रो का दूसरा विकल्प कारगर नहीं है, इस वजह से इस रूट पर मेट्रो का ही संचालन किया जाना चाहिए। वर्तमान में गाजियाबाद में मेट्रो के 10 स्टेशन हैं। इनमें से दो स्टेशन ब्लू लाइन पर कौशांबी और वैशाली हैं और आठ स्टेशन रेड लाइन पर शहीद नगर, राजबाग, शहीद मेजर मोहित शर्मा राजेंद्र नगर सेक्टर.पांच, श्याम पार्क, मोहननगर, अर्थला, हिंडन रीवर और शहीद स्थल न्यू बस अड्डा हैं। वैशाली से मोहननगर तक मेट्रो का परिचालन होने से वसुंधरा, औद्योगिक क्षेत्र साइट चार में आने वाले कामगार और कंपनी अधिकारी के अलावा मोहननगर से सीधे आनंद विहार के रास्ते दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। बड़ी संख्या में यात्री इस रूट पर सफर करेंगे।

राकेश कुमार सिंह का कहना है कि वैशाली से मोहननगर तक मेट्रो चलाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। जिससे कि इस रूट पर मेट्रो के परिचालन में आने वाले खर्च का अनुमान लग सके। इसके बाद प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाएगा, शासन से मंजूरी मिलने के बाद कार्य शुरू कराया जाएगा।

# नोएडा में शुरू हुआ पहला एंटी स्मॉग टावर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- तकनीकी खराबी के कारण था बंद, जल्द साफ होगी हवा

दिल्ली–एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते हवा लगातार जहरीली होती जा रही है। इसी के मद्देनजर नोएडा में एंटी स्मॉग टावर शुरू किया गया है। इसके शुरू होने से एनसीआर की हवा की गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद जताई जा रही है। बता दें कि नोएडा में डीएनडी के पास बना एंटी स्मॉग टॉवर अभी तक तकनीकी खराबी से बंद था।

इस संबंध में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्त नंदी कहा मुझे जानकारी मिली थी कि एंटी स्मॉग टॉवर काम नहीं कर रहा था। शिकायत मिलने पर मैंने इसका संज्ञान लिया। मैंने नोएडा अथॉरिटी के उच्च अधिकारीयों से बात की और एंटी स्मॉग टॉवर को जल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार देर रात एंटी स्मॉग टॉवर ने काम करना शुरू कर दिया है। यह अभी तक कुछ तकनीकी खराबी की वजह से काम नहीं कर रहा था। लोगों को प्रदूषण से बचाने के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है।

उल्लेखनीय है कि नोएडा के सेक्टर.16 स्थित फि ल्म सिटी के पास एक साल पहले प्रदेश का पहला प्रोटोटाइप वायु प्रदूषण नियंत्रण टावर लगाया गया। दावा किया गया कि ये टावर एक वर्ग किमी के दायरे की हवा को प्रदूषण मुक्त करेगा।

पायलट प्रोजेक्ट की तर्ज पर शुरू टावर संकट के इस दौर में तकनीकी दिक्कतों के चलते बंद है, जिसको ठीक कराने की याद अब नोएडा प्राधिकरण को आई। दावा किया गया है कि टावर प्रदूषित गैसों पर भी असरदार है, लेकिन जब हवा में जहर और पीएम.2.5, पीएम.10 दोनों की मात्रा इतनी ज्यादा है कि लोगों का सांस लेना तक मुश्किल हो रहा है। ऐसे समय में टावर लोगों की मदद करने की जगह बंद था। टावर को तीन करोड़ की लागत से बनाया गया है। संचालन भेल को करना है, जिसका खर्चा नोएडा प्राधिकरण वहन कर रहा है।

## पाइप लाइन से दबकर 11 साल की बच्ची की मौत

**नोएडा।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के कच्ची सडक पर सीवर लाइन में डालने के लिए लाकर रखे गए पाइप के नीचे दबकर एक 11 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि देवला गांव के पास सडक पर सीवर में डालने के लिए मोटे पाइप लाकर रखी गई थी। पाइप सडक से काफी दूर रखे गए है। वहां पर अनुराधा 11 वर्ष नामक बच्ची बहन के साथ शुक्रवार शाम को खेलने गई। उसने पाइप पर लगी ईट को निकाल दिया, जिसकी वजह से पाइप भरभराकर नीचे गिरा तथा बच्ची पाइप की चपेट में आ गई।

# टक्कर मार बाइक को 1 किमी तक घसीटती ले गई कार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- बृहस्पतिवार रात करीब 11:30 बजे हुआ था हादसा, बाइक पर सवार दो लोग बाल बाल बचे, हुआ समझौता

इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के मंगल चौक पर बृहस्पतिवार रात कार सवार ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार दोनों युवक उछल कर सड़क के किनारे गिर गए। बाइक कार में फ ंस गई। चालक ने उसे घसीटते हुए करीब एक किलोमीटर तक कार दौड़ाई। बाइक की सड़क पर घर्षण से आग की लपटें निकलती रहीं। गनीमत रही कि लपटों ने कार या किसी राहगीर को चपेट में नहीं लिया वरना बड़ा हादसा हो जाता।

कौशांबी के हवा सिंह और गुरुदीप बृहस्पतिवार रात करीब 11;30 बजे एक ही बाइक पर सवार होकर काला पत्थर रोड पर जा रहे थे। मंगल चौक पर कार सवार ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। वह दोनों बाइक से नीचे गिर गए। बाइक कार के अगले हिस्से में फ ंस गई। कार सवार शक्ति खंड की ओर भागा। लोगों ने उसे रूकने के लिए आवाज लगाई, लेकिन वह तेज गति में भागता रहा। गति तेज होने के कारण बाइक की सड़क पर घर्षण तेज हुई। इससे आग की लपटें निकलने लगीं।

कार चालक इससे भी नहीं रूका और वह तेज गति में भागता रहा। लोग उसके पीछे रुकने की आवाज लगाते हुए भागते रहे। शक्ति खंड.एक में लोगों ने आखिरकार उसे रोक लिया। तब तक वह करीब एक किलोमीटर तक आ चुका था। सूचना पर पुलिस भी मौके पर आ गई। पुलिस ने उपचार के लिए दोनों बाइक सवारों को अस्पताल भेजा। कार सवार को हिरासत में ले लिया। शुक्रवार को कार सवार और घायलों में आपसी समझौता हो गया। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों ने किसी तरह कार्रवाई करने से इंकार किया। लिखकर समझौता नामा दे दिया।


गाजियाबाद में सलाखों के के पीछे युवक और कार-बाइक से निकलती चिंगारी।

# घर लौट रहे युवक को मारी गोली

**गाजियाबाद।** रंजिश के चलते विजयनगर थाना क्षेत्र के गांव बहरामपुर में रहने वाले युवक प्रिंस यादव पुत्र प्रीतम यादव को बीती रात गोली मारकर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। उक्त वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर प्रिंस यादव को मरा हुआ समझकर भाग गये। इसके बाद परिजनों ने उसे नोएडा के फ ोर्टिस अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसकी हालत मरणासन्न बताई जा रही थी। उधर, उक्त वारदात की सूचना मिलने के बाद विजयनगर थाने के एसएचओ योगेंद्र सिंह मलिक के अलावा अन्य आला अफ सर भी पहुंच गये। इस संदर्भ में एसपी सिटी प्रथम निपुण अग्रवाल ने बताया कि प्रिंस यादव को बहरामपुर गांव में उस समय गोली मारी गई जब वह अपने घर लौट रहा था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## घर से निकला गलगोटिया विवि का छात्र लापता

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के गलगोटिया यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाला एक छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। वह बिसरख थाना क्षेत्र के फ्यूजन होम सोसाइटी में रहता था। 3 नवंबर को वहीं से गलगोटिया यूनिवर्सिटी के लिए निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने बिसरख थाने में तहरीर दी है। छात्र छसम जोशी मूल रूप से उत्तराखंड का रहने वाला है। चाचा ने बताया कि वह केवल अभी 18 वर्ष का है।

# ग्रेटर नोएडा की अंजलि को प्रधानमंत्री ने किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

राष्ट्रीय निबंध प्रतियोगिता में तीसरा स्थान पाकर ग्रेटर नोएडा की अंजलि ने ग्रेटर नोएडा का नाम रोशन कर दिया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा भ्रष्टाचार मुक्त भारत विकसित भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता में ग्रेटर नोएडा की अंजलि सिन्हा ने इस प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया है।

सीबीएसई ने 3 से 11 अक्टूबर तक पूरे देश में हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता भ्रष्टाचार मुक्त भारत विकसित भारत का आयोजन किया था। इस आयोजन में 7 लाख 65 हजार छात्र सम्मिलित हुए थे। ग्रेटर नोएडा में सेक्टर 36 में रहने वाली अंजली निबंध प्रतियोगिता में जीती हुई ट्रॉफी और सर्टिफि केट के साथ काफी खुश नजर आई। उर्सलाइन कान्वेंट स्कूल की दसवीं की छात्रा अंजली सिन्हा ने बताया कि सीबीएसई बोर्ड ने देश के सभी स्कूलों में 3 से 10 अक्टूबर तक राष्ट्रीय स्तर की निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया था। हिंदी में आयोजित इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय भ्रष्टाचार मुक्त भारत विकसित भारत था।



# श्मशान घाट एफओबी के निर्माण पर सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

शहर में लगे फुट ओवर ब्रिज को लेकर पहले से ही नगर निगम कटघरे में खड़ा है। अब एक और नया मामला सामने आया है, जिसमें पता चला है कि शमशान घाट के पास जीटी रोड पर एक और एफ ओबी बनाकर खड़ा कर दिया गया। इस एफ ओबी को यहां क्यों बनाया गया और इसकी इजाजत कंपनी किससे ली है, इसकी कोई खबर नहीं है।

इस मामले में नगर निगम के अधिकारी भी चुप्पी साधे हुए है, इससे भी सवाल खड़ा हो रहा है। दरअसल शहर में जितने भी एफ ओबी बनाए गए हैं उनका कोई उपयोग नहीं हो रहा है और उन पर चढने् के लिए कहीं भी लिफ्ट नहीं लगाई है। ऐसे में कंपनियों को नगर निगम कंप्लीशन जारी नहीं कर रहा है। तीस वर्ष की बीओटी बेस पर इन एफओबी को लगाया है। फिर से एफ ओबी पर सवाल खड़े हो गए है।

जब आशा शर्मा मेयर बनी थीं तब उन्होंने भी इस प्रकरण को लेकर सभी एफ ओबी की पत्रावली तलब की थी, लेकिन इसे लेकर क्या हुआ इसकी जानकारी नहीं है। मेयर आशा शर्मा की मशक्कत के कारण किसी भी एफओबी पर कोई लिफ्ट नहीं लगी। अब सभी एफओबी से कंपनी कमाई तो कर रही हैं, मगर लोगों को कोई फायदा नहीं हो रहा है।

## कमिश्नर ऑफिस में जीडीए बोर्ड की 14 नवंबर को बैठक

**गाजियाबाद।** जीडीए बोर्ड की बैठक इस बार भी मेरठ मंडलायुक्त ऑफिस में आयोजित की जाएगी। बोर्ड की यह बैठक 14 नवंबर को तय की गई है। इस संबंध में जीडीए सचिव बृजेश कुमार की ओर से सभी जीडीए बोर्ड सदस्यों को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी गई है। लंबे समय के बाद बोर्ड की बैठक होने जा रही है।

ऐसे में माना जा रहा है कि इस बोर्ड की बैठक में बड़ी संख्या में प्रस्ताव पेश किए जाएंगे। लंबे समय से जीडीए बोर्ड की बैठक नहीं हुई है। एक तरह से यह भी कहा जा सकता है कि जब से जीडीए के वीसी का चार्ज डीएम आरके सिंह को मिला है तब से जीडीए बोर्ड की बैठक नहीं हुई है। जीडीए के अधिकारियों का कहना है कि बोर्ड की बैठक इसलिए भी अब बुलाई जा रही है कि नगर निगम चुनाव को लेकर जल्दी ही अचार संहिता लागू हो सकती है। बोर्ड की बैठक के लिए जीडीए इस बार खास तरह की तैयारी कर रहा है। हालांकि, जीडीए की ओर से अभी बोर्ड की बैठक के लिए कोई एजेंडा जारी नहीं किया गया है। लेकिन माना जा रहा है कि बैठक में इस बार तीन दर्जन से भी अधिक प्रस्ताव पेश किए जा सकते है। बैठक में जीडीए बोर्ड की कोई फैसला ले सकता है। जीडीए बोर्ड के लिए एजेंडा तैयार किया जा रहा है। इसके लिए जीडीए के इंजीनियरिंग, नियोजन, प्रॉपर्टी, म्यूटेशन आदि विभागों से प्रस्ताव देने के लिए कहा गया है।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, **Dyutimoy Mukherjee S/o Sh. Dipak Kumar Mukherjee R/o Flat No. 1001, B2B, Golf Link Residency, Sector-18B, Dwarka, New Delhi-110078 Allottee Of DDA LIG Flat No.46, On First Floor, Pocket-06, Block-C-4, Sector-35, Situated At Rohini, Delhi,** has applied for execution of conveyance deed in DDA. The original documents i.e. Site Possession Slip, Possession Letter and NOC for Water & Electricity connection of the above flat have been lost. An FIR to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch in vide **LR. No. 949303/2022, dated 04/11/2022, SO NO. 430 / 2014 Delhi Police.** Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No.9910079624 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to **Dy. Director (LAB) H or Director (H)-1, D Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.**

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that **My Client, Purshotam Dass Aggarwal S/o Sh. Kewal Ram Aggarwal R/o D-404, Vinoba Kunj, Sector-9, Rohini, New Delhi-110085, Purchaser/owner of Society Flat No.D-404, The Vinoba CGHS Ltd., Plot No.9, Sector-9, Rohini, Delhi-110085 Vide Membership No.136. The Original Documents I.e. Share Certificate, Allotment Letter, Possession Letter & Other Relevant Documents (in The Name Of Original Allottee I.e. Smt. Girish Tayal W/o Sh. Gyan Tayal),** of the above said flat has been lost. An F.I.R./NCR/LR NO. 948650 / 2022 dated 04/11/2022 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write / contact with above named person at above Address/Phone No.9313082958 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or **write to Hon'ble President or Secretary, The Vinoba CGHS Ltd., Plot No.9, Sector-9, Rohini, Delhi-110085.**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Kamlesh is the owner of Built up Third floor, with roof rights, RHS part of Property bearing No. 28 and 29, area measuring 201 Sq., Yds., out of Khasra No. 36/25, Situated in the colony known as Rajindra Park, in the area of Village Nangloi, Delhi, vide a Notarized GPA, Will and ATS dated 06.11.1985. All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

प्रपत्र "ए"

**सार्वजनिक घोषणा**

[भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 6 के अधीन]

**पीजी एडवरटाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों के ध्यानार्थ**

संबंधित विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट देनदार का नाम | पीजी एडवरटाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में प्रभातम एडवरटाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड के नाम से प्रसिद्ध) |
| 2. | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 08–04–2005 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, एनसीटी ऑफ दिल्ली |
| 4. | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U74999DL2005PTC134902 |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | दुकान आईएन 1 सी–125 जी/एफ लाजपत नगर डिफेंस –सी लाइओवर नई दिल्ली – 110024 (तथापि, आईआरपी को कार्यालय सी–125, द्वितीय तल, लाजपत नगर डिफेंस –सी लाइओवर, नई दिल्ली – 110024 में प्रचालनशील मिला) 38, रानी झासी रोड, झंडेवालान, नई दिल्ली–110055 |
| 6. | कार्पोरेट देनदार के संबंध में ऋण शोध अक्षमता आरंभन तिथि | 18–10–2022 (माननीय न्यायनिर्णयन प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा कम्पनी याचिका सं. आईबी–996(एनडी)/2020 में 18–10–2022 को पारित आदेश दिनांक 04–11–2022 को प्राप्त हुआ) |
| 7. | ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया के समापन की पूर्वानुमानित तिथि | 15–04–2023 |
| 8. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नम्बर | विनय कुमार सिंघल IBBI/IPA-002/IP-N-00624/2018-2019/11880 |
| 9. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का पता और ई–मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है। | 411, एस्सेल हाउस, आसफ अली रोड, निकट तुर्कमान गेट, नई दिल्ली–110002 ई–मेल : vinaysinghal.ip@gmail.com |
| 10. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल का, पत्राचार हेतु प्रयुक्त, पता और ई–मेल | 411, एस्सेल हाउस, आसफ अली रोड, निकट तुर्कमान गेट, नई दिल्ली–110002 ई–मेल : pg1.resolve@gmail.com |
| 11. | दावा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 17–11–2022 (आदेश की प्राप्ति की तिथि अर्थात 04–11–2022 से परिकलित 14 दिन) |
| 12. | अंतरिम समाधान प्रोफेशनल द्वारा धारा 21 की उप–धारा (6क) के क्लॉज (ख) के तहत अभिनिश्चित लेनदारों की श्रेणियां, यदि कोई | लागू नहीं |
| 13. | किसी श्रेणी में लेनदारों के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु चिह्नित ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी के लिए तीन नाम) | लागू नहीं |
| 14. | (क) संबंधित प्रपत्र और (ख) अधिकृत प्रतिनिधियों का विवरण पर उपलब्ध है | क) https://ibbi.gov.in/home/downloads ख) लागू नहीं |

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, पीठ–।।, नई दिल्ली ने दिनांक 18–10–2022 को पीजी एडवरटाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड के विरुद्ध कार्पोरेट ऋण शोध अक्षमता प्रक्रिया आरंभ करने का आदेश दिया है।
पीजी एडवरटाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड के लेनदारों से एतद्द्वारा अपने दावे उनके प्रमाण सहित 17–11–2022 को अथवा पूर्व अंतरिम समाधान प्रोफेशनल के समक्ष ऊपर आइटम 10 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्तुत करने की मांग की जाती है।
वित्तीय लेनदारों को अपने दावों का प्रमाण केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावों का प्रमाण दस्ती (व्यक्तिगत रूप से), डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।
किसी श्रेणी के साथ संबंधित वित्तीय लेनदार, जैसाकि प्रविष्टि सं. 12 के समक्ष सूचीबद्ध है, संबंधित श्रेणी (श्रेणी विनिर्दिष्ट करें) के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए प्रविष्टि सं. 13 के समक्ष सूचीबद्ध तीन ऋण शोध अक्षमता प्रोफेशनल्स में से अपनी पसंद का अधिकृत प्रतिनिधि प्रपत्र सीए में निर्दशित करेगा।
**दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दंडनीय होगी।**

तिथि : 06–11–2022
स्थान : नई दिल्ली

विनय कुमार सिंघल
पंजी. सं. : IBBI/IPA-002/IP-N-00624/2018-2019/11880
वास्ते पीजी एडवरटाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड (सीआईआरपी में)

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank — **शाखा कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पारूल सेठी, अंजू सेठी, एच नंबर पी3/69, डीएलए फेज–।।, जकरांडा मार्ग, गुरूग्राम, हरियाणा खाता नंबर :– LBYGR00004957994 | प्लॉट नंबर 7–बी, नया मकान नंबर 395, म्युनिसिपल स्थायी सम्पत्ति आईडी नंबर 111सी192यू48, कल्याण नगर, जगाधरी, यमुनानगर, हरियाणा | 08–10–2022 रू. 27,28,151/– | 03–06–2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 05 नवम्बर, 2022
स्थान : गुरूग्राम
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड** — **कब्जा सूचना**

Mahindra

कार्पोरेट कार्यालय :– महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, साधना हाउस, द्वितीय तल, 570, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई–400 018, भारत, फोन : +91 22 66523500, फैक्स : +91 22 24972741

आंचलिक कार्यालय : द्वितीय तल, अशोक राज टावर, प्लॉट नंबर सीपी–162, सेक्टर डी–1, एलडीए कालोनी, निकट पावर हाउस चौराहा, आशियाना, पिन–226012, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, शाखा कार्यालय : तृतीय तल, 139–141, मंगल पांडे नगर, सीसीएस यूनिवर्सिटी के सामने, मेरठ, उत्तर प्रदेश–250002

(अचल सम्पत्ति के लिए) (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(1) के अधीन)

**जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (इसमें आगे "एमआरएचएफएल" कही गई है), जिसका पंजीकृत कार्यालय लखनऊ में और शाखा कार्यालय मेरठ में स्थित है, के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन आप कर्जदारों (नाम और पता नीचे वर्णित) को मांग सूचना जारी की थी, जिसमें उक्त सूचना में वर्णित बकाया राशि, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी। उपरिवर्णित कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा उपरिवर्णित कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित संपत्ति का कब्जा इस 7 तारीख को ले लिया है। विशेष रूप से उपरिवर्णित कर्जदारों को तथा सर्वसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार मैसर्स महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड की बकाया राशि तथा उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) | मांग सूचना तिथि एवं राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (एलसी नंबर : 7688696 मेडडम00631255 मेरठ शाखा) मोहम्मद इकराम (कर्जदार) ऐजाज़ परवीन (सह–कर्जदार) | एच नंबर 212, खसरा नंबर 2626 मिन, मोहल्ला खुशाल नगर, मेरठ सिटी पिन–250001, पूरब : 15 फीट चौड़ी रोड, पश्चिम : अन्य का मकान, उत्तर : अन्य का प्लॉट, दक्षिण : निज़ाम का प्लॉट | 13–08–2021 रू. 15,94,161/– | 03–11–2022 भौतिक कब्जा |

स्थान : मेरठ तिथि : 06–11–2022 हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी महिन्द्रा रूरल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

ICICI Bank — **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–ई–नीलामी**

[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई–नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतदद्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहां है', जैसी है जो भी है। तथा 'जो भी है वहां है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी।

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह–कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्री देवेंद्र सिंह (कर्जदार) श्रीमती डिंपल कुशवाह (सह–कर्जदार) ऋण खाता संख्या QZGRN00005009725 | हाउस नंबर 1447–सी/13, पहली मंजिल रियर एलएचएस, खसरा नंबर 600/93, गली नंबर 13, गोविंदपुरी, कालकाजी, नई दिल्ली क्षेत्र का परिमाप 360 वर्गफीट | रु. 12,44, 271/- (अक्टूबर 28, 2022 तक) | रु. 11,70, 000/- / रु. 1,17, 000/- | नवम्बर 11, 2022 को दो. 12:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक | नवम्बर 28, 2022 को दो. 12:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई–नीलामी संस्था मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **नवम्बर 25, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी ई संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005** में दिनांक– **नवम्बर 25, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक **नवम्बर 25, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली– 110005** में निविदा प्रलेखों की हस्तांक्षरित प्रति को दिनांक **नवम्बर 25, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **इंदौर** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, ई–नीलामी के नियम एवं शर्तो तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8126013708/7304914763**. पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओगीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड** इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है।

बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तो हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : नवम्बर 05, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सिसोदिया का दावा, पीए को ईडी ने किया गिरफ्तार

## छापे में कुछ नहीं मिलने पर देवेंद्र शर्मा को पकड़ा, भाजपा चुनावों के संभावित परिणामों से डरी : उपमुख्यमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के निजी सहायक (पीए) से रद्द आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन की जांच के सिलसिले में शनिवार को पूछताछ की। ईडी ने इस मामले के सिलसिले में दिल्ली-एनसीआर में पांच स्थानों पर छापेमारी भी की। इस बीच उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को दावा किया कि घर पर छापेमारी में कुछ भी नहीं मिलने पर ईडी ने उनके पीए को गिरफ्तार कर लिया है। सिसोदिया ने आरोप लगाया कि इस घटनाक्रम के पीछे भाजपा का हाथ है।

अधिकारियों ने कहा कि ईडी देवेंद्र शर्मा से पूछताछ कर रही है और धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनका बयान



नई दिल्ली में प्रेस वार्ता में पत्रकारों से बात करते आप विधायक दिलीप पांडे।

दर्ज किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि शर्मा के परिसर पर तलाशी अभियान चलाने के बाद उन्हें पूछताछ के लिए मध्य दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय लाया गया। वहीं, सिसोदिया ने दावा किया कि उनके पीए को गिरफ्तार कर लिया गया है।

सिसोदिया ने ट्वीट कर कहा, इन्होंने झूठी प्राथमिकी कर मेरे घर छापेमारी करवाई, बैंक लॉकर तलाश लिए, मेरे गांव में जांच कर ली लेकिन मेरे खिलाफ कहीं कुछ नहीं मिला। आज इन्होंने मेरे पीए के घर पर ईडी की छापेमारी कराई, वहां भी कुछ नहीं मिला तो अब उसको गिरफ्तार करके ले गए। उन्होंने कहा, भाजपा नेता चुनाव में हार का इतना डर। ईडी इस मामले में अभी तक कई बार छापेमारी कर चुकी है। सितंबर में इसने इंडोसप्रिंट नाम की शराब निर्माता कंपनी के प्रबंध निदेशक समीर महेंद्रू को गिरफ्तार किया था। धनशोधन का मामला सीबीआई की एक प्राथमिकी के आधार पर दर्ज किया गया है, जिसमें सिसोदिया को आरोपी बनाया गया है। सीबीआई ने मामला दर्ज करने के बाद उपमुख्यमंत्री और दिल्ली सरकार के कुछ नौकरशाहों के परिसरों पर छापेमारी की थी।

### समझौता नहीं किया तो भाजपा ने फंसाया : आप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- सीएम केजरीवाल और सिसोदिया को गुजरात में चुनाव प्रचार से रोकने की पूरी साजिश : पांडे

एमसीडी चुनाव की तारीख का ऐलान होने के साथ भाजपा और आम आदमी पार्टी में आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। ताजा मामले में प्रर्वतन निदेशालय के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के पीए की गिरफ्तारी को गुजरात और दिल्ली नगर निगम चुनाव से जोड़कर आम आदमी पार्टी ने भाजपा निशाना साधा है।

आप विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि सिसोदिया ने भाजपा के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया तो पीए के खिलाफ फर्जी रेड करवाई है। भाजपा की कोशिश है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को गुजरात में चुनाव प्रचार से रोका जाए। पहले इन्होंने मनीष सिसोदिया को ऑफर दिया की भाजपा में शामिल हो जाए तो उनको दिल्ली का मुख्यमंत्री बना देंगे।

दिलीप पांडे ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि भाजपा गुजरात में हार रही है इसलिए अगले कुछ दिनों में सिसोदिया को गिरफ्तार करेंगे। गुजरात चुनाव में भारतीय जनता पार्टी जैसे-जैसे हार की तरफ बढ़ रही है, वैसे-वैसे उनकी बौखलाहट बढ़ती जा रही है।

# हर पांच में से चार परिवार प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- कुल 19,000 प्रतिभागी शामिल हुए, जिनमें से 18 फीसदी बीमारियों को लेकर डॉक्टर से संपर्क कर चुके हैं : सर्वेक्षण



दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में हर पांच में से चार परिवारों ने पिछले कुछ हफ्तों में प्रदूषण से संबंधित बीमारियों का सामना करने का दावा किया है। एक नए सर्वेक्षण से यह बात सामने आई है।

लोकल सर्किल के इस सर्वेक्षण में कुल 19,000 प्रतिभागी शामिल हुए, जिनमें से 18 फीसदी इन बीमारियों को लेकर डॉक्टर से संपर्क तक कर चुके हैं। सर्वेक्षण से यह भी पता चला है कि इसमें शामिल 80 फीसदी परिवारों के कम से कम एक सदस्य को वायु प्रदूषण के कारण श्वास संबंधी किसी न किसी समस्या से जूझना पड़ रहा है।

सर्वे में दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद के निवासियों से वायु प्रदूषण पर प्रतिक्रिया मांगी गई थी। इसमें 63 प्रतिशत प्रतिभागी पुरुष थे। इसमें कहा गया है, दिल्ली-एनसीआर के हर पांच में से चार परिवारों में किसी न किसी को प्रदूषण संबंधी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें से 18 प्रतिशत पहले ही डॉक्टर या अस्पताल का रुख कर चुके हैं। बीमारी की प्रकृति से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए 80 प्रतिशत परिवारों ने कहा कि उनके सदस्य प्रदूषण के कारण कई समस्याओं का सामना कर रहे हैं , जबकि सात फीसदी ने प्रदूषण के कारण कोई भी समस्या होने से पूरी तरह से इनकार किया।

13 प्रतिशत परिवार वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों से अछूते मिले, क्योंकि वे इस समय दिल्ली-एनसीआर में नहीं रह रहे हैं। बहरहाल, वायु प्रदूषण के दुष्प्रभावों से बचने के लिए कुछ लोग अस्थाई रूप से चले गए हैं।

# सुकेश चंद्रशेखर के आरोपों का जवाब दें केजरीवाल : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- मंत्री कैलाश गहलोत के फार्म हाउस में सत्येंद्र जैन ने लिए थे 50 करोड़ रुपये : बिधूड़ी

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ठगी के आरोप में तिहाड़ जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर के आरोपों का सीधा जवाब दें।

सुकेश चंद्रशेखर ने कहा है कि केजरीवाल ने उससे वर्ष 2016 में हयात होटल में मुलाकात की थी। उसने केजरीवाल से फोन पर बात होने का भी हवाला दिया है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के फार्म हाउस में 50 करोड़ रुपए सत्येंद्र जैन को देने की बात भी कही है। बिधूड़ी ने कहा है कि इन सारे आरोपों की जांच की जरूरत है क्योंकि चंद्रशेखर का कहना है कि उसके पास पुख्ता सबूत हैं।

बिधूड़ी के अनुसार चंद्रशेखर ने बयान में केजरीवाल से जो सवाल पूछे हैं, उनका जवाब सार्वजनिक रूप से चाहिए। केजरीवाल और आप नेता आरोपों का सीधा जवाब देने की बजाय उसे महाठग कहकर मामले को टाल रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार



स्कूल ऑफ मेडिकल एंड ऐलायड साइंस, के आर मंगलम विश्वविधायलय ने गत दिनों फार्टिस अस्पताल गुरुग्राम में प्रोफेसर पूर्णिमा त्रिपाठी ने स्वस्थ कक्ष का उद्घाटन किया। इस कक्ष से बच्चों व अध्यापको को स्वास्थ्य सम्बंधित सुविधाएं उपलब्ध करवायी जाएंगी। कक्ष में स्वास्थ्य से जुड़े उपकरण उपलब्ध हैं। इस मौके पर प्रो वीसी डॉक्टर हेमा चौधरी, सुनील कुमार, राजेश मिगलनी, सुधीर गोपालिया, पारस दत्त, डॉक्टर राहुल मेडिकल सुपरिंटेंडेंट मौजूद थे।

### केजरीवाल के शिक्षा मॉडल की पोल खुली : नेता विपक्ष

**नई दिल्ली।** रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शिक्षा के नेशनल परफार्मिंग ग्रेडिंग इंडेक्स में दिल्ली के पिछड़ने पर केजरीवाल सरकार को आड़े हाथों लिया है। इस ग्रेडिंग में दिल्ली आठवें स्थान पर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि देश दुनिया में केजरीवाल मॉडल का ढोल पीटने वाली आम आदमी पार्टी सरकार की फिर से पोल खुल गई है। शिक्षा के क्षेत्र में किए गए सुधार सिर्फ प्रचार में ही दिखाई देते हैं, जमीनी स्तर पर दिल्ली शिक्षा में पिछड़ रही है। भाजपा पहले से ही यह कहती आ रही है कि दिल्ली में शिक्षा का मॉडल सिर्फ विज्ञापनों में ही दिखाई देता है।

### बायो डीकंपोजर घोल पर भाजपा ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** बायो डीकंपोजर घोल को लेकर भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। भाजपा नेता हरीश खुराना ने केजरीवाल सरकार से सवाल पूछा कि अगर दिल्ली में बायो डिकम्पोजर घोल इतने ही असरदार साबित हुए तो उसे पंजाब में क्यों नहीं लागू किया जा रहा है क्योंकि पंजाब में 34 फीसदी पराली जलाने के मामलों में वृद्धि हुई है तो वहीं हरियाणा में 30 फीसदी की कमी भी दर्ज की गई है। इससे स्पष्ट है कि यह बायो डीकम्पोजर घोल वितरण सफल नहीं हो पाया है क्योंकि अगर यह सफल हुई है तो पंजाब में क्यों नहीं लागू हुई और अगर सफल नहीं हुई तो फिर इसके पीछे 23.27 करोड़ रुपये बर्बाद करने की क्या आवश्यकता थी।

### ग्रीन वॉरियर्स कैंपेन में हिस्सा लें और पाएं इनाम

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वॉर्मिंग को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड अपने ग्रीन वॉरियर्स कैंपेन के जरिए बच्चे को ग्रीन वॉरियर बनाने का मौका दे रही है। इस मुहिम के जरिए कंपनी युवाओं को ग्लोबल वॉर्मिंग और पृथ्वी पर उसके प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जागरूक करने का लक्ष्य रखा है। यह देश के जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों के अनुरूप है। क्लास 3 से लेकर क्लास 10 तक के सभी स्कूली छात्र इस अभियान का हिस्सा बन सकते हैं।

# नाबालिग पत्नी की असहमति से संबंध बनाना दंडनीय अपराध हो

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- उपराज्यपाल सक्सेना ने गृह मंत्रालय को प्रस्ताव भेजकर की सिफारिश

नाबालिग पत्नी के साथ यौन संबंध बनाना दंडनीय अपराध माना जाएगा। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने गृह मंत्रालय को एक प्रस्ताव भेजा है जिसमें सिफारिश की गई है कि 15 से 18 वर्ष की आयु की पत्नी के साथ गैर-सहमति से यौन संबंध भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत बलात्कार और दंडनीय होगा।

सूत्रों ने बताया, उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने गृह मंत्रालय को आईपीसी की धारा 375 के अपवाद 2 को खत्म करने की सिफारिश करते हुए एक प्रस्ताव भेजा है। अपवाद 2 में यह प्रावधान किया गया है कि यदि 15 से 18 वर्ष के बीच की लड़की की शादी हो जाती है, तो उसका पति उसके साथ गैर-सहमति से यौन संबंध बना सकता है और आईपीसी के तहत उसे दंडित करने का प्रावधान नहीं है।

उन्होंने कहा, यदि सिफारिश को लागू किया जाता है और आईपीसी में संशोधन किया जाता है, तो 15 से 18 वर्ष के बीच की पत्नी के साथ गैर-सहमति से यौन संबंध बलात्कार की श्रेणी में आएगा और आईपीसी के तहत दंडनीय होगा। सूत्रों ने कहा, यह यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम (पोक्सो) के बीच की विसंगति को भी दूर करेगा, जो 18 वर्ष तक के किसी भी व्यक्ति के खिलाफ अपराधों और आईपीसी के प्रचलित प्रावधानों पर लागू होता है। गृह मंत्रालय के एक पत्र के जवाब में दिल्ली पुलिस और कानून विभाग द्वारा इस आशय का प्रस्ताव पेश किया गया था। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय में उस रिट याचिका के मद्देनजर इस विषय पर सरकार की राय मांगी थी।

### स्पा में महिला की मौत के मामले में पुलिस को समन

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग ने प्रीत विहार इलाके में एक स्पा में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस को समन जारी किया है।

मृतका ने 4 सितंबर को बतौर थेरेपिस्ट स्पा में नौकरी शुरू की थी। कथित तौर पर, नौकरी के पहले ही दिन स्पा में कुछ पीने के बाद उसे उल्टी होने लगी। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। उक्त स्पा को भी करीब 9 माह पूर्व दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने पर सील कर दिया गया था लेकिन फिर से खोल दिया गया था। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रीत विहार से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई थी।

# महाराजा अग्रेसन कॉलेज में मना विश्वविद्यालय शताब्दी समारोह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

महाराजा अग्रसेन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय का शताब्दी समारोह आयोजन के तहत तीन दिवसीय (3-5 नवंबर) सांस्कृतिक प्रतियोगिता और क्विज का आयोजन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के ज्वाइंट डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी ने 3 नवंबर को समारोह का शुभारंभ करते हुए कहा कि छात्र इस विश्वविद्यालय की गुणवत्ता और महत्ता के मुख्य कारण हैं। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन कॉलेज के गवर्निंग बॉडी के अध्यक्ष अतुल कुमार जैन, गवर्निंग बॉडी के कोषाध्यक्ष सौरभ मिश्रा तथा गवर्निंग बॉडी की सदस्या शबाना बानो ने भी कार्यक्रम में शिरकत किया। इस अवसर अतुल कुमार जैन ने दिल्ली विश्वविद्यालय की 100 वर्षों की उपलब्धि का उल्लेख किया ।

इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजीव कुमार तिवारी ने दिल्ली विश्वविद्यालय के विकास क्रम के बारे में जानकारी दी। समारोह मे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

# एलजी शक्तियों का कर रहे दुरुपयोग : दुर्गेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के नेता दुर्गेश पाठक ने शनिवार को दिल्ली के उपराज्यपाल पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। पाठक ने उपराज्यपाल को राजनीति में आने और दिल्ली नगर निगम का चुनाव लड़ने की सलाह दी।

आप नेता ने कहा, चूंकि, एमसीडी में बदलाव हुआ है और अब 250 वार्ड हैं, ऐसे में हमारे पास भी एक प्रस्ताव है। हम चाहते हैं कि उपराज्यपाल एमसीडी चुनाव लड़ें। उपराज्यपाल राष्ट्रीय राजधानी में अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर रहे हैं। देखते हैं, लोग उनका समर्थन करते हैं, या नहीं। सक्सेना के इस साल मई में उपराज्यपाल बनने के बाद आप नीत दिल्ली सरकार और उनके बीच कई मुद्दों को लेकर तकरार चल रही है। सक्सेना ने चार अक्टूबर को बिजली सब्सिडी योजना में नियमितताओं की जांच का आदेश दिया था, जिससे आप नेताओं की मुश्किलें बढ़ गई थीं। उन्होंने दावा किया था कि एलजी का कदम गुजरात चुनावों से जुड़ा था और इसका उद्देश्य मुफ्त बिजली देने की पहल को रोकना था।

### संवैधानिक पद के प्रति आप नेताओं का सम्मान नहीं : भाजपा

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की यह दु:खद है की आम आदमी पार्टी के नेताओं को ना संविधान और ना संविधानिक पदों पर बैठे लोगों के प्रति कोई सम्मान नही है। इस पार्टी का शीर्ष नेतृत्व खुद अपने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संविधान विरोधी गतिविधियों का अपमान करने को प्रोत्साहित करता रहा है। प्रवीण शंकर कपूर ने एक बयान जारी कर कहा कि आप विधायक दुर्गेश पाठक ने उपराज्यपाल को निगम चुनाव लड़ने की चुनौती देकर यह स्थापित कर दिया की उन्हें उपराज्यपाल के संविधानिक पद के प्रति कोई सम्मान नही है।

### टॉयलेट सीट को लेकर पूर्व मकान मालिक को पीटा

**नई दिल्ली।** एक किराएदार ने महंगी टॉयलेट सीट को हटवाने से इनकार करने पर अपने पूर्व मकान मालिक की पिटाई कर दी। उक्त किराएदार ने यह टॉयलेट सीट संबंधित मकान मालिक की संपत्ति में रहने के दौरान लगवाई थी। घटना शुक्रवार दोपहर की है। पुलिस को तीन बजकर 38 मिनट पर 30 फुटा रोड स्थित चाणक्य प्लेस पर एक चर्च के पास एक मकान मालिक और उसके पूर्व किराएदार के बीच हाथापाई की सूचना मिली।

पुलिस के अनुसार हाथापाई में घायल वेद प्रकाश ने बताया कि उसने वर्ष 2021 में कार्यालय के लिए सुभाष मग्गो को किराए पर दी थी, जिसने लगभग एक महीने पहले खाली कर दिया था। परिसर के इस्तेमाल के दौरान मग्गो ने वहां एक महंगी टॉयलेट सीट लगवाई थी, जिसे वह संबंधित परिसर को खाली करने के बाद हटवाना चाहता था।

# 'जहां झुग्गी, वहीं मकान' योजना में दिलाएंगे झुग्गी वालों को फ्लैट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- दिल्ली भाजपा की टीम ने गोविंदपुरी में योजना के लाभार्थियों से की मुलाकात

एमसीडी चुनाव की तारीख का ऐलान होते हैं राजनीति गरमाने लगी है। राजनीति पार्टियां मतदाताओं पर डोरे डालने लगी हैं। इसी कड़ी में प्रदेश भाजपा के नेताओं का दल शनिवार को गोविंदपुरी इलाके में जहां झुग्गी वहां मकान योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि जैसे ही भाजपा निगम में दोबारा जीतकर आएगी इसके बाद सभी झुग्गी झोपड़ी वालों को इस तरह के जहाँ झुग्गी वहाँ मकान योजना में फ्लैट दिलवाएंगे।

आदेश गुप्ता ने कहा कि फ्लैट्स में महिलाओं के लिए हवादार रसोई है, बच्चों के लिए खेलने के लिए पार्क है, लिफ्ट भी लगी है, 24 घंटे बिजली की व्यवस्था है, पानी है, छोटा सा स्कूल भी बनेगा और चारों तरफ बांउड्री भी है, जिससे बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिलेगा। पिछले 45 सालों से कोई सरकार झुग्गीवालों को मकान नहीं दे पाई है, जोकि मोदी सरकार ने कर दिखाया है।

दक्षिणी दिल्ली के सांसद रमेश बिधूड़ी ने घर देखने आए लोगों से कहा कि देश में ये पहला ऐसा प्रोजेक्ट है, जोकि जहां झुग्गी थी, वहीं अपार्टमेंट में फ्लैट दिया गया है, ये विजन प्रधानमंत्री मोदी का था।

# निगम चुनाव : मेरी चमकती दिल्ली के नारे के साथ मैदान में उतरी कांग्रेस




राजधानी में प्रदूषण पर केजरीवाल सरकार के खिलाफ विरोध जताते कांग्रेसी नेता।

- निगम चुनाव प्रदूषित दिल्ली बनाम चमकती दिल्ली के पैमाने पर लड़ा जाएगा : चौधरी अनिल कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मेरी चमकती दिल्ली, कांग्रेस वाली दिल्ली बनाम प्रदूषित दिल्ली नारे के साथ कांग्रेस दिल्ली नगर निगम चुनाव मैदान में उतरेगी। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि जिस विकसित दिल्ली आम आदमी पार्टी और भाजपा ने बदहाल बना दिया है। वह उसे एक बार फिर संवारेंगे क्योंकि शीला दीक्षित सरकार के कार्यकाल में पार्टी ने इसको संवारा था। कांग्रेस बनाऐगी मेरी चमकती दिल्ली, मेरी कांग्रेस वाली दिल्ली। उन्होंने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी के नेताओं को निगम चुनाव में अपनी जमीन खिसकती दिखाई दे रही है, क्योंकि दिल्ली वाले भाजपा के 15 वर्षों और आम आदमी पार्टी 8 वर्षों के कुशासन से तंग आकर बदलाव करना चाहती है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आईटीओ रेड लाईट पर पॉलूशन आन-केजरीवाल गॉन अभियान के तहत प्रदूषण को नियंत्रित करने में फेल रही दिल्ली सरकार की नाकामियों की पोल खोली। अनिल ने रेड लाईट पर वाहन चालकों से बढ़ते प्रदूषण पर बातचीत की जिस पर लोगों ने सहमति जताते हुए कहा कि प्रदूषण रोकने के संबध में केजरीवाल सरकार को जो कदम उठाना चाहिए थे, उनमें पूरी विफल रहे। केजरीवाल सरकार ने पिछले 8 वर्षों में प्रदूषण रोकथाम के लिए बयानबाजी, नाकाम योजनाओं के अलावा कुछ नहीं किया।

भाजपा और आम आदमी पार्टी ने मिलकर दिल्ली को बर्बाद कर दिया है और आज प्रदूषण और हर बुरे मामले में नम्बर-1 बन गई है और केजरीवाल ने दिल्ली को विश्व में सबसे प्रदूषित राजधानी की पहचान दी है।

ICICI Bank

**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, वेस्ट विंग, डीएसएमजी, मैत्री सेंटर, होसूर मेन रोड, बोम्मनहल्ली, बेंगलूरू-560 068

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है ।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार(रों) एवं जमानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्रीमती रीना वर्मा (कर्जदार) श्री मुकुल वर्मा (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LBDEL00005243194/ LBDEL00005259497 | आइटम नंबर 1: सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड: सम्पत्ति खाली साइट नंबर 20, सर्वे नंबर 76/1, 77, 78/2, 79 एवं 80 का भाग, ग्राम काम्बीपुरा, केनगेरी होबली, बेंगलुरू साउथ तालुक, जो विशेष उपायुक्त, बेंगलुरू जिला द्वारा जारी परिवर्तन आदेश नंबर एएलएन(एस)एसआर(के)/48/2012-13 दिनांकित 10-01-2013 द्वारा कृषि प्रयोजन भूमि से विधिवत गैर-कृषि आवासीय प्रयोजन भूमि में परिवर्तित की गई है तथा लेआउट बेंगलुरू विकास प्राधिकरण (बीडीए) द्वारा बीडीए/ टीपीएम/पीआरएल-16/2013-14/6878/2013-14 दिनांकित 20-03-2014 के माध्यम से अनुमोदित किया गया है परिमाप, पूरब से पश्चिम: उत्तरी साइड: 47-00 फीट, दक्षिणी साइड: 51'-40'' फीट, उत्तर से दक्षिण: पूर्वी साइड 30-33'', पश्चिमी साइड: 30-00 फीट, कुल परिमाप: 1484 वर्ग फीट और चौहद्दी: पूरब: प्राइवेट सम्पत्ति, पश्चिम: रोड, उत्तर: साइट नंबर 19, दक्षिण: साइट नंबर 21<br>आइटम नंबर 2: सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड: सम्पत्ति खाली साइट नंबर 21, सर्वे नंबर 76/1, 77, 78/2, 79 एवं 80 का भाग, ग्राम काम्बीपुरा, केनगेरी होबली, बेंगलुरू साउथ तालुक, जो विशेष उपायुक्त, बेंगलुरू जिला द्वारा जारी परिवर्तन आदेश नंबर एएलएन(एस)एसआर(के)/48/2012-13 दिनांकित 10-01-2013 द्वारा कृषि प्रयोजन भूमि से विधिवत गैर-कृषि आवासीय प्रयोजन भूमि में परिवर्तित की गई है तथा लेआउट बेंगलुरू विकास प्राधिकरण (बीडीए) द्वारा बीडीए/ टीपीएम/पीआरएल-16/2013-14/6878/2013-14 दिनांकित20-03-2014 के माध्यम से अनुमोदित किया गया है परिमाप, पूरब से पश्चिम: उत्तरी साइड: 51'-40'' फीट, दक्षिणी साइड : 55'-80'' फीट, उत्तर से दक्षिण: पूर्वी साइड: 30'-33'', पश्चिमी साइड: 30-00 फीट, कुल परिमाप: 1617 वर्ग फीट और चौहद्दी: पूरब: प्राइवेट सम्पत्ति, पश्चिम: रोड, उत्तर : साइट नंबर 20, दक्षिण: प्राइवेट सम्पत्ति | रु. 1,26,41, 035.42/- (नवम्बर 05, 2022 तक) | रु. 80,00,000/- / रु. 8,00,000/- | नवम्बर 09, 2022 को सु. 11:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | नवम्बर 29, 2022 को सु. 11:00 बजे से दोप. 12:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी । बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **नवम्बर 28, 2022** को **शाम 04:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर संरक्षित संपत्तियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, वेस्ट विंग, डीएसएमजी, मैत्री सेंटर, होसूर मेन रोड, बोम्मनहल्ली, बेंगलूरू-560 068** में **नवम्बर 28, 2022** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज सहित **नवम्बर 28, 2022** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, वेस्ट विंग, डीएसएमजी, मैत्री सेंटर, होसूर मेन रोड, बोम्मनहल्ली, बेंगलूरू-560 068** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **नवम्बर 28, 2022** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं । बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **बेंगलूरू** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9844542086/ 8008999536/ 7304918084.** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स मेटेक्स नेट प्रा. लि., 2. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें ।

**तिथि :** नवम्बर 06, 2022
**स्थान :** दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# सीएम खट्टर ने श्रमिकों से रिबन कटवा कर बसई फ्लाईओवर का किया उद्घाटन

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम में 141 करोड़ रुपये की दो बड़ी परियोजनाएं की जनता को समर्पित**

**सीएम बोले, गुरुग्राम को विकसित शहर बनाने की यात्रा में एक अध्याय और जुड़ा**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को गुरुग्राम में लगभग 141 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुई दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इसमें बसई चौक पर नवनिर्मित फ्लाईओवर का तो उन्होंने दो श्रमिकों के हाथों से रिबन कटवाया। शहर के मुख्य बस अड्डे के पास महावीर चौक पर बनाया गया अंडरपास समर्पित किया।

इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 8 साल पहले गुरुग्राम को एक विकसित शहर बनाने की जो यात्रा शुरू हुई थी। उसमें आज एक नया अध्याय जुड़ गया है। समर्पित की गई परियोजनाओं से लोगों को ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी। इस मौके पर गांव बसई के मौजिज व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर गांव बसई व आस-पास के क्षेत्रवासियों की तरफसे सम्मानित किया। ग्रामीणों ने कार्यक्रम में उपस्थित गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला, बादशाहपुर के विधायक एवं हरियाणा कृषि उद्यम के चेयरमैन राकेश दौलताबाद तथा गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल को भी पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इन दो बड़ी


बसई फ्लाईओवर का श्रमिकों के हाथों उद्घाटन कराते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

परियोजनाओं के लोकार्पण से गुरुग्राम शहर विकास के मामले में दो कदम और आगे बढ़ गया है। उन्होंने पिछली सरकारों और वर्तमान भाजपा सरकार की कार्यशैली में अंतर के बारे में बोलते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व की सरकार के समय गुरुग्राम को एक कामधेनु गाय की तरह समझा जाता था, जिसका सिर्फ दोहन किया गया। उस समय इस शहर की देखभाल के लिए योजनाएं नहीं बनाई गई। बनी भी होंगी तो लागू नहीं की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों के समय पुराने गुरुग्राम शहर और नए गुरुग्राम में जो अंतर था, वर्तमान सरकार ने उस अंतर को पाटने का काम किया है। पुराने शहर के लिए भी योजनाएं बनाई और लागू की हैं। उन्होंने रोड इंफ्रास्ट्रक्चर और मेट्रो विस्तार की परियाजनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब केंद्र सरकार ने स्मार्ट सिटी योजना लागू की तो उसमें गुरुग्राम को शामिल नहीं किया गया, क्योंकि हम गुरुग्राम को स्मार्ट नहीं स्मार्टेस्ट सिटी बनाएंगे।

मुख्यमंत्री ने जीएमडीए के माध्यम से लागू की जा रही मुख्य परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरुग्राम में 650 बेड क्षमता का मल्टी स्पेशलिटी शीतला माता मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल का निर्माण सेक्टर-102 में लगभग 542 करोड़ रुपये की लागत से प्रगति पर है। फरीदाबाद रोड से लेकर दिल्ली-जयपुर हाईवे तक सदर्न पेरिफेरियल रोड (एसपीआर) को सुदृढ़ किया जा रहा है। पुरानी दिल्ली रोड पर अतुल कटारिया चौक पर फ्लाईओवर तथा अंडरपास का निर्माण अंतिम चरण में है। रामपुरा चौक से पटौदी रोड तक के मार्ग को अपग्रेड किया जा रहा है।

# एमआरएफ व प्रसंस्करण ईकाई लगाने को वे स्वयं देखेंगे जमीन : सीएम खट्टर

**बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद ने सुझाई है जमीन**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गांव** बसई के पास अस्थाई रूप से 5 एकड़ भूमि पर मैटीरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ ) व प्रसंस्करण ईकाई लगाए जाने के मामले में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था विशुद्ध रूप से अस्थाई है। यहां कचरा डालने के साथ ही उसकी प्रोसेसिंग व सफाई भी साथ-साथ होगी।

इस पर भी कुछ ग्रामीणों द्वारा ऐतराज उठाए जाने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उन पर भी 10 एकड़ जमीन खोजने का दायित्व डाल दिया। सीएम ने कहा कि गांव वाले जमीन दिला दें, हम वहीं पर इस एमआरएफ व प्रबंधन ईकाई को ले जाएंगे। उसी समय बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद ने मुख्यमंत्री को किसी


गुरुग्राम में दो विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

अन्य जमीन का सुझाव दिया, जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक ने जो जमीन सुझायी है, उसका सर्वे करके एमआरएफ व प्रोसेसिंग ईकाई को वहां शिफ्ट कर देंगे। उन्होंने कहा कि उस स्थल को अगले सप्ताह या 10 दिन में वे स्वयं देखेंगे।

**आज तक मुख्यमंत्री ने जो कहा वो किया : सुधीर सिंगला :** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि गुरुग्राम के विकास को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का स्पष्ट दृष्टिकोण है। उन्होंने गुरुग्राम के विकास को लेकर जो भी कहा है, वो आज तक पूरा किया है। मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे अनगिनत काम करवाएं हैं, जो पिछली सरकारों में कभी नहीं हुए। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में गुरुग्राम में सड़कों, फ्लाईओवर व अंडरपास का ऐसा जाल बिछाया गया है कि आज गुरुग्राम में जाम जैसी कोई स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष के पास सरकार का विरोध करने का कोई मुद्दा नहीं है।

**समस्याओं का निवारण करने का जीएमडीए ने दिया भरोसा :** जीएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने कहा कि गुरुग्राम की पेयजल आपूर्ति, सीवरेज तथा बरसाती पानी के ड्रेनेज संबंधी समस्याओं का जीएमडीए चरणबद्ध तरीके से निवारण करेगा।

# चिंटल पैराडिसो के डी-टावर में पाई गई ढांचागत कमियां


सेक्टर-109 स्थित चिंटल पैराडिसो के डी-टावर के फ्लैट में गिरा लेंटर। फाइल फोटो।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आईआईटी दिल्ली की टीम ने की है जांच**

**कमियों को मरम्मत करना भी है मुश्किल**

**चिंटल** पैराडिसो के टावर-डी में हुए हादसे की आईआईटी दिल्ली की टीम ने अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंप दी है। टीम ने इस टावर के निर्माण में ढांचागत कमियां पाई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिसकी मरम्मत तकनीकी और आर्थिक आधार पर संभव नहीं है। इसलिए इस टावर को पूर्ण रूप से बंद करके गिराया जाए। इसके अलावा जिला में अलग-अलग 16 सोसायटियों से स्ट्रक्चरल सेफ्टी संबंधी शिकायतों की रिपोर्ट भी 15 नवंबर तक आ जाएगी। जिसके बाद ही उनके बारे में निर्णय लिया जाएगा।

गुरुग्राम के उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने शनिवार को पत्रकार वार्ता करके बताया कि सेक्टर-109 स्थित चिंटल पैराडिसो सोसायटी के टावर-डी में 10 फरवरी 2022 को हुए हादसे में दो व्यक्तियों की जान चली गई थी। उसके बाद आईआईटी दिल्ली की टीम को इस टावर की स्ट्रक्चरल सेफ्टी की जांच सौंपी गई थी। इसके अलावा अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई थी। आईआईटी दिल्ली की जांच रिपोर्ट आ चुकी है। जिसमें पाया गया है कि चिंटल पैराडिसों के डी-टावर में स्ट्रक्चरल कमियां थी। बिल्डिंग के निर्माण में निम्न स्तर के कॉंक्रीट का इस्तेमाल किया गया, जिसकी तकनीकी और आर्थिक आधार पर मरम्मत की जानी संभव नहीं है। कमेटी ने पाया कि बिल्डिंग में स्टील वर्क तथा रिइंफोर्समेंट वर्क में जंग को छिपाने के लिए पेंट किया गया था। इसके अलावा पेंट की क्रियाविधि भी ठीक नहीं थी। इसके साथ ही बिल्डिंग के छठीं मंजिल पर एक फ्लैट में रेट्रोफिटिंग का कार्य भी बिना निगरानी और निर्धारित मानदंडों के अनुसार नहीं किया जा रहा था। इसके लिए चिंटल पैराडिसो कपंनी तथा मनीष स्विच गियर प्राइवेट लिमिटेड की जिम्मेदारी तय की गई है। आईआईटी दिल्ली की टीम ने यह भी सिफारिश की है कि डी-टावर को बंद करके इसे गिराने की प्रक्रिया शुरू की जाए। उपायुक्त ने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित प्रशासनिक कमेटी की विस्तृत रिपोर्ट भी सोमवार तक आने की आशा है। उसके बाद जिला प्रशासन इस मामले में अगली कार्यवाही करेगा।

**ऐसा कहना है चिंटल समूह का**

**चिंटल** पैराडिसो सोसायटी के डी-टावर में हुई घटना और जांच रिपोर्ट को लेकर चिंटल समूह का कहना है कि दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद से हम अधिकारियों और प्रभावित निवासियों के साथ हर संभव तरीके से सहयोग कर रहे हैं। आगे भी करते रहेंगे।

**अलॉटियों के सामने होंगे तीन विकल्प :** उपायुक्त ने कहा कि आईआईटी दिल्ली की जांच रिपोर्ट के आधार पर डेवेलपर को डी-टावर के अलॉटियों के साथ क्लेम सेटल करने के लिए आदेश दिए जाएंगे। इसमें अलॉटियों के सामने तीन विकल्प होंगे। बिल्डर अथवा डेवेलपर अपने स्तर पर डी-टावर के अलॉटियों के साथ तालमेल स्थापित करते हुए अपने स्तर पर निर्धारित समयावधि में क्लेम सेटल करेगा। इसकी जानकारी लिखित में जिला प्रशासन के पास देगा। एक अन्य विकल्प के तहत अलॉटियों की सुविधा के लिए दो स्वतंत्र आंकलनकर्ता अर्थात इंडिपेंडेंट इवेलयुएटर लगाए जाएंगे जो फ्लैट्स की मौजूदा कीमत आदि का आंकलन करेंगे और अपनी रिपोर्ट देंगे। इसके बाद डेवेलपर के लिए इवेलुएटर द्वारा तय की गई कीमत को स्वीकार करना अनिवार्य होगा और वह राशि अलॉटी को दी जाएगी। यदि इसके बावजूद भी अलॉटी असंतुष्ट है तो वह न्यायालय में जाकर राहत ले सकता है।

**गुरुग्राम जिला में 70 सोसायटी में ढांचागत शिकायतें मिलीं :** जिला में चिंटल पैराडिसो सोसायटी के अलावा 70 सोसायटी में ढांचागत शिकायतें पाई गई हैं। जिला में स्ट्रक्चरल ऑडिट संबंधी 70 अलग-2 सोसायटियों से शिकायतें जिला प्रशासन को मिलीं। जिनमें से प्रथम चरण में 16 सोसायटियों को स्ट्रक्चरल ऑडिट के लिए चुना गया। इन 16 सोसायटियों की रिपोर्ट 15 नवंबर तक आ जाएगी।

# गुरुग्राम में कश्मीरी पंडितों ने खेली कश्मीर क्रिकेट लीग

**6 राज्यों की 51 टीमें ले रही हैं केपीएल में हिस्सा**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कश्मीरी** समुदाय को एक मंच पर लाने एवं खेल के माध्यम से आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कश्मीरी पंडित समुदाय ने शनिवार को कश्मीर पीस लवर्स के बैनर तले राष्ट्रीय स्तर की कश्मीर प्रीमियर लीग का आयोजन किया। इसका शुभारंभ भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी जोगिंद्र शर्मा ने किया। उन्होंने शांति का प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाया।

कश्मीर के विस्थापित हिंदू समुदाय के बीच गुरुग्राम के वेस्टेरिया क्रिकेट ग्राउंड में कश्मीर प्रीमियर लीग का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अवसर पर जोगिंद्र शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं बॉलिंग कर किया। इस मौके पर श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने मुख्य संरक्षक के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। इस दौरान 51 टीमों के खिलाड़ियों ने परेड में भाग लिया। इस अवसर पर कश्मीर में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद किया गया। शांति के प्रतीक के रूप में सफेद कबूतरों को भी छोड़ा गया। उद्घाटन मैच



गुरुग्राम में कश्मीरी पंडितों की ओर से कश्मीर प्रीमियर लीग में शांति का प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते क्रिकेटर जोगिंद्र शर्मा।

वयंपोश व उत्सव क्रिकेट क्लब टीम के बीच हुआ। मैच का लुत्फ उठाने काफी संख्या में दर्शक स्टेडियम में मौजूद रहे। तीन दिनों तक चलने वाली इस केपीएल में इस बार दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और जम्मू कश्मीर राज्य की 51 टीमें प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। केपीएल में 4 केटेगरी के तहत (पुरुष 40 प्लस, पुरुष सामान्य, महिला एवं बच्चों के लिए अंडर-15) 110 मैच होंगे। फाइनल 6 नवंबर को खेला जाएगा।

# सनातन धर्म में तुलसी विवाह का अधिक महत्व

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शनिवार** को सेक्टर-52 स्थित आरडी सिटी गेट नंबर-3 के पास वैद्य गोपाल दास की ओर से तुलसी विवाह एवं एकादशी उद्यापन का आयोजन किया गया। इस दौरान हवन का भी आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।


गुरुग्राम में तुलसी-शालीग्राम विवाह में पूजन करते नवीन गोयल।

सभी क्षेत्रवासियों को तुलसी विवाह की शुभकामनाएं देते हुए नवीन गोयल ने कहा कि तुलसी विवाह का सनातन धर्म में बहुत अधिक महत्व है। यह हमारी धार्मिक आस्था और विश्वास का प्रतीक है। तुलसी जी का शालीग्राम के साथ विवाह हमारी पौराणिक परम्परा है। भगवान विष्णु के शालीग्राम रूप के साथ माता तुलसी का विवाह भी किया जाता है। तुलसी विवाह के माध्यम से हम सीधे भगवान का आह्वान करते हैं। श्री गोयल ने कहा कि हमारे हर घर में तुलसी जरूर विराजमान होनी चाहिए। जिस घर में तुलसी का वास होता है, उस घर में सुख-सुविधाओं में इजाफा होता है। तुलसी वाला घर स्वर्ग के समान मनाया गया है। नवीन गोयल ने माता तुलसी से प्रार्थना की कि हर घर में सुख, समृद्धि, शांति और आनंद का वास हो। सबका मंगल और कल्याण हो। उन्होंने कहा कि माता तुलसी को तप का बहुत अधिक ज्ञान था। इसलिए भगवान को भी उन्हें वरदान देना पड़ा। घर को स्वर्ग के समान बनाने के लिए हमें माता तुलसी को घर में विराजमान करना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### अपराध शाखा पांच पुलिस ने बदमाश को कट्टा समेत दबोचा

**सोहना।** अपराध शाखा सोहना पुलिस ने खेड़ला निवासी प्रवीण उर्फ टपली को देशी कट्टा समेत गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ सदर थाना सोहना में मामला दर्ज किया है। शुक्रवार की शाम को खेड़ला निवासी प्रवीण उर्फ टपली दमदमा जाने वाले मार्ग पर बनी पुलिया पर देशी कट्टे को लेकर बैठा हुआ था। आरोपी की सूचना गश्त कर रही अपराध शाखा सोहना पांच पुलिस के एएसआई हरपाल को मिली। हरपाल ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच प्रवीण को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से तलाशी के दौरान देशी कट्टा बरामद किया। कट्टा जांच करने पर बिना गोली के पाया गया। अपराध शाखा पांच प्रभारी एसआई सत्यप्रकाश ने बताया कि प्रवीण के खिलाफ बादशाहपुर, बिलासपुर, गुरुग्राम और सोहना सदर थाना क्षेत्र में की गई लूट, चोरी, हत्या के प्रयास सहित अन्य मामले दर्ज हैं। इसके अलावा प्रवीण अदालत द्वारा भगौड़ा भी घोषित किया हुआ है। शनिवार को अपराध शाखा पुलिस ने अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### खेड़ला में रंजिश के चलते किसान पर युवकों ने बरसाए डंडे

**सोहना।** सोहना के गांव खेड़ला में खेत पर बना मकान में सौ रहा किसान पर युवकों ने पुरानी रंजिश में डंडे बरसाते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल किसान की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की बात कह रही है। खेड़ला निवासी किसान संतराम ने सदर थाना पुलिस सोहना को बताया कि शुक्रवार को वह रोजाना की तरह से खेत पर बना टीन शेड के नीचे सो रहा था। दोपहर करीब सवा 12 बजे अचानक से उसके ऊपर डंडों से हमला हो गया। जैसे ही नींद से उसकी आंखें खुली तो उसने देखा 3-4 नौजवान युवक उसको पीट रहे हैं। जैसे-तैसे वह शोर मचाते हुए आरोपियों से बचकर खड़ा हुआ। पीड़ित किसान ने बताया कि एक युवक की पहचान गांव के ही निवासी अशोक के रूप में उसने कर ली है। अशोक के परिवर वालों से उसका कई वर्षों से जमीनी विवाद चल रहा है। संतराम राम ने बताया कि इसी रंजिश में हमला किया गया है। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयसिंह ने बताया कि एक नामजद समेत चार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपियों की पकड़ की जाएगी। ताकि आरोपियों को जल्द से जल्द सजा मिल सके।

### मंडी में धान की सरकारी खरीद न होने से किसान परेशान

**सोहना।** स्थानीय अनाज मंडी में धान की सरकारी बोली चालू न होने के कारण क्षेत्र का किसान अपनी फसल को औने-पौने भाव में बेचने के लिए मजबूर है। किसान के धान को निजी एजेंसी मालिक मनमर्जी और किसान निजी एजेंसी मालिकों पर चेहरा देखकर धान के भाव लगाने का आरोप लगा रहे हैं। क्षेत्र का किसान पिछले 25 वर्ष से स्थानीय अनाज मंडी में धान की सरकारी खरीद शुरू किए जाने की मांग करते आ रहे हैं। लेकिन इस मामले में प्रदेश की बीते 25 वर्षों में रही इनेलो से लेकर काग्रेस और भाजपा की सरकारों ने स्थानीय मंडी में धान की सरकारी खरीद की शुरुआत नहीं की है। जिससे किसानों का विश्वास राज्य सरकारों से उठ चुका है। चेहरा देखकर लगा रहे धान की कीमत क्षेत्र के किसानों अनाज मंडी में धान की खरीद करने वाली निजी एजेंसी मालिकों पर भेदभाव का आरोप लगा रहे हैं। गांव उल्हेटा से आए रुज्जदार का कहना है कि बोलीदाता किसान के धान को उसका चेहरा देखकर खरीद रहे हैं।

# फोनपे ने लॉन्च के 3 महीने में ही लगाए 10 लाख से ज्यादा स्मार्ट स्पीकर

**स्मार्टस्पीकर के जरिए 10 करोड़ से ज़्यादा का लेन-देन**

**भारत में मर्चेंट पेमेंट की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**फोनपे** भारत का अग्रणी फिनटेक (फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी) प्लैटफॉर्म है। कंपनी ने हाल ही में स्मार्टस्पीकर लॉन्च किए हैं. भारत में 10 लाख कारोबार मालिक (मर्चेंट पार्टनर्स) अब इन स्मार्टस्पीकर का इस्तेमाल कर रहे हैं। साथ ही, कंपनी ने लॉन्च के सिर्फ 3 महीने में 1 करोड़ (1 बिलियन) ट्रांजेक्शन इस डिवाइस के जरिए किए हैं। इससे कंपनी को देश भर में अपने ऑफलाइन मर्चेंट पेमेंट सुविधा को बेहतर बनाने में मदद मिली है। इस साल अगस्त में मर्चेंट लोकेशन पर सुरक्षित और सुविधाजनक पेमेंट ट्रैकिंग के लिए इसकी शुरुआत की गई थी. इस डिवाइस के लिए हमें कारोबार



मालिकों से बहुत अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। यही वजह है कि शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में हमारे कारोबार मालिकों के बीच स्मार्ट स्पीकर की मांग लगातार बढ़ रही है फोनपे ने हमेशा अपने कारोबार मालिकों के लिए पेमेंट सुविधा को आसान बनाने की कोशिश की है। हम अपने सहयोगियों को कारोबार चलाने और उसे बढ़ाने में मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं. सबसे पहले कंपनी ने इंटरऑपरेबल कोड की शुरुआत की थी. इससे कारोबार मालिकों के लिए किसी भी यूपीआई (PI) ऐप्लिकेशन से डिजिटल पेमेंट पाना बहुत आसान हो गया था. इसके बाद, हमने फ़ोटो QR कोड लॉन्च किया था-पेमेंट में धोखाधड़ी और किसी दूसरे तरह के नुकसान से कारोबार मालिकों को बचाने और सुरक्षित पेमेंट के लिए यह बड़ा कदम था. कारोबार मालिकों की बदलती ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए, फोनपे ने इस साल अगस्त में रिटेल आउटलेट्स (खुदरा दुकानों) पर सुरक्षित पेमेंट ट्रैकिंग के लिए स्मार्टस्पीकर की शुरुआत की है. पिछले कुछ वक्त में डिजिटल पेमेंट को बड़े पैमाने पर अपनाया गया है. कोविड-19 महामारी से अब तक कारोबार के लिए डिजिटल पेमेंट में 175 फीसदी की दर से बढ़ोतरी हुई है, यही वजह है कि सुरक्षित पेमेंट और पैसों के लेन-देन पर नज़र रखने की मांग भी पहले से कहीं ज़्यादा हो रही है। खास तौर पर कारोबार के सबसे व्यस्त घंटों में अलग-अलग QR कोड पर पेमेंट ट्रैक करना कारोबार मालिकों के लिए बहुत मुश्किल होता है।

फोनपे के ऑफलाइन बिजनेस हेड विवेक लोहचेब ने इसे बड़ी उपलब्धि बताई है। उन्होंने कहा, डिजिटल पेमेंट भारत में अब लोकप्रिय विकल्प बन चुका है और लोग इसका खूब इस्तेमाल कर रहे हैं। डिजिटल पेमेंट सुविधा ने नकद लेन-देन की मुश्किलों को काफी हद तक कम किया है। फोनपे का स्मार्टस्पीकर हमारे मर्चेंट पार्टनर्स के लिए बहुत काम की चीज है।

# खेल महोत्सव में विजेता खिलाड़ी व कोच को किया सम्मानित


गुरुग्राम में खिलाड़ी विवेक व कोच रूपेंद्र सिंह को सम्मानित करते नवीन गोयल।

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार द्वारा गुरुग्राम के गांव धर्मपुर सेक्टर-108 में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में खेल महोत्सव-2022 का आयोजन किया गया। इसके अंडर-17 आयु वर्ग में तीसरा स्थान हासिल करने वाले धावक विवेक और उनके कोच रूपेंद्र सिंह को अपने कार्यालय में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने सम्मानित किया। खिलाड़ी विवेक को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

नवीन गोयल ने कहा कि हमारे गुरुग्राम में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। गुरुग्राम व प्रदेश के अनेक खिलाड़ी देश का नाम विश्व स्तर पर रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में भी भविष्य उज्जवल है। खिलाड़ी पूरे मन से खेलों के क्षेत्र में आएं। खेल में अपनी रुचि बढ़ाएं। हमारे गुरुग्राम के युवा आगे बढ़ें, इसके लिए हम प्रयासरत हैं। श्री गोयल ने कहा कि खेलों पर हरियाणा सरकार ने पिछले 8 साल में काफी ध्यान दिया है। खेलों के मैदान, स्टेडियम व अन्य स्पोर्ट्स काम्पलेक्स बनाकर खिलाड़ियों को सौगातें दी हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की माटी में ऐसे खिलाड़ी पैदा हुए हैं, जिन्होंने विश्व स्तर पर हरियाणा का नाम चमकाया है। चाहे कॉमनवेल्थ गेम्स हों या ओलंपिक, सभी स्तर पर हमारे खिलाड़ियों का जलवा रहा है। हरियाणा के बेटे-बेटियों ने अपने पसंद के खेलों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल और खेल मंत्री संदीप सिंह की खेलों के लिए नीतियों को बेहतर बताते हुए कहा कि इन नीतियों से खिलाड़ियों का खूब भला हुआ है।

# ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने गुड़गांव में अपनी चौथी शाखा शुरू किए जाने की घोषणा की

**समूह का लक्ष्य अगले चार वर्षों में भारत भर में 150 से अधिक शाखाओं का विस्तार करना है**

पायनियर समाचार सेवा। गुड़गांव



**भारत** के अग्रणी के 12 स्कूल चेन, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल (ओआईएस) ने सेक्टर 113, बाजघेरा द्वारका एक्सप्रेसवे, गुड़गांव में अपनी चौथी शाखा शुरू किए जाने की घोषणा की है। लगभग 3.90 9 एकड़ के विशाल क्षेत्र में निर्मित, इस स्कूल में 1000 से अधिक छात्र समायोजित हो सकते हैं। बेहद हरे-भरे इस स्कूल परिसर में छात्रों के लिए सर्वोत्तम कोटि की सुविधाएं जैसे कि तकनीक-समर्थित कक्षाएं, छोटे बच्चों के खेलने के लिए अत्यंत उपयुक्त पूर्णतः सुसज्जित स्थान, इनफर्मरी, म्यूजिक रूम, आर्ट स्टूडियो एवं अन्य सुविधाएं शामिल हैं।

इस विद्यालय में आगामी शैक्षणिक वर्ष (2023-2024) के लिए प्रवेश चालू है। शुरू में, यहां वर्ग 7 तक की कक्षाएं होंगी और इसे हर साल अपग्रेड किया जाएगा। आईबी, आईजीसीएसई और सीबीएसई पाठ्यक्रम की सर्वोत्तम विशेषताओं को समाहित किया हुआ पाठ्यक्रम ग्रेड 5 तक उपलब्ध कराया जाएगा, जबकि ग्रेड 6 और 7 में सीबीएसई पाठ्यक्रम के अनुरूप पढ़ाई होगी। इस विद्यालय में विशेष आवश्यकता वाले छात्रों को खास शिक्षा प्रदान किए जाने की भी व्यवस्था है। उनके लिए एक्सपर्ट्स और प्रोग्राम्स को विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। इसमें अनुभवजन्य शिक्षा, स्टीम (STEAM) एवं कई इंटेलिजेंट अध्ययन पद्धति, प्रोजेक्ट-आधारित शिक्षा और शारीरिक शिक्षा पर जोर दिया जाएगा। स्कूल के लॉन्च पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, द्वारका एक्सप्रेसवे की प्रधानाचार्या, निधि कपूर ने कहा, 'मुझे सबसे तेजी से आगे बढ़ते शहरों में से एक के सेक्टर 113 की शाखा का दायित्व संभालते हुए प्रसन्नता हो रही है। ऑर्किड्स की विचारधारा के अनुरूप गुड़गांव के बच्चों को संवारने में पूर्ण खुशी होगी।'

ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्कूली शिक्षा का समग्र शिक्षण अनुभव प्रदान करता है और आश्वस्त करता है कि सभी छात्रों को सीखने, विकास करने और आगे बढ़ने के लिए अंतहीन संभावनाओं का अवसर प्राप्त हो। इस परिसर में स्विमिंग पूल, फुटबॉल ग्राउंड, स्केटिंग रिंक और बास्केटबॉल कोर्ट के साथ खेल के प्रति उत्साही छात्रों के लिए सर्वश्रेष्ठ खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। स्कूल के आसपास का वातावरण शांतिपूर्ण है, जो छात्रों को खुली हवा के बीच शिक्षा ग्रहण करने के लिए सकारात्मक वातावरण प्रदान करता है।

# बीके अस्पताल: मशीन सील होने से ईको के लिए मरीज रहे परेशान

**कविता।** फरीदाबाद

**बादशाह** खान अस्पताल में पीपीपी पर चल रहे हार्ट सेंटर में गर्भवती महिलाओं के गर्भ में भ्रूण की अवैध रूप से लिंग जांच करने वाले कार्डियक टेक्निशियन को स्वास्थ्य विभाग की शिकायत पर पुलिस ने बीती रात गिरफ्तार किया है। वहीं ईको की मशीन भी बंद कर दी गई है। जिस कारण शनिवार को सेंटर के बाहर नोटिस लगा दिया गया कि ओपीडी, आईपीडी और ईको सेवाएं बंद हैं। सिर्फ दिल की आपतकालीन सेवाएं ही देखी जाएगी।


इस विषय में जब हार्ट सेंटर के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. ओम जीवन ने बताया कि ईको मशीन सील है। जिस कारण यह नोटिस लगाया गया है। ईको के अभाव में मरीजो को नहीं देखा गया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि हार्ट सेंटर में आए पुराने मरीजों को फिजिशियन से कार्ड पर पुरानी दवाओं को रिन्यु करवा दिया था। बीके अस्पताल में मौजूद सरकारी ईको और टीएमटी रूम बंद होने के विषय में पूछने पर उन्होंने कहा कि कार्डियोलॉजिस्ट के प्रमोशन के बाद से यहां पोस्ट खाली है। जिस कारण ईको और टीएमटी केबल पीपीपी मोड पर ही चल रहे हार्ट सेंटर में की जाती है।

**मरीज हुए परेशान:** झज्जर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बीके अस्पताल में बने हार्ट सेंटर में जिला स्वास्थ्य विभाग और पुलिस के साथ गतदिवस छापा मारा। आरोपी को पकड़ने के लिए मेडिकल टीम ने गर्भवती महिला को फर्जी ग्राहक बनाकर लिंग जांच के लिए भेजा। सेंटर में महिला से 1100 रुपए लिए गए और बिना किसी आईडी प्रूफ व रेफरल स्लिप देखे टेक्नीशियन दिनेश ने भ्रूण की लिंग जांच कर रिपोर्ट पर अधिकृत डॉक्टर के फर्जी हस्ताक्षर कर दिए। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर लिंग जांच करने वाली मशीन को सील किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 336, 420 तथा लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम (पीएनडीटी एक्ट) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

**दो दिन रहेगा बंद :** बीके अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि हार्ट सेंटर दो दिन के लिए बंद है, मशीन सील हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सोमवार को हार्ट सेंटर संचालक क्या करेंगे, वह इसकी जानकारी उनसे लेंगे। ताकि मरीजों की परेशानी दूर हो सके। क्योंकि सरकार ने पीपीपी मोड पर शुरू किए हार्ट सेंटर से मरीजों को सुविधाएं देने के लिए कहा हैं, अब वह कैसे क्या करते हैं, यह उन पर निर्भर है।



हार्ट सेंटर में बंद गेट।




हार्ट सेंटर के बाहर लगा नोटिस।




बीके अस्पताल में बंद पड़ा सरकारी इको और टीएमटी रूम।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से चाचा भतीजे की मौत, दो महिला घायल

## एक ही बाइक पर सवार होकर सीकरी से लौट रहे थे चारों

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**राष्ट्रीय** राजमार्ग पर ट्रैफिक थाने के पास शनिवार सुबह तेज रफ्तार से दौड़ रहे किसी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही से एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस बाइक पर सवार चालक, सात वर्षीय बच्चा और दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने चारों को बीके अस्पताल पहुंचा दिया। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने बाइक चालक और बच्चे को मृत घोषित कर दिया। जबकि महिलाओं की गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया है। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिये गए हैं। थाना सेक्टर आठ पुलिस ने फिलहाल अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

थाना सेक्टर आठ के मुताबिक दिल्ली के मीठापुर में रहने वाले राजेंद्र कुमार ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह और उनका 27 वर्षीय बेटा विनय मीठापुर की मार्केट में कपड़े की दुकान चलाते हैं। विनय अक्सर सीकरी में रहने वाले अपने दोस्त के साथ खाटू श्यामजी के दर्शन के लिए राजस्थान जाता रहता था। इस बार भी विनय ने दोस्त के साथ वीरवार को खाटू श्यामजी जाने का कार्यक्रम बनाया था।

राजेंद्र ने बताया कि खाटू श्याम जाने के लिए विनय की पत्नी आरती के साथ साथ उनके भाई उमेश की पत्नी सपना और उसका सात साल का बेटा वंश भी तैयार हो गए। सीकरी में बाइक खड़ी कर विनय अपने परिवार और दोस्त के साथ खाटू श्यामजी के लिए रवाना हो गया था। शुक्रवार को खाटू श्याम जी के मंदिर में उन्हें दर्शन में करने में रात आठ बज गए थे। जिसके बाद सभी लोग कार सवार होकर वापस चल दिया। तड़के करीब पांच बजे सीकरी गांव पहुंच कर विनय ने वंश को बाइक की टंकी पर और आरती और सपना को बाइक पर पीछे बैठा लिया। जिसके बाद वह मीठापुर के लिए चल पड़ा। सुबह करीब छह बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रैफिक थाने के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और फरार हो गया। दुर्घटना में घायल हुए चारों घायलों को बीके अस्पताल ले जाया गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने विनय और वंश को मृत घोषित कर दिया। जबकि आरती और सपना को दिल्ली के ट्रामा सेंटर में रेफर कर दिया गया है। सूचना मिलने पर राजेंद्र अपने परिजनों के साथ अस्पताल पहुंच गए। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिये गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



बी के अस्पताल में शोकाकुल मृतकों के परिजन।

# गंभीर बता किया रेफर, एम्बुलेंस में हुई महिला की डिलीवरी




**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में पहुंची एक महिला की एम्बुलेंस में डिलीवरी हुई है। महिला को गंभीर बताते हुए बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल से रेफर किया गया था। लेकिन रास्ते में ही उसकी डिलीवरी हो गई। जिस पर आनन फानन में उसे बीके अस्पताल के चिकित्सकों और स्टाफ ने वार्ड में भर्ती किया। फिलहाल जच्चा-बच्चा का स्वास्थ्य ठीक है।

जानकारी के मुताबिक संस्थागत प्रसुति को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन चिकित्सकों ने लापरवाही बरतते हुए गंभीर हालत बताते हुए गर्भवती महिलाओं को रेफर कर अपना पल्ला झाड़ देते है। ऐसा ही एक मामला बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल से रेफर होकर बीके आई एक गर्भवती महिला और उसके परिजनों के संग हुआ। सेक्टर-70 स्थित मुजैड़ी गांव के निवासी सद्दाम की पत्नी खुरसीता को बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल से चिकित्सकों ने रेफर कर अपना पल्ला झाड़ दिया। खुरसीता के पति सद्दाम ने बताया कि उसकी पत्नी पिछले दिनों गर्भवती थी। उसकी पत्नी पांचवीं बार गर्भवती हुई थी, उसके पहले तीन लड़के है, वहीं चौथे बच्चे की मौत हो चुकी है। अब एक बार फिर गर्भवती होने पर उसकी पत्नी का वह बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल से जांच करवा रहा था। शनिवार को उसे तेज प्रसव पीडा होने पर बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल लेकर अपनी एक जानकार के संग लेकर पहुंचा। उसकी पत्नी की जांच के बाद बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल के चिकित्सकों ने शरीर में पानी की कमी बताकर रेफर करते हुए कहा कि यहां डिलीवरी नहीं करवाई जा सकती। इसे बीके लेकर जाओ, लेकिन बीके पहुंचने से पहले डिलीवरी एम्बुलेंस में ही हो गई। बीके में जच्चा और बच्चा को स्टाफ व चिकित्सकों ने संभाला। उस बीच क्या हुआ उसे यह नहीं पता। उसने बताया कि घर से वह 12 बजे चले थे और दोपहर को 2 बजे के करीब बीके पहुंचे।

# बिना इलाज डेढ़ घंटे तक तड़फती रही महिला, मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में बिना इलाज किए ही मरीजों को रेफर कर दिया जाता है। ऐसा ही एक मामला बीके सिविल अस्पताल में देखने को मिला। जहां एक महिला को डेढ़ घंटे तक बिना इलाज के रेफर कर अपना पल्ला झाड़ लिया। परिजन गुहार लगाते रहे कि अस्पताल से रेफर करने से पहले कुछ उपचार महिला को दिया जाए। ताकि वह ठीक हालत में दिल्ली पहुंच सके। लेकिन चिकित्सकों ने एक न सुनी। जिस पर महिला की मौत हो गई।

**यह है पूरा मामला:** इंदिरा कॉम्प्लेक्स निवासी 58 वर्षीय रामवती की तबीयत खराब होने पर परिजन बीके अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां सुबह 11 बजकर 18 मिनट पर उसे बीके में भर्ती किया गया। जहां चिकित्सक ने उसे दिल्ली रेफर करते हुए कार्ड पर दो इंजेक्शन/दवाईयां लिख दी और दिल्ली रेफर कर दिया। लेकिन महिला को इंजेक्शन/दवाईयां नही दी गई। ऐसे में परिजन यहां से वहां भटकते रहे। एक चिकित्सक से परिजनों ने गुहार लगाई कि वह महिला को कोई ऐसी दवा दें, ताकि दिल्ली तक पहुंच जाए। क्योंकि महिला की नाक से पानी लगातार बह रहा था और उसे यूरिन की दिक्कत हो रही थी। ऐसे में महिला तड़प रही थी, परिजनों ने बताया कि जब वह बीके लेकर आए थे तो महिला ने दो घंटे पहले खाना भी खाया था। लेकिन अचानक से दोपहर को साढ़े 12 बजे के बाद उसकी मौत हो गई।

परिजनों का आरोप है कि अंत समय पर चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। लेकिन उसे दवा नहीं दी। जिससे तड़पती रामवती की मौत हो गई। वहीं चिकित्सक का कहना था कि उन्होंने उसे रेफर कर दिया था। दवा या इंजेक्शन के लिए स्टाफ को पता होगा। वहीं कार्ड पर पता किया गया तो चिकित्सक के द्वारा लिखी एक दवा नहीं थी और दूसरी मौजूद थी। लेकिन मौजूद दवा भी नहीं दी गई।



विलाप करते स्ट्रेचर पर पड़ी मृतक महिला के परिवार के सदस्य।

# केएसबी लिमिटेड ने तीसरी तिमाही में वृद्धि दर्ज की

## इस तिमाही में प्राप्त सेल्स वैल्यू 4,313 मिलियन रुपये पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**तिमाही** प्रदर्शन के बारे में केएसबी लिमिटेड के डायरेक्टर सेल्स और मार्केटिंग, फारुख भथेना ने कहा, 'हमने तीसरी तिमाही के लिए 17 प्रतिशत की साल दर साल बिक्री में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की है। साथ ही, 3 तिमाहियों के लिए क्युमूलेटिव सेल्स में पिछले वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। ट्रेंड को जारी रखते हुए, हमने एक बार फिर पेट्रोकेमिकल सेगमेंट से महत्वपूर्ण ऑर्डर फ्लो देखा है। इस तिमाही में सबसे अधिक ऑर्डर प्राप्त हुए हैं, जिसमें एनपीसीआईएल और बाज़ियन सीसीपीपी प्रोजेक्ट के लिए कैलिक एनर्जी के ऑर्डर शामिल हैं।

**प्रमुख विशेषताएं :** अच्छे ऑर्डर इंटेक रुझान के साथ, 2022 की तीसरी तिमाही में अब तक के उच्चतम तिमाही ऑर्डर 1951 मिलियन रुपये का रहा है। एनपीसीआईएल ने कैगा 5 और 6 रिएक्टरों के लिए 5013 मिलियन रुपये मूल्य के 8 रिएक्टर कूलेंट पंपों का ऑर्डर दिया। पेट्रोकेमिकल्स सेगमेंट से 2708 मिलियन का याईटीडी ऑर्डर इंटेक। मैकेनिकल सील कारोबार में अच्छी वृद्धि। इंटीग्रेटेड वेबसाइट और वेबशॉप के ईसेल्स रोलआउट के लिए नया ई2ई सॉल्यूशन।

चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर मिलिंद खाडिलकर, ने तीसरी तिमाही के दौरान प्रति इक्विटी शेयर 2,000 रुपये से अधिक के कंपनी के अब तक के सबसे ज्यादा शेयर मूल्य की सूचना दी। जिससे कंपनी का अब तक का सबसे ज्यादा मार्केट कैपिटलाइजेशन प्राप्त हुआ है। खाडिलकर कंपनी के निवेशकों और शेयरधारकों को यह जानकारी देते हुए इस मुकाम को पाने पर खुशी जाहिर की। खाडिलकर ने री-बिडिंग प्रोसेस के दौरान रणनीतिक योजना के कारण ई-टेंडरिंग के जरिए भारत पंप्स एंड कंप्रेसर लिमिटेड (बीपीसीएल) के निर्धारित इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आईपीआर) में कंपनी के प्रस्तावित निवेश के बारे में अपडेट किया। मिलिंद खाडिलकर ने बताया कि कंपनी ने संस्थागत निवेशकों से शानदार प्रतिक्रिया के साथ कोविड के पश्चात अगस्त, 2022 में अपने फिजिकल इन्वेस्टर मीट का आयोजन किया।



| Particulars | Q3-2022 (Jul'22-Sept'22) | Q3-2021 (Jul'21-Sept'21) | Jan'22-Sept'22 | Jan'21-Sept'21 |
|---|---|---|---|---|
| Sales | 4,313 | 3,681 | 12,974 | 10,527 |
| Expenses | 3,772 | 3,164 | 11,375 | 8,997 |
| Operating Profit | 541 | 517 | 1,600 | 1,530 |
| OPM % | 13% | 14% | 13% | 15% |
| Other Income | 106 | 99 | 367 | 282 |
| Interest | 13 | 12 | 38 | 31 |
| Depreciation | 117 | 109 | 333 | 325 |
| PBT | 517 | 495 | 1,597 | 1,456 |
| Net Profit | 378 | 379 | 1,251 | 1,087 |

# सीईटी के परीक्षार्थियों को नहीं होने दी परेशानी: डीसी

## 11258 परीक्षार्थियों ने दी प्रथम बैच में लिखित परीक्षा

## परीक्षा के लिए फरीदाबाद में बनाए गए हैं 56 परीक्षा केंद्र

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डीसी** विक्रम सिंह ने कहा कि फरीदाबाद में शनिवार 05 नवंबर को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा प्रथम बैच मॉर्निंग सैशन में सीईटी 2022 की परीक्षा में 14258 परीक्षार्थियों ने लिखित परीक्षा दी है। प्रथम बैच में 59 दशमलव 26 प्रतिशत परीक्षार्थियो ने लिखित परीक्षा दी है। जिला प्रशासन की तरफ से सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की कोई भी परेशानी नहीं आनी दी गई। परीक्षार्थियो की सुविधा के लिए अधिकारियों की ड्यूटियां सुनिश्चित की गई है। जानकारी के लिए फोन नंबर 0129-2227922 पर सम्पर्क कर सकते हैं। इसके अलावा रविन्द्र रत्नाकर के 9971144418, जेके मिश्रा के 955572666 मोबाइल पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

परीक्षार्थियों के लिए व्यवस्था: डीसी विक्रम ने बताया कि 5 व 6 नंवबर को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित सीईटी 2022 की परीक्षा में भाग लेने के लिए आने वाले परीक्षार्थियों के लिए ठहरने की भी अग्रवाल धर्मशाला, पंचायत भवन, बल्लभगढ़, जाट भवन, सेक्टर-3, बल्लभगढ़, ब्राह्मण धर्मशाला, नजदीक नई सब्जी मंडी, बल्लभगढ़, सैनी धर्मशाला, सैनी मोहल्ला, ऊंचा गांव, बल्लभगढ़, वाल्मीकि धर्मशाला, वाल्मीकि मोहल्ला, बल्लभगढ़, अग्रवाल सोसाइटी नजदीक तेल मील के पास, ओल्ड फरीदाबाद, अग्रसेन भवन, सेक्टर-19, पंजाबी धर्मशाला, बल्लभगढ़, गुर्जर भवन, सेक्टर-16, चिमनी बाई धर्मशाला, एनआईटी, अग्रवाल सदन, सेक्टर-11डी में व्यवस्था की गई है। ताकि परीक्षार्थियों को किसी कठिनाई का सामना न करना पड़े। डीसी विक्रम सिंह सीईटी परीक्षाओं के सफल संचालन बारे बताया कि फरीदाबाद में लगभग 96240 हजार परीक्षार्थियों के लिए 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सिटी कोऑर्डिनेटर व सेंटर सुपरवाइज़र नियुक्त किए गए हैं।

उपायुक्त ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित सीईटी परीक्षा में कोई भी कोताही नहीं बर्दाश्त की जा रही है। दोषी पाए जाने पर उक्त व्यक्ति के खिलाफ तुरंत कार्यवाही करना सुनिश्चित की जा रही है। डीसी विक्रम ने आगे कहा सभी सेंटर पर सीसीटीवी, जैमर्स व बायोमेट्रिक हाजरी की व्यवस्था एनटीए द्वारा की गई है। परीक्षा में फेस मास्क पहनना व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा की पवित्रता तथा कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए धारा-144 लगाई गई है।



परीक्षा देने से पूर्व चैकिंग करते हुए।



परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी।

# जमीन के विवाद में चाचा की हत्या करने पर भतीजा गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने एक सप्ताह पहले के हत्या के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में आबिद उर्फ बंटी तथा साजिद का नाम शामिल है जो पलवल जिले के खल्लुका गांव के रहने वाले हैं। दोनों आरोपी सगे भाई हैं और ट्रांसपोर्ट नगर में ड्राइवरी की नौकरी करते हैं। 28 अक्टूबर को पुलिस थाना सेक्टर 58 में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमें आरोपियों ने ट्रांसपोर्ट नगर में अपने चाचा कामिल की सिर में रोड मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। वारदात को अंजाम देने के पश्चात आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया। घायल कामिल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के परिजनों की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके आरोपियों की तलाश शुरू की गई। क्राइम ब्रांच ने इस मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से लाठी डंडा तथा लोहे की रॉड बरामद की जा चुकी है। प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पक्ष का पीड़ित पक्ष के साथ गांव में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था।



हत्या के आरोप में गिरफ्तार युवक आबिद और साजिद।

# संक्षिप्त समाचार

## जांगिड ब्राह्मण जिला सभा ने 15 जोड़ों की करवाई शादी



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण जिला सभा, फरीदाबाद द्वारा औद्योगिक नगरी की धरती पर द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मलेन का सफल आयोजन चार नवंबर को किया गया। जिसमें 15 जोड़ों की शादी करवाई गई। हरियाणा, राजस्थान तथा दिल्ली से पधारे हुए समाज जन ने इस समारोह में बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा कन्यादान किया। सभी अतिथियों का माला, साफा पहनाकर एवं शॉल उढ़ाकर जिला प्रधान चरणपाल जांगड़ा, सचिव राजेंद्र जांगड़ा एवं कार्यकारणी ने स्वागत किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने 15 जोड़ों को आशीर्वाद दिया। अति विशिस्ट अतिथि पंडित मूलचंद शर्मा केबिनेट मंत्री, हरियाणा सरकार समारोह का ध्वजारोहण करके उद्घाटन किया। आयोजन के अध्यक्ष रामपाल जांगड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष महासभा द्वारा वर वधु को आशीर्वाद दिया। जिला प्रधान चरणपाल ने वर वधु के परिवार के सदस्यों को अपने बच्चों का सामूहिक विवाह के लिए तैयार करने के प्रयास की प्रशंसा की।

## मां काली मंदिर संस्थान ने जरूरतमंद कन्या का विवाह करवाया



**फरीदाबाद।** एनआईटी बस अड्डे के समीप स्थित मां काली मंदिर परिसर में एक जरूरतमंद कन्या का विवाह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान राकेश उर्फ रक्कू ने बताया कि वह प्रत्येक वर्ष देव उठनी एकादशी के अवसर पर एक जरूरतमंद कन्या का विवाह सम्पन्न करवाते हैं। इस बार जवाहर कालोनी निवासी स्व. घनश्याम की पुत्री सोनिया का विवाह कामां निवासी सुन्दर के साथ सम्पन्न करवाया गया। जिसमें कन्या को जरूरत का सामान के साथ बाराती के भोजन की पूरी व्यवस्था मंदिर कमेटी द्वारा की गई। आए हुए सभी बारातियों ने मंदिर कमेटी के प्रधान राकेश उर्फ रक्कू तथा नवप्रयास सेवा संगठन के अध्यक्ष सुनील यादव व उनकी टीम के सदस्यों ने स्वागत किया। इस मौके पर नव प्रयास सेवा संगठन के अध्यक्ष सुनील यादव, हिन्दूवादी नेता भुवनेश्वर हिन्दुस्तानी, उद्योगपति गुरूप्रीत सिंह नागी (गोल्ड़ी), महेश सैनी, रवि चौहान, विनोद कुमार, सचिन तंवर, सरदार मनजीत सिंह, कुलदीप, गौरव, परमजीत कौर, अशोक पौद्दार, जितेन्द्र गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सवारियां सरकार परिवार ने मनाया श्री श्याम बाबा का जन्मोत्सव



**बल्लभगढ़।** बल्लभगढ़ में खाटू नरेश श्रीश्याम बाबा का जन्मोत्सव सवारियां सेठ परिवार की ओर से बहुत धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार की शाम सावंरियां सेठ परिवार ने बाबा श्याम जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य सकीर्तन का आयोजन अग्रवाल कॉलेज तिगांव रोड बल्लभगढ़ के प्रांगण में किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वयं बाबा खाटू श्याम रहे। इस कार्यक्रम का मंच संचालन बहुत खुबसूरत ढंग से रामदास भैया द्वारा किया गया। भजन गायक मनीष शर्मा ने गणेश वंदना गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। संकीर्तन में आये भजन गायक वंशिका शर्मा, पायल सरगम, नितिन श्याम दीवाना व अंश वंश ने अपनी मधुर आवाज में भजन सुनाए। सांवरे सेठ के जन्मोत्सव पर विक्की सुनेजा ने सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत कीं। सांवरिया सेठ के जन्ममोत्सव पर बाबा का भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा, अखंड ज्योति, 56 भोग मुख्य आकर्षण का केंद्र रहें। इस कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने के लिए कपिल मित्तल, राम शर्मा, कुनाल वैष्णव, गुलशन मित्तल, ललित मित्तल, दीपांशु, मनीष गर्ग, श्याम मित्तल व संजय अग्रवाल मुख्य रूप से सहयोग किया।

## हिमाचल, गुजरात मे बीजेपी की जीत निश्चित : गोयल

**फरीदाबाद।** देश में 2014 की तरह आज भी देश के संत सिपाही प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की लहर कायम है। हिमाचल और गुजरात मे बीजेपी की जीत निश्चित है। उपरोक्त शब्द हरियाणा के पूर्व उद्योग मंत्री एव बीजेपी के वरिष्ठ नेता विपुल गोयल ने एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य के जेल लैंड सेक्टर-1 निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहे। जेल लैंड आने पर वीरेश शांडिल्य, कश्यप शर्मा, सेक्टर-1 के सचिव केजी गुप्ता, डीपी पसरीचा, एडवोकेट एनपीएस कोहली, एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य, शिव रंजन ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विपुल गोयल ने कहा कि आदमपुर उपचुनाव में पूर्व सीएम भजनं लाल के पोते एव बीजेपी उम्मीदवार भव्य बिश्नोई की जीत तय है। साथ ही विपुल गोयल ने वीरेश शांडिल्य को नये सेक्टर 1 निवास की बधाई दी। साथ ही पूर्व गृह मंत्री अनिल विज की तारीफ की।

## पुलिस ने 1281 वाहनों का प्रदूषण का चालान काटा

**फरीदाबाद।** दिल्ली एनसीआर एरिया में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए जिला प्रशासन की तरफ से ग्रेप पॉलिसी लागू की जा चुकी है जिसके तहत शहर में प्रदूषण फैलाने वाले लगभग सभी कार्यों पर रोक लगाई गई है। वाहनों की बात करें तो यातायात पुलिस द्वारा प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों का 10000 रुपये का चालान काटा जा रहा है। 15 साल से पुराने डीजल व पेट्रोल वाहनों को इंपाउंड करके कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि नवीनतम आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर माह में फरीदाबाद पुलिस ने 199 वाहनों का प्रदूषण का चालान काटकर 1990000 रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही दो इस माह में 15 वर्ष पुराने 2 पेट्रोल वाहनों को इंपाउंड किया गया है। वहीं वर्ष 2022 में अब तक 1281 वाहनों का चालान काटकर 12810000 रुपए का जुर्माना लगाया जा चुका है।

## 12 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन : सीजेएम

**फरीदाबाद।** सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकिर्ती गोयल ने बताया कि अदालत में लंबित मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आगामी 12 नवंबर को जिला फरीदाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के लिए वादीगण स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं। लम्बित मामलों को निपटवाए: जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुकिर्ती गोयल ने आगे बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 12 नवंबर को जिला में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

## सात छात्र-छात्रा प्रतिनिधि के रूप में पेपर प्रस्तुत करेंगे

**फरीदाबाद।** मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज, फरीदाबाद के सात छात्रों को पर्यावरण संरक्षण गतिविधि (पीएसजी) द्वारा आयोजित सुमंगलम पंचमहाभूत 'वायु- द वाइटल लाइफ फोर्स' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन श्रृंखला में अपने पेपर/पोस्टर प्रस्तुत करने के लिए चुना गया है जिसका आयोजन 2 से 4 दिसंबर, 2022 तक किया जा रहा है। छात्र 2 दिसंबर को राष्ट्रीय सम्मेलन में अपने पेपर प्रस्तुत करेंगे और चयनित छात्रों को 3 और 4 दिसंबर को आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन श्रृंखला में अपने पेपर प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। सम्मेलन का समन्वय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से बड़ौदा के जलवायु परिवर्तन अनुसंधान संस्थान, महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है। यह शिक्षा 'ओ' अनुसंधान विश्वविद्यालय परिसर, भुवनेश्वर, ओडिशा, भारत में आयोजित किया जाएगा।

# डेंगू का डर दिखा जनता को परेशान कर रहे विपक्षी दलों के नेताः पाठक

## सरकार ने डेंगू से निपटने की ऐसी पुख्ता व्यवस्था कर रखी है कि प्रदेश के लोगों डरने की कोई जरूरत नहीं हैः डिप्टी सीएम



**भाषा।** गाजीपुर/लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** में डेंगू के मामले पर विपक्षी दलों के नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को कहा कि वे डेंगू का डर दिखाकर जनता को बिना मतलब परेशान कर रहे हैं।

शनिवार को यहां अंधऊ हवाई पट्टी पर बलिया जाने के लिए उतरे उपमुख्यमंत्री से पत्रकारों ने जब डेंगू के बढ़ते प्रकोप का हवाला देकर सवाल पूछा तो उन्होंने विपक्षी नेताओं पर सीधा आरोप लगाया कि वे डेंगू का डर दिखाकर जनता को बिना मतलब परेशान कर रहे हैं। पाठक ने दावा किया कि (मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की) सरकार ने डेंगू से निपटने की ऐसी पुख्ता व्यवस्था कर रखी है कि प्रदेश की जनता को डरने की कोई जरूरत नहीं है। पाठक के पास राज्य में चिकित्सा,स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, चिकित्सा शिक्षा का दायित्व है। सवालों के जवाब में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तथा कर्मियों को इस बात के लिए 24 घंटे मुस्तैद कर रखा है कि कोई भी व्यक्ति डेंगू से मरने न पाए, इसी से डेंगू नियंत्रण में है। पाठक ने कहा कि सरकार के मंत्री जिलों में घूम-घूम कर डेंगू से बचाव की व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले माह की तुलना में इस माह डेंगू के मरीजों में काफी कमी आई है। उन्होंने दोहराया कि यह बीमारी पूरी तरह नियंत्रण में है। पाठक ने नसीहत देते हुए कहा कि विपक्षी दल मीडिया के माध्यम से डेंगू का बखान कर जनता को डराने और दुख पहुंचाने से बाज आए। इधर, शनिवार को ही राज्य की मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी ने डेंगू के मामले को लेकर अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया आंकड़ों को गोल करने में लगा योगी सरकार का प्रशासन। अस्पतालों में भर्ती हुए डेंगू के मरीजों को आंकड़ों से गायब कर दिया गया, शर्मनाक। कोविड काल की तरह डेंगू के दौर में भी जनता को गुमराह कर रही सरकार। डेंगू तो नई बीमारी नहीं, सरकार ने क्यों नहीं की तैयारियां? बताए? इसके पहले शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के सामने जब शहर में डेंगू का कहर मचने के आरोपों पर राज्य सरकार ने कहा था कि सब कुछ ठीक है तथा न तो दवाइयों और न ही कहीं बेड की कमी है तब न्यायालय ने अफसोस जताते हुए कहा कि जमीनी हकीकत तो कुछ और ही है। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई नौ नवंबर को तय की है। न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव की पीठ ने शहर में डेंगू के खतरे को लेकर एक जनहित याचिका पर यह टिप्पणी की। पीठ ने अगली सुनवाई नौ नवंबर को तय की है।



प्रयागराज में गंगा-यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम पर शनिवार को सूर्यास्त के दौरान डुबकी लगाते श्रद्धालु

## नेपाल में आम चुनाव के सिलसिले में 17 नवंबर से 72 घंटे के लिए सीमा सील रहेगी

महाराजगंज। पड़ोसी देश नेपाल में 20 नवंबर को होने जा रहे आम चुनाव से पहले अंतरराष्ट्रीय सीमा पर असामाजिक तत्वों की सीमा पार आवाजाही को रोकने के लिए 17 नवंबर से 72 घंटे के लिए भारत-नेपाल सीमा को सील कर दिया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। महराजगंज के जिलाधिकारी (डीएम) सतेंद्र कुमार ने बताया,ै दोनों देशों के पड़ोसी जिलों के अधिकारियों की समन्वय समिति की एक उच्च स्तरीय बैठक में 72 घंटे के लिए सीमा सील करने का निर्णय लिया गया।ै उनके अनुसार इस बैठक में दोनों देशों के स्थानीय प्रशासन, पुलिस, सीमा सुरक्षा बल सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), सेना, सीमा शुल्क, आव्रजन और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि नेपाल में 20 नवंबर को होने वाले प्रतिनिधि सभा के चुनाव को लेकर शनिवार को नेपाल के रूपनदेही जिले के छपिया के एक होटल में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए सीमा पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का निर्णय लिया गया। नेपाल के लुंबिनी प्रांत के रूपन्देही, कपिलवस्तु और पश्चिम नवलपरासी के मुख्य जिला अधिकारियों तथा भारत के सिद्धार्थनगर और महाराजगंज जिलों के जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों ने शनिवार को नेपाल के छपिया में आयोजित समन्वय बैठक में भाग लिया।

## भरण-पोषण के मुकदमे में अदालत में पेश हुए भोजपुरी फिल्म अभिनेता पवन सिंह



**बलिया।** पत्नी द्वारा भरण-पोषण का मुकदमा दायर करने के बाद भोजपुरी फिल्म अभिनेता पवन सिंह शनिवार को अदालत में पेश हुए। मामले की अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी। अभिनेता की पत्नी ज्योति सिंह ने बलिया के परिवार न्यायालय में उनके विरुद्ध भरण-पोषण की मांग को लेकर एक मुकदमा दायर कर रखा है। अदालत ने पवन सिंह को शनिवार को अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किया था।अभियोजन के अनुसार अदालत ने अब पवन सिंह को प्रति उत्तर देने के लिए 20 दिसंबर का समय दिया है। उसी दिन अगली सुनवाई होगी।ज्योति सिंह के अधिवक्ता जे पी सिंह ने शनिवार को बताया कि परिवार न्यायालय की न्यायाधीश रजनी सिंह के चैंबर में आज सुनवाई हुई। ज्योति सिंह की तरफ से धारा 24 के अंतर्गत अंतरिम भरण-पोषण के लिए प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया तथा पवन सिंह की आय का हवाला देते हुए उनकी हैसियत के मुताबिक मुकदमा का निस्तारण होने तक दो लाख रुपए मासिक अंतरिम भरण-पोषण के लिए दिए जाने की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि न्यायालय ने पवन सिंह को जवाब देने के लिए 20 दिसंबर का समय दिया है। उल्लेखनीय है कि ज्योति सिंह ने बलिया के परिवार न्यायालय में पवन सिंह के विरुद्ध भरण-पोषण के लिए गत 22 अप्रैल 2022 को एक मुकदमा दायर किया था। इस मुकदमे में न्यायालय ने गत दो जून को पवन सिंह को प्रस्तुत होने के लिए नोटिस जारी किया। पवन निर्धारित तिथि पर पेश नहीं हुए थे। इसके बाद पवन सिंह को गत सात जुलाई तथा एक अगस्त को नोटिस जारी हुआ। इसके बाद भी वह अदालत में उपस्थित नहीं हुए तो परिवार न्यायालय की न्यायाधीश रागिनी सिंह ने पवन सिंह को चौथी बार पांच नवम्बर को न्यायालय में पेश होकर अपना पक्ष रखने के लिए नोटिस जारी किया था। गौरतलब है कि पवन सिंह ने छह मार्च 2018 को जिले के बलिया शहर के मिड्ढ़ी मोहल्ले के रामबाबू सिंह की पुत्री ज्योति सिंह से शादी की थी। बिहार के आरा जिले के निवासी करीब 36 वर्षीय पवन सिंह भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता और गायक हैं। वर्ष 2014 में लॉलीपॉप लागेलू भोजपुरी गाने से सिंह को प्रसिद्धि मिली और बाद में उन्हें भोजपुरी सिनेमा में बतौर अभिनेता बहुत ख्याति मिली। उनको कई पुरस्कार मिल चुके हैं। पवन सिंह की पहली शादी 2014 में नीलम सिंह से हुई थी और मार्च 2015 में नीलम ने आत्महत्या कर ली थी। इसके बाद वर्ष 2018 में पवन की दूसरी शादी ज्योति सिंह से हुई। अदालत में भरण-पोषण का मुकदमा दायर करने के बाद ज्योति सिंह ने पवन सिंह पर मानसिक उत्पीड़न एवं गर्भपात कराने का भी गंभीर आरोप लगाया। पिछले महीने ज्योति सिंह ने पुलिस से शिकायत में कहा कि पवन सिंह ने उसे आत्महत्या करने के लिए उकसाया था। ज्योति सिंह ने इस मामले में पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। बलिया शहर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह ने 30 अक्टूबर को पीटीआई-भाषा को बताया था कि ज्योति सिंह का शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मथुरा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटना में चार लोगों की मौत

**मथुरा।** नोएडा से मथुरा लौट रही एक कार के यमुना एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।पुलिस ने कहा कि शुक्रवार रात करीब दस बजे दुल्हा-दुल्हन और बारातियों को लेकर मथुरा आ रही कार ने सुरीर थाना इलाके में आगे चल रही कार को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दुल्हा-दुल्हन घायल हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मौतों पर शोक जताते हुए अधिकारियों को घायलों का उचित इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सुरीर कोतवाली प्रभारी संजय त्यागी ने बताया कि राया थाना क्षेत्र के गढ़ी जलसिंह के निवासी चंद्रपाल सिंह (65) नोएडा में अपने पुत्र की शादी के बाद वापस लौट रहे थे, तभी माइलस्टोन 87 पर उनकी बोलेरो कार आगे चल रही सियाज कार से टकराकर पलट गई। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में चंद्रपाल सिंह और दिगम्बर सिंह (40) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गाड़ी में सवार हरेंद्र नामक व्यक्ति ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दुल्हन प्रेमवती (23), दूल्हे श्याम सुंदर (28) और दो बच्चियों राखी (6) व प्रियांशी (4) को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार सुबह प्रियांशी की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं।

### बदायूं में सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत

बदायूं। बदायूं के गफ्फार नगला गांव में मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना शुक्रवार रात हुई। अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा, दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार जगदीश (25), राम निवास (23) और सत्यपाल (22) की मौत हो गई। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ट्रक व उसके चालक की तलाश की जा रही है।

### दादा के साथ टहलने निक्ले बच्चे की ट्रक की चपेट में आने से गई जान

सुलतानपुर। जिले के धम्मौर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह टहलने निकला एक व्यक्ति अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप घायल हो गया जबकि उसके पोते की घटनास्थल पर ही मौत गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने रायबरेली-सुलतानपुर मार्ग जाम कर दिया लेकिन पुलिस के समझाने पर जाम खुल गया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी श्याम सुंदर ने बताया कि धम्मौर थाना क्षेत्र के निवासी श्रीराम शर्मा (70) व गोलू (17) शनिवार सुबह टहलने निकले थे।

दोनों मुख्य मार्ग पर कुछ ही दूर पहुंचे थे कि रायबरेली की ओर से आ रहे एक ट्रक ने इन्हें टक्कर मार दी और पलट गया। ट्रक की चपेट में आने से गोलू कुछ दूर जाकर गिरा और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद कस्बे के लोग घटनास्थल पर जमा हो गए और सड़क जाम करके प्रदर्शन करने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर रास्ता खाली कराया। जेसीबी के जरिए ट्रक को रास्ते से हटवा दिया गया।

### शाहजहांपुर में ग्रंथ जलाए जाने के बाद उपद्रव का मामला

## अट्ठारह नामजद, 300 से अधिक लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**मस्जिद** के अन्दर धार्मिक ग्रंथ जलाने के घटना क्रम में उपद्रव और आगजनी करने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। कोतवाली पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 नामजद और 300 अज्ञात लोगों पर गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। बेरी चौकी इंचार्ज एसआई प्रांजल यादव की तहरीर के आधार सिकंदरए अनीशए परबेजए सादाबए इरशादए गुलाम साबिरए फैजानए इरफानए कीचड़ सभी निवासी मोहल्ला बाबूजई व कलीमए अफीजए दानिश बेकरी बालाए आलमए नावेदए अकीलए अदीब निवासी मोहल्ला मोहम्मदजई व हाफिज मेराजए ऐश मोहम्मद निवासी मोहल्ला बिजलीपुराए आजम निवासी हयातपुरा सहित अज्ञात 300 ब्यक्तियों के खिलाफ धारा 147ए 186ए 341ए 7 क्रिमिनल एक्ट की गम्भीर धाराओं पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक एसण् आनन्द ने बताया धार्मिक ग्रथ जलने की सूचना पर जिन लोगों ने सड़कों पर उपद्रव करते हुए पुलिस व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आगजनी की घटना को अंजाम दिया। जिससे शहर में भय व अराजकता का माहौल बन गया था। उन्होंने बताया कि इस बात की जानकारी मिलते ही सैकड़ों लोग मस्जिद के बाहर इकट्ठे हो गए और उन्होंने प्रदर्शन शुरू कर दिया। अधीक्षक के मुताबिक पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वहां एक धर्म के लोगों द्वारा नारेबाजी शुरू कर दी तथा बैनर पोस्टरों को फाड़ कर आग लगा दी गई। उन्होंने दर्ज कराई गई प्राथमिकी के हवाले से बताया कि घटना के बाद उपद्रवी बढ़ते चले गए और उन्होंने सड़क जाम कर दी जिसके चलते दुकानदार दुकानें बंद करके चले गए तथा लोगों ने घरों के दरवाजे बंद कर लिए एवं अपने बचाव में इधर-उधर भागने लगे, इससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हो गई।आनंद ने बताया कि मामले की प्राथमिकी कोतवाली अंतर्गत बेरी चौकी प्रभारी प्रांजल सिंह यादव की ओर से शनिवार को सिकंदर,परवेज, इरशाद, कीचड़, दानिश, समेत 18 लोगों को नामजद करते हुए 300 अज्ञात उपद्रवियों पर दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में धारा 147 (बलवा करने), 186 (लोक सेवक के कार्य में बाधा डालना), 341 (किसी को गलत तरीके से रोकना) के तहत आरोपियों को निरुद्ध करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आनंद ने बताया कि कुरान में आग लगाए जाने की घटना के बाद पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरों के वीडियो को खंगाला गया तो अगले ही दिन आरोपी ताज मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया गया था। बाद में सोशल मीडिया पर घटना से जुड़ा एक वीडियो सार्वजनिक हुआ, जिसमें कुरान में आग लगाने वाला आरोपी ताज मोहम्मद यह कहते सुना जा रहा है किै हम खाली घूमते हैं, इसलिए दिमाग पागल हो गया। घरवालों से कहा कि हमारी शादी करा दो परंतु घर वालों ने शादी नहीं कराई।ै कुरान में आग लगाने पर आरोपी वीडियो में यह कहता हुआ नजर आता है किै आग हमने नहीं लगाई, न हम गए थे, हमारे अंदर से एक आत्मा निकल कर गई थी और आग उसने ही लगाई है।ै कथित रूप से कुरान जलाने की घटना के बाद शुक्रवार को जुमा की नमाज के चलते शहर की मस्जिदों में व्यापक चौकसी बरतते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया और इस दौरान शहर के तीन स्थानों पर मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए।

## अंधाधुंध गोलीबारी में दो लोगों की मौत

**बांदा।** बांदा जिले की बबेरू कोतवाली क्षेत्र मे कुछ व्यक्तियो ने नशे की हालत मे गोलीबारी करके एक परिवार के दो व्यक्तियो की कथित तौर पर हत्या कर दी जबकि इसमे दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने शनिवार को दी।जिले के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) लक्ष्मी निवास मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार देर रात बेंव गांव के अमरइया पुरवा मे विवाद के चलते एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के ऊपर लाइसेंसी असलहे से अंधाधुंध गोलीबारी कर दी, जिससे एक परिवार के छोटेलाल यादव (55) और उसके चचेरे भाई शारदा (45) की मौके पर मौत हो गई, जबकि इसी परिवार के करन (25) व अवधेश (22) गोली लगने से घायल हो गए। उन्होने बताया कि इस सिलसिले मे सात लोगो के खिलाफ संगीन धाराओ मे मामला दर्ज करके तीन व्यक्तियो को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होने बताया कि शेष चार आरोपियो की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है।मिश्रा ने बताया कि घायल करन और अवधेश को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल मे भर्ती कराया गया है और दो शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। एएसपी ने बताया कि गांव मे सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## देवी-देवताओं और जाति विशेष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर शिक्षक निलंबित

**भदोही।** भदोही जिले के ज्ञानपुर खंड विकास क्षेत्र में एक प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक को कथित तौर पर वाट्सएप ग्रुप में हिंदू देवी-देवता और एक जाति विशेष के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय ब्राह्मण युवजन सभा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने शिक्षक के खिलाफ कार्वाई की मांग करते हुए शुक्रवार को जिला मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया था और जिलाधिकारी गौरांग राठी को एक ज्ञापन सौंपा था। राठी ने बीएसए को तलब कर मामले की जांच कर तत्काल कार्वाई का निर्देश दिया था। भदोही के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) भूपेंद्र नारायण सिंह ने शनिवार को बताया कि जांच में शिकायत सही पाए जाने पर ज्ञानपुर ब्लाक के भिडड़िरा पाली स्थित प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक रमेश चन्द यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है जिसमें यह पता किया जाना है कि ग्रुप एडमिन ने बार-बार ऐसे मैसेज भेजने पर क्या कार्वाई की और यदि यह आपराधिक मामला है तो शिक्षक और व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन के विरुद्ध कार्वाई की जाएगी। प्राथमिक शिक्षक संघ के व्हाट्सएप ग्रुप में इससे पहले भी रमेश चंद यादव द्वारा देवी देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने की शिकायत की गई थी, पर विभाग के किसी अधिकारी ने कोई कार्वाई नहीं की। जिला मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन करने वालों का कहना था कि हर दिन शिक्षक रमेश चंद यादव देवी देवता पर अभद्र भाषा में टिप्पणी सहित ब्राह्मण समाज को बलात्कारी ,आतंकवादी, झूठा ,पाखंडी हत्यारा कहते हुए मैसेज ग्रुप में डालते हैं और इसके साथ-साथ ब्राह्मण समाज को अपमानित करने वाले मैसेज भी डालते हैं।

## प्रतापगढ़ में पुलिस व राजस्व टीम पर हमला पांच लोग हुए गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले के बेलसण्डी गांव में पट्टे की जमीन की पैमाइश के दौरान पुलिस व राजस्व टीम पर हमला करने के आरोप में दो महिलाओं सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पट्टी के पुलिस उपाधीक्षक (क्षेत्राधिकारी) दिलीप सिंह ने शनिवार को बताया कि कोतवाली पट्टी के अंतर्गत बेलसण्डी गांव में पट्टा धारक अर्णिमा यादव ने अवैध कब्जे की शिकायत की थी जिसके बाद पट्टी के उपजिलाधिकारी के आदेश पर शुक्रवार को पुलिस टीम के साथ राजस्व निरीक्षक ओम प्रकाश श्रीवास्तव और लेखपाल अमित यादव गांव गए थे। उन्होंने बताया कि पुलिस की मौजूदगी में जमीन की पैमाइश के दौरान दूसरे पक्ष ने विरोध शुरू कर दिया और पुलिस व राजस्व कर्मियों से भिड़ गए व मकान की छत से पुरुष व महिलाओं ने पथराव किया। उन्होंने बताया कि पथराव में कांस्टेबल राजेश पाल, सौरभ यादव और पट्टा धारक का पति शुभम यादव घायल हो गए। सिंह ने बताया इसी दौरान एक छप्पर में आग लग गई और आग को बुझाने के लिए दमकल कर्मियों को बुलाया गया तथा अतिरिक्त पुलिस बल भी बुलाया गया। पुलिस ने उपनिरीक्षक अजीत सिंह की तहरीर पर आठ लोगों के विरुद्ध सरकारी काम में बाधा डालने व बलवा करने समेत अन्य सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने शुक्रवार देर शाम मोहम्मद रमज़ान, फिरोज़ ऊ2398ी समीर, खुशबू, नसरीन व शमशेर सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

# जतन में जुटी सरकार फिर भी गोवंश दुर्दशा का शिकार

### पुनर्वास के लिए भारी-भरकम बजट की है व्यवस्था, लेकिन गौशालाओं का बुरा हाल-भूख और प्यास से जान गंवा रहे मवेशी


**आलोक निगम।** बांदा





**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में गोवंश का पुनर्वास और सुरक्षा व रख रखाव प्राथमिक स्तर पर है। प्रदेश सरकार ने पूरे प्रदेश के लिए गोवंश ओके पुनर्वास के लिए भारी.भरकम बजट दे रखा है अगर बजट की बात की जाए तो बजट का कोई निर्धारण नहीं है बल्कि गाय की संख्या के आधार पर फंड आवंटित किया जाता है प्रति गाय 900 प्रति माह का बजट प्रदेश सरकार द्वारा रखा गया है। इसके अलावा प्रति गौशालाओं के रख रखाव के लिए साफसफाई के लिए 5.5 कर्मचारी भी नियुक्त किए गए हैं। इनका वेतन 5000 प्रति माह निर्धारित है यानी कि एक गौशाला में तैनात कर्मचारियों पर सरकार 25000 खर्च करती है और इनका काम गौशालाओं में गोवंश का खयाल रखना साफसफाई पानी चारा भूसा जो भी सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है।लेकिन आलम यह है कि गौशालाएं बदहाली की भेंट चढ़ रही है।

यदि गोवंश के हालातों पर जिला बांदा का जिक्र किया जाए तो सबसे पहले यह जानना होगा कि जनपद बांदा में 375 गौशाला ए संचालित है और इस प्रकार से 375 गौशालाओं में प्रति गौशाला 5 कर्मचारी लगभग नियुक्त है तो इस प्रकार से लगभग 9375000 सरकार द्वारा इन गौशालाओं के कर्मचारियों को वेतन दिया जा रहा है इसके अलावा 375 गौशालाओं में लगभग 110000 गोवंश आंकड़ों के हिसाब से संरक्षित है और प्रति गोवंश 900 प्रतिमाह दिया जाता है तो यह आंकड़ा लगभग 9 00 करोड़ 90 लाख रुपया होता है इसके अलावा मेडिकल फैसिलिटी में और टीन शेड्सए वाह गौशालाओं के अन्य व्यवस्था में भी पैसा खर्च होता है तो मोटा माटी यह आंकड़ा जनपद बांदा में दस करोड़ तिरासी लाख पचहत्तर हज़ार लगभग गोवंश के पुनर्वास के लिए सरकार द्वारा खर्च किया था लेकिन स्थानीय स्तर पर गौशालाओं में व्यववस्थाएं बदतर हो चुकी हैं। नतीजा यह कि संक्रमण के चलते भारी तादाद में गोवंश दम तोड़ते जा रहे हैं। जैसा कि सरकार की मंशा है कि गायों को गुड़ चना भी खिलाया जाए तो गुड़ चना तो कहीं भी किसी भी गौशाला में देखने तक को नहीं मिला। आंकड़ों की माने जनपद बांदा में 20000 से अधिक गोवंश लंपी वायरस की चपेट में आ चुका है लेकिन टीकाकरण के नाम पर सिर्फ पैसे का बंदरबांट किया गया है और बेजुबा गोवंश के साथ घोर अन्याय किया गया है जानवर गौशालाओं में भूख से तड़पते रहते हैं। अभी कुछ दिन पहले आयुक्त धाम मंडल आरती सिंह ने अतर्रा की कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया था जिसमें उन्होंने भयंकर गंदगी पाई थी। आयुक्त ने नगरपालिका और पशु चिकित्सा अधिकारी को सख्त निर्देश दिए थे कि अगर आगे कोताही बरती गई तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।




## ऊंट पहाड़ के नीचे

एक समय में राजदरबार से लेकर सियासत के गलियारे तक में अपनी मजबूत पैठ रखने वाले पाठक आजकल जांच की आंच में आ गए हैं। जांच भी ऐसी कि जांच एजेंसिया पूरी कुंडली खंगाल रही हैं। अब ऐसे में तो यही कहा जा सकता है कि पाठक जी के अच्छे दिन गए। मामला फेल को पास कराने का हो या अन्य। सभी कार्य पाठक के ऐसे होते थे जिसकी किसी को भनक न लगे। मगर कब तक राज पर पर्दा रहे। कभी तो राज बेपर्दा होगा। वही इस समय हो रहा है। जीरो टालरेंस की नीति पर चल रही भगवा सरकार मामले के तह तक जाने को बेचैन है। एक समय में दो दो संस्थान का चार्ज संभालने वाले पाठक कभी सियासत के आंखों के तारे हुआ करते थे। कहने वाले तो यह भी कहते है किसको बनवाना है और किसको नहीं ,यह सब पाठक ही तय करते थे। पर इस समय सब उल्टा हो रहा है। फिलहाल इस सब जांच के दायरे में है इसलिए कुछ कहना उचित नहीं है। पर एक बात जरूर है कि सब दिन होत न एक समान।

## ट्रोल हुयी महिला आईपीएस

अपने मुंह मिया मिट्ठू बनना एक महिला आईपीएस अधिकारी को भारी पड़ गया। कुछ समय पहले तक एक महत्वपूर्ण पुलिस कमिश्नरेट में तैनात रहीं यह महिला आईपीएस मौजूदा समय में मध्य यूपी के एक छोटे से जिले की कप्तान हैं। मैडम जब कमिश्नरेट में तैनात थीं उस समय भी अपनी शेखी बखारने में उनका कोई जवाब नहीं था। उनके हुक्म पर उनकी बहादुरी के किस्से मीडिया में छपवाने के लिए मातहत अधिकारी अखबारों के दफ्तर के चक्कर काटते थे। अपनी आदत के अनुसार ही मैडम ने वर्तमान तैनाती वाले जिले की पुलिस को बेहतर प्रदर्शित करने के लिए टेस्ट एफआईआर का स्वांग रचा। खुद ही सामान्य महिला बनकर फोन पर लूट की सूचना दी। जिसके बाद आनन-फानन पुलिस कर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए। इसके वीडियो शूट करके उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस की ट्वीटर हैंडल सहित सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म पर लोड भी करवाया। अभी वह कायदे से अपनी पीठ थपथपा भी नहीं पाई थीं कि इधर सोशल मीडिया पर इसी मामले से जुड़ा एक और वीडियो वायरल हो गया। इसमें दिख रहा है कि पुलिस के सामने एसपी एक बाइक पर निकल रहीं है और एक युवक कैमरा लेकर पीछे भागते हुए कह रहा है कि 'चलो-चलो देखो, कौन सी जगह सही रहेगी।' इस वीडियो के बाद तो मैडम का सच उजागर हो गया और वह सोशल मीडिया पर झूठी वाहवाही लूटने के चलते खूब ट्रोल हुई। अब अपनी सफाई में मैडम का कहना है कि यह वीडियो अधूरा है और उन्होंने पुलिस का रिस्पांस टाइम चेक करने के लिए सारी कवायद की थी जिसमें उनके जिले की पुलिस पूरी तरह से फिट साबित हुई।

## मंत्री का खिलौना टूट गया



मंत्री जी गुमसुम हैं। कुछ समझ में नहीं आ रहा। क्या करें। जो नव नीति बनाने वाला था बड़े महाराज ने उसे उनके पास से हटा दिया है। भेज दिया खेलने के लिए। आलम अब यह है कि मंत्री जी मिट्टी से बने खिलौने से खेल रहे हैं। खेले भी क्यों न। अब उनके पास बचा ही क्या है। एक ऐसे व्यक्ति को बड़े महाराज ने भेज दिया है जो केवल मन मोहने वाला प्रसाद ही बांटता रहता है। दो महीने हो गए। इस प्रसाद बांटने वाले ने अभी कुछ ऐसा किया ही नहीं जो मंत्री के मन को मोहे। सब कुछ जस का तस पड़ा हुआ है। न कुछ नया न कुछ नीति। नव नीति तो पहले वाले बनाते थे। बस मंत्री जी का इशारा चाहिए होता था और नीति व व्यवस्था हाजिर होती थी। मंत्री के पास अब जो आए हैं वह केवल मन मोहने वाला प्रसाद ही देते रहते हैं। कुछ करते ही नहीं हैं। यही मंत्री जी की व्यथा है। कहें तो किससे कहें। मंत्री की बड़ी इच्छा है कि नव नीति बनाने वाला वह व्यक्ति दोबारा उनके पास आ जाए लेकिन बड़े महाराज कुछ सुनने को तैयार ही नहीं है।

## ठाट बाट पर लगता बट्टा



शहर में नगर निगम चुनाव की अंतिम तारीख आने से पहले पार्टियों में आपसी खींचतान शुरू हो गयी है। परिसीमन के बाद कई वार्डों का स्वरूप बदल गया है जिससे पुराने लखनऊ के एक नवाब साहब काफी आहत दिखे। नवाब साहब नवाबों के शहर में तीन बार से पार्षद चुने जा चुके हैं लेकिन इस बार डगर कठिन हो गयी है। अपने वार्ड के कई इलाके दूसरे भगवाधारी पार्षद के क्षेत्र में आने से नवाब साहब परेशान हैं। नवाब साहब की नवाबी ऐसी कि सभी पार्षदों में अलग ही दिखते हैं। उनके शौख से लोग उन्हें नवाब साहब ही कहते हैं। नयी प्रजातियों के कुत्तें पालने के शौकीन नवाब साहब की परेशानी परिसीमन के साथ साथ भौकाल में आई गिरावट भी है। इनमें सबसे बड़ा नगर निगम का डॉग शो हैं, जिसमें नवाब साहब के टेलेंटेड और ट्रेंड विदेशी प्रजाति के कुत्ते हमेशा कमाल करते रहे हैं। डॉग शो में टाप 5 में बने रहने से उनकी याति और बढ़ जाती थी। लेकिन प्रदेश में नयी भगवधारी सरकार बनते ही डॉग शो भी बंद हो गये और नवाब साहब के ठाट बाट पर भी बट्टा लग गया। कभी नवाब साहब के यहां पूर्व मुख्यमंत्री भी घर में जाकर सेवाइयां खाते थे लेकिन अब संतरी भी नहीं पूछतो। गाहे बगाहे लोगों के सामने नवाब साहब का दर्द झलक ही पड़ता है।

## चिकने घड़े पर अध्यात्म भी फेल

चीफ साहब ने बीते दिनों सोचा चलो अपने सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने के लिए उनको अध्यात्म का पाठ पढ़ाया जाए लेकिन उसका कोई असर फिलहाल देखने को नहीं मिल रहा है। शुक्रवार को लोक भवन में एक प्रसिद्ध संगठन की प्रमुख महिला जो कि अपने अध्यात्म के प्रवचन के बारे में प्रसिद्ध हैं,उन्होंने लोक भवन में करीब एक घंटा अधिकारियों और कर्मचारियों को आध्यात्म और कामकाज के तौर तरीकों समेत अन्य कई मुद्दों पर उनका मार्गदर्शन किया। अध्यात्म समाप्त होने के बाद जब अधिकारी अपने कमरे में गए तो एक अधिकारी जो कि प्रमुख सचिव स्तर के हैं उनसे रहा नहीं गया और उन्होंने अपने मीडिया के लोगों से कहा कि चाहे जितने भी अध्यात्म के पाठ यहां पर पढ़ाएं जाएं लेकिन यहां का कामकाज चिकने घड़े की तरह ऐसा हो गया है कि अध्यात्म रूपी पानी चाहे जितना इस घड़े पर डाला जाए कोई असर नहीं होगा। उन्होंने यह बात इसलिए कही क्योंकि अभी कुछ दिन पहले ही एसटीएफ ने भ्रष्टाचार के मामले में एक अनुभाग अधिकारी को गिरफ्तार किया है। साथ ही एसटीएफपहले से ही कई भ्रष्टाचार के मामले में सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को पकड़ चुकी है जिनकी जांच चल रही है। इन सब बातों को देखते हुए ही उक्त अधिकारी महोदय ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि अध्यात्म व्यक्ति के अंतर्मन से स्वयं आता है। ऊपर से चाहे जितना आप समझाइए। असर नहीं करता है। जैसे एक कहावत है कि बांधे बनिया बाजार नहीं लगती।

# फील्ड में जाएं नोडल अफसर, डेंगू पर रखें पैनी नजर: योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

● निकाय साफ-सफाई, फॉगिंग व एंटी लारवा स्प्रे का विशेष अभियान चलाएं: मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में पांव पसार रहे संचारी रोग डेंगू को लेकर शनिवार सुबह अपने आवास पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने नोडल अफसरों को डेंगू के रोकथाम की व्यवस्थाओं को देखने के लिए दोबारा फील्ड में जाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में सर्विलांस की गतिविधियां बढ़ाई जाएं। प्रदेश के सभी नगर निगम, स्थानीय निकाय साफ -सफाई, फॉगिंग, एंटी लारवा स्प्रे पर विशेष अभियान चलाएं। साथ ही मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि मिशन मोड में डॉक्टरों एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। अस्पताल पहुंचे मरीज को हर हाल में जरूरी उपचार मिलना चाहिए। इससे पहले भी मुख्यमंत्री ने 26 अक्टूबर को डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने के निर्देश दिए थे। साथ ही प्रत्येक जिला अस्पताल में आइसोलेशन वार्ड बनाने समेत बेड समेत दवाओं एवं अन्य जरूरी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के आदेश दिए थे। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने प्रदेश के आम नागरिकों से भी अपील की थी कि वो संचारी रोगों को लेकर सतर्क रहें और पूरी सावधानी बरतें।

## पैनिक क्रिएट करने वालों के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई

● मुख्य सचिव ने वीडियो कांफेंसिंग कर डेंगू की रोकथाम के लिए डीएम-कमिश्नर को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए डेंगू के रोकथाम-नियंत्रण के लिए सभी जनपदों के जिलाधिकारी एवं मंडलायुक्तों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता को डेंगू को लेकर जागरुक करें। उन्हें बतायें कि पैनिक होने की जरूरत नहीं है, संचारी रोगों को लेकर सतर्क रहें और पूरी सावधानी बरतें। सभी नगर निगम और नगर निकाय क्षेत्रों में रोजाना फॉगिंग की व्यवस्था कराई जाए। प्रभावित क्षेत्रों में सर्विलांस की गतिविधियां बढ़ाई जाएं। अस्पताल पहुंचे मरीज को हर हाल में जरूरी उपचार मिले। उन्होंने कहा कि लोगों को डेंगू से बचाव के प्रति जागरुक करने के साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी सतर्क रहने की जरूरत है। अगर कोई सोशल मीडिया पर डेंगू को लेकर पैनिक क्रिएट करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। इसके साथ अस्पतालों और जिन इलाकों में डेंगू बढ़ रहा है वहां का अधिकारी स्थलीय निरीक्षण अवश्य करें। अगर किसी प्रकार की समस्या आती है तो तुरंत उच्च अधिकारियों को उस समस्या से अवगत कराएं ताकि समय से निदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में पर्याप्त संख्या में अतिरक्त बेड्स, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स तक औषधियों एवं ओआरएस की उपलब्धता हो। डेंगू व अन्य मच्छर जनित रोगों के लिए रिजर्व किए गए बेड्स पर मच्छरदानी की उपलब्धता को भी सुनिश्चित किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जिलों में ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर यूनिट्स की उपलब्धता व क्रियाशीलता एवं पर्याप्त मात्रा में प्लेटलेट्स उपलब्ध हों।

बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा, प्रमुख सचिव सूचना एवं गृह संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# सार्वजनिक नीतियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाना अहम: मुख्य सचिव



● इंडियन गवर्नेंस समिट-2022 का आईआईटी, कानपुर में हुआ आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने पब्लिक पॉलिसी एण्ड ओपीनियन सेल आईआईटी कानपुर द्वारा आयोजित इंडियन गवर्नेंस समिट-2022 को संबोधित करते हुए सीएस दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि आज की लोक नीति केवल योजना बनाने के बारे में नहीं है बल्कि कार्यान्वयन के बारे में है। आज के भारत में सार्वजनिक नीतियों को प्रभावी ढंग से जनता तक पहुंचाना महत्वपूर्ण है।

दुर्गा शंकर मिश्र ने उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यान्वयन पर प्रकाश डाला। वर्तमान सरकार के तहत योजना की स्वीकृति की गति में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने अंग्रेजी को एक संचार भाषा के रूप में सीखते हुएए एनईपी के अनुरूप स्थानीय भाषाओं को प्राथमिकता देने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें भाषा को बाधा नहीं बल्कि अपनी ताकत बनने देना चाहिए। मुख्य सचिव ने आईआईटी कानपुर में सी3आई हब, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ड्रोन और नेशनल सेंटर फॉर फ्लेक्सिबल इलेक्ट्रॉनिक्स का भ्रमण किया। राष्ट्रीय ब्लॉकचैन परियोजना के हिस्से के रूप में आईआईटी कानपुर ने ई-गवर्नेंस सेवाओं के लिए यूपी और कर्नाटक राज्य सरकारों के साथ गठजोड़ किया है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ड्रोन में आईआईटी कानपुर के एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर अभिषेक ने मुख्य अतिथि को ड्रोन के लिए ईंधन सेल विकास के साथ-साथ ड्रोन की सहनशक्ति, ऊंचाई और भार क्षमता का प्रदर्शन किया।

उन्होंने आईआईटी कानपुर के नेशनल सेंटर फॉर फ्लेक्सिबल इलेक्ट्रॉनिक्स में विकसित प्रिंट करने योग्य इलेक्ट्रॉनिक्स और लिखने योग्य इलेक्ट्रॉनिक्स सर्किट का जायजा लिया। आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो अभय करंदीकर ने कहा कि नीति निर्माता के रूप में उनका विशाल अनुभव और राज्य के मुख्य सचिव के रूप में उनकी वर्तमान भूमिका यूपी के लिए विकास की नई संभावनाएं लेकर आई है। आईआईटी कानपुर विभिन्न महत्वपूर्ण अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं पर राज्य सरकार के साथ जुड़ा हुआ है। हम प्रभावी नीति बनाने के लिए अपना योगदान देना जारी रखेंगे जिससे न केवल राज्य बल्कि राष्ट्र को भी लाभ हो। स्कूल की आधारशिला केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस साल जुलाई में रखी थी। इसमें 500 बिस्तरों वाला यदुपति सिंघानिया सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल भी होगा। उन्होंने महत्वाकांक्षी हृदययंत्र परियोजना का भी निरीक्षण किया जिसे एलवीएडी लेफ्ट वेंट्रिकुलर असिस्ट डिवाइस सुविधा के रूप में भी जाना जाता है जो एक किफायती और उन्नत कृत्रिम हृदय विकसित करने पर काम कर रहा है जो चिकित्सा विज्ञान में गेम-चेंजर हो सकता है। उन्हें एक सिम्युलेटर के अलावा विकास के तहत प्रोटोटाइप और सतह के उपचार पर चल रहे शोध को दिखाया गया था जो एलवीएडी के परीक्षण के लिए हृदय में परिवर्तनशील रक्त प्रवाह की नकल करता है।

## चार आईएएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने शनिवार को चार और आईएएस अफसरों के तबादले किए हैं। अखिलेश कुमार मिश्र को विशेष सचिव परिवहन से विशेष सचिव उच्च शिक्षा बनाया गया है। सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद प्रयागराज रहे अमर नाथ उपाध्याय को प्रतीक्षारत कर दिया गया है। साहब सिंह को अपर आयुक्त आगरा मंडल से सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद प्रयागराज और घनश्याम सिंह को विशेष सचिव नियोजन एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन से अपर आयुक्त लखनऊ के पद पर भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने शुक्रवार को भी कई जिलों के डीएम का तबादला किया था।

# किसानों के उत्पीड़न के सारे रिकार्ड तोड़ रही है भाजपा सरकार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार किसानों के उत्पीड़न के सारे रिकार्ड तोड़ रही है। पूंजीघरानों और मिल मालिकों के कहने पर किसानों का शोषण हो रहा है। अपनी आवाज उठाने पर किसानों पर यह सरकार लाठियां बरसाती है। किसान सम्मान निधि का लालच दिखाकर अब किसानों से जबरन वसूली की जा रही है। किसानों के खेत और जमीन का अधिग्रहण कर सरकार उन्हें बेदखल तो कर रही है पर उन्हें उचित मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपनी वाहवाही के लिए किसानों से धान खरीद का ऐलान तो कर दिया पर अभी तक क्रय केंद्रों की व्यवस्था भी नहीं हो पाई है। कई जगहों पर तो क्रय केन्द्रों पर ताला लगा है और कहीं.कहीं किसानों को यों ही टरका दिया गया। धान खरीद में भ्रष्टाचार की शिकायतें शुरुआत में ही आने लगी है। सीतापुर में क्रय केन्द्रों पर हो रही धान की फर्जी खरीद, बिना तौले खरीद दिखा रहे जिम्मेदार। भाजपा सरकार में बढ़ रहे भ्रष्टाचार के कारण हो रहा अन्नदाताओं का शोषण शर्मनाक है। अखिलेश ने कहा कि दादरी एनटीपीसी प्लांट पर शांतिपूर्वक धरना दे रहे किसानों पर पुलिस ने निर्मम लाठीचार्ज किया। महिलाओं को बुरी तरह पीटा गया और दर्जनों किसानों को गिरफ्तार किया गया। अन्नदाताओं पर लाठीचार्ज करना, धरना प्रदर्शन रोकना तथा उन्हें जेल भेजना लोकतांत्रिक अधिकारों पर हमला है। लाठी के सहारे किसानों की आवाज को दबाना घोर निंदनीय है। अखिलेश ने कहा कि एमएसपी पर फसल खरीद का सपना देखते किसानों को वर्षों बीत गए है। भाजपा ने उन्हें सन् 2022 तक आय दुगनी करने का भी झांसा दिया। गन्ना किसानों को ब्याज सहित बकाया भुगतान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री को नए-नए निर्देश देने का शौक है तो अधिकारियों को उससे बेपरवाह रहने का शौक है। किसान सरकार अव्यवस्था के चलते परेशान है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया समय से पूरी न होने के चलते किसान धान क्रय केन्द्रों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। तहसील में लेखपाल किसानों के डाक्यूमेंट्स समय से सत्यापित नहीं कर रहे हैं।

## उप्र में सफल रहा केंद्र सरकार का डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान

**लखनऊ।** पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है। सभी पंजीकृत पेंशनभोगी संघों, पेंशन संवितरण बैंकों, सीजीएचएस वेलनेस केंद्रों को निर्देश दिया गया है कि वे पेंशनभोगियों के सुविधापूर्ण जीवन के लिएए जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिए डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र, फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक को बढ़ावा देने के लिए विशेष शिविरों का आयोजन करें। इसी कड़ी में संजीव नारायण माथुर संयुक्त सचिव पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के नेतृत्व में केंद्र सरकार की एक टीम लखनऊ में थी। शुक्रवार और शनिवार को टीम ने प्रत्यक्ष कर भवन राम तीर्थ मार्ग में केन्द्र सरकार के पेंशनधारियों के लिए दो दिवसीय अभियान चलाया गया। अपने मोबाइल फोन में फेस ऑथेंटिकेशन जीवन प्रमाण ऐप डाउनलोड करने और अपने फोन से जीवन प्रमाणपत्र देने के संबंध में विभाग के अधिकारियों द्वारा इन पेंशनभोगियों का मार्गदर्शन किया गया।

# प्रसपा लखनऊ नगर निगम की सभी सीटों पर उतारेगी प्रत्याशी

● शहर में साफ-सफाई व फागिंग के लिए कल नगर आयुक्त को पार्टी देगी ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




**प्रगतिशील** समाजवादी पार्टी लोहिया (प्रसपा) लखनऊ नगर निगम के मेयर सहित पार्षद के सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यह निर्णय शनिवार को प्रसपा मुख्यालय में आयोजित पदाधिकारियों की बैठक के दौरान लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसपा के प्रमुख महासचिव अजय त्रिपाठी मुन्ना प्रदेश महासचिव प्रेम प्रकाश बर्मा एवं लखनऊ मंडल के प्रभारी राम सिंह यादव उपस्थित थे। बैठक में हुए निर्णयों की जानकारी देते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष रंजीत यादव एवं महानगर अध्यक्ष सऊद खान ने बताया कि आगामी नगर निगम के चुनाव में मेयर सहित सभी पार्षद के सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया उक्त बैठक में ही सभी सीटों पर टिकटों को फाइनल करने के लिए और चुनाव लड़ाने के लिए एक चुनाव संचालन समिति के गठन का भी निर्णय लिया गया है। इस दौरान लखनऊ मेयर के प्रत्याशी के रूप में प्रमुख महासचिव अजय त्रिपाठी मुन्ना का नाम सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रसपा के प्रमुख महासचिव अजय त्रिपाठी ने कहा की पार्टी आगामी नगर निगम चुनाव एक-एक सीटों पर बहुत ही मजबूती के साथ लड़ेगी।

उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव, प्रदेश अध्यक्ष आदित्य यादव के द्वारा पहले से ही पूरे प्रदेश नगर निगम चुनाव एवं नगर पालिका चुनाव लडने का ऐलान किया जा चुका है। अब हम सभी मिलकर अधिक से अधिक सीटों पर प्रसपा का झंडा फहराने का काम करेंगे। अजय त्रिपाठी मुन्ना ने कहा कि राजधानी लखनऊ में फैले डेंगू एवं मलेरिया को देखते हुए पूरे शहर में साफ़ -सफाई कराने एवं फागिंग कराने सोमवार 7 नवम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे नगर आयुक्त को पार्टी की तरफ से ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक में मुख्य प्रवक्ता दीपक मिश्रा, महासचिव हरिशंकर यादव, अरविंद सिंह यादव, प्रखर सिंह, राष्ट्रीय महासचिव अनूप सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, अलीम ख़ान, ग्यासुल हक, शान्ति यादव, अनुराधा यादव, अनिल बर्मा, अलीम ख़ान, अजीत चौहान, संगीत यादव, योगेश पांडेय, रजनीश यादव, प्रखर सिंह, डी पी याद, अल्पना बाजपेई, जाबेद खान, राजेश यादव, डॉक्टर सुनील, नितिन प्रधान सहित बड़ी संख्या पार्टी के नेता उपस्थित थे।

# सीएम योगी बने संकट के सारथी

## एक लाख से अधिक लोगों को 17 अरब रुपए देने वाले पहले मुख्यमंत्री बने

● योगी ने अपने कार्यकाल में सपा सरकार से चार गुना अधिक धनराशि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ गरीबों, जरूरतमंदों, बीमार, असहाय और लाचारों के संकट के साथी बने हैं। उन्होंने समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को आर्थिक मदद करने के लिए सरकार का खजाना खोल दिया है। पिछले साढ़े पांच वर्षों में एक लाख से अधिक लोगों को 17 अरब रुपए देने वाले पहले सीएमए योगी बने हैं जबकि सपा सरकार में मात्र 10 हजार 431 लोगों को चार अरब 47 करोड़ 84 लाख 94 हजार 948 रुपए की मदद की गई थी।

सीएम योगी ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से वित्तीय वर्ष 2017-18 में 13093 लोगों को एक अरब 71 करोड़ 35 लाख 82 हजार रुपए, वित्तीय वर्ष 2018-19 में 17 हजार 650 लोगों को दो अरब 44 करोड़ 94 लाख 49 हजार 400 रुपए, वित्तीय वर्ष 2019-20 में 17 हजार 940 लोगों को दो अरब 74 करोड़ 17 लाख 19 हजार 500 रुपए और वित्तीय वर्ष 2020-21 में 15190 लोगों को दो अरब 66 करोड़ 82 लाख 35 हजार 286 रुपए दिए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 में 22176 लोगों को तीन अरब 90 करोड़ 52 लाख 50 हजार 365 रुपए और वित्तीय वर्ष 2022-23 में 31 अक्तूबर तक 18597 लोगों को तीन अरब 32 करोड़ 90 लाख 25 हजार 359 रुपए दिए हैं। ऐसे में कुल साढ़े पांच वर्षों में 104646 लोगों को 16 अरब 80 करोड़ 72 लाख 61 हजार 910 रुपए दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के विशेष सचिव प्रथमेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार जरूरतमंद और गरीब पात्रों की मदद की जा रही है। इसमें किडनी प्रत्यारोपण, कैंसर, हृदय रोग और अन्य गंभीर बीमारियों में धनराशि तय समय में दी जाती है। इस पूरी व्यवस्था को अब और पारदर्शी बनाते हुए आनलाइन कर दिया गया है। सीएम योगी ने इससे पहले कोरोना काल में भी लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए गांव-गांव और घर-घर भ्रमण किया था। इसके अलावा जिले स्तर पर सेवाओं और सुविधाओं को लेकर बैठक भी की थी। सीएम योगी शुरू से ही गरीबों, मजलूमों, असहायों और गंभीर रोगियों की मदद में आगे रहे हैं। सांसद रहते हुए भी उनके द्वार हमेशा आम लोगों के लिए खुले रहते थे। सूबे में सत्ता में आने के बाद सीएम योगी ने प्रदेश में अब तक सबसे ज्यादा ऐसे लोगों की मदद की है जिन्होंने पैसे के अभाव में अपनों के जीवन की आस छोड़ दी थी। सीएम योगी की मदद से ऐसे हजारों लोगों की न सिर्फ जान बची हैए बल्कि उनके परिवारों की जमीन और गहने भी बिकने के कगार पर थे। सपा सरकार के दौरान 2012 से लेकर 2017 तक मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से वित्तीय वर्ष 2012-13 में 3362 लोगों को 31 करोड़ 37 लाख नौ हजार 500 रुपए, वित्तीय वर्ष 2013-14 में 4361 लोगों को 31 करोड़ 37 लाख नौ हजार 500 रुपएए वित्तीय वर्ष 2014-15 में 5284 लोगों को 44 करोड़ 98 लाख 80 हजार 750 रुपए, वित्तीय वर्ष 2015-16 में 7762 लोगों को 98 करोड़ 34 लाख 42 हजार 747 और वित्तीय वर्ष 2016-17 में 10431 लोगों को एक अरब 64 करोड़ 94 लाख 17 हजार 732 रुपए की मदद दी गई थी।

नगर निकाय चुनाव की सरगर्मी

# बिना दल वाले दावेदार को सिरमौर बनाती है सिधौली नगर पंचायत

संवाददाता । सिधौली- सीतापुर

**नगर पंचायत** सिधौली के गठन के बाद वर्ष 1988 में जब पहली बार नगर पंचायत अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ तब सिधौली के प्रथम चेयरमैन के रूप में डाक्टर अवधेश श्रीवास्तव निर्वाचित हुए इसके पश्चात लगभग साढ़े तीन साल के कार्यकाल के बाद डा अवधेश श्रीवास्तव को अविश्वास का सामना करना पड़ा इसके बाद यह सीट एस डी एम के प्रशासन में रही और लगभग 7 वर्ष प्रशासन के सुपुर्द रही । वर्ष 1997 में चर्चित चेहरा व जन सामान्य नेता उमाशंकर मिश्र चेयरमैन के पद पर आसीन हो जाते है फिर लगातार तीन पंचवर्षीय नगर पंचायत सिधौली के अध्यक्ष बने रहते है फिर वर्ष 2012 में जब सीट का आरक्षण बदलता है तब नगर पंचायत में सभासद रहे गंगाराम राजपूत अध्यक्ष पद के लिए अपनी दावेदारी पेश करते है सरल स्वभाव के होने कारण पहली बार गंगाराम राजपूत अध्यक्ष बन जाते है वर्ष 2017 में इस सीट का आरक्षण बदलता है और सीट सामान्य महिला हो जाती है इस सीट पर उमाशंकर मिश्र की पत्नी गीता मिश्रा और गंगाराम राजपूत की पत्नी मीना राजपूत अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करते है और गीता मिश्र को हराकर मीना राजपूत अध्यक्ष के पद पर आसीन होती है !

### दलगत राजनीती को नकार देती है सिधौली नगर पंचायत

**सिधौली नगर** पंचायत चुनाव का इतिहास अभी तक दलीय राजनीति से किनारा किये है अभी तक निर्दल प्रत्याशी ही नगर पंचायत का अध्यक्ष बना है।

### जब 42 वर्ष बाद खिला कमल तो दलीय प्रत्याशियों को मिला बल

**जहाँ अभी** तक नगर पंचायत में निर्दल प्रत्याशी ही जीतते आये है वहीँ इस बार 42 वर्ष बाद विधानसभा सिधौली में भाजपा ने अपना विधायक बनाया है तो दलीय प्रत्याशियों में इस बार आस जग चुकी है कि इस बार वो सत्ता पक्ष के टिकट से जीत पाएंगे इसी को लेकर आचार्य मनीष पाण्डेय,प्रशांत तिवारी, ललित मिश्रा, मन्नूलाल तिवारी सहित आधा दर्जन लोग भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ना चाहते है।

# सीतापुर में चला बुलडोज़र, पूर्व चेयरमैन आशीष मिश्रा व कोतवाल में हुई झड़प

संवाददाता सीतापुर

- दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट, ट्रांसपोर्ट चौराहे के पास स्थित दुकानों को तोड़ा गया
- राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु ने कहा इन दुकानदारों को किसी अन्य स्थान पर दी जाएगी जगह

**अतिक्रमण को** हटाने के लिए विश्व हिंदू परिषद द्वारा ज्ञापन सौंपा गया था और साथ ही डीएम कार्यालय के बाहर बैठकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा भी पढी थी इसी कार्यवाही के अनुक्रम में लेखपालों ने नपवाई कराकर आख्या सौपी, इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने रणनीति तैयार कर, तहसीलदार सिटी मैजिस्ट्रेट और नगर पालिका की टीम ने जिला अधिकारी के आदेश पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी। योगी सरकार में बुलडोजर का खौफ बरकरार है ट्रांसपोर्ट चौराहे के पास कुछ दुकानों को बिना सूचना दिए ही गिरा दिया गया।

सिटी मजिस्ट्रेट अमृता सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी सीतापुर के आदेश पर इन दुकानों को गिरा दिया गया ,वहीं राज्य मंत्री राकेश राठौर ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका वैभव त्रिपाठी को निर्देश दिया की इन दुकानदारो को कहीं अलग से जगह दी जाएगी, इस पर अधिशासी अधिकारी ने बताया इन दुकानदारों के लिए लाल कपड़ा कोठी और आर आर डी इंटर कॉलेज के पास वेंडिंग जोन बना दिए हैं । इस मौके पर पहुंचे पूर्व चेयरमैन आशीष मिश्रा व कोतवाल तेज प्रताप सिंह के बीच तीखी झड़प हुई ,पूर्व चेयरमैन ने कहा कि जो बड़े-बड़े अतिक्रमण हैं उनको तो हटाइए इस पर तेज प्रताप सिंह ने कहा कि आप समाजसेवी हैं आप ही इन्हें कहीं और स्थान दिला दीजिये ,आप इनका हित ले रहे हैं ,इस पर दोनों के बीच तीखी झड़प हुई। स्थानीय दुकानदार उस समय अवाक रह गए जब बाबा का बुलडोजर उनकी दुकानों को तोड़ने के लिए अचानक पहुंचा दुकानदारों का कहना है कि उन्हें दुकान खाली करने के लिए कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी, यह कार्यवाही अचानक होने से वह हैरान रह गए। पुलिस द्वारा उन्हें इतना समय भी नहीं दिया गया कि वह अपने दुकान में रखे सामान को निकाल सके। ट्रांसपोर्ट चौराहे के समीप लगभग 10 दुकानों से अधिक को अचानक से तोड़ दिया गया जिसके चलते उन दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट आ गया है ,उन्हें यह समझ नहीं आ रहा कि वह अपने बच्चों का पेट कैसे पालेंगे।

## क्विक न्यूज

### बरेली जनपद में अध्यात्मिक, सांस्कृतिक तथा सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण रामगंगा चौबारी मेले का उद्घाटन



**बरेली।** जिलाधिकारी शिवाकान्त द्विवेदी ने आज दिनांक 4 नवम्बर से 11 नवम्बर 2022 तक चलने वाले रामगंगा चौबारी मेला स्थल पर जाकर फीता काटकर एवं विधिवत हवन पूजन तथा वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ मेले का शुभारम्भ किया।इस अवसर पर मा0 विधायक बिथरी चौनपुर डॉ0 राघवेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अखिलेश कुमार चौरसिया, अपर जिलाधिकारी नगर डॉ0 आर0डी0 पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन ऋतु पुनिया, एसपी ट्रैफिक श्री राम मोहन सिंह, नगर मजिस्ट्रेट श्री राकेश कुमार गुप्ता, उप जिलाधिकारी सदर श्री प्रत्यूष पाण्डेय, जिला सूचना अधिकारी श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी व मेला कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

### नगर निगम चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी के सहसवान विधायक पहुंचे बरेली

**बरेली।** नगर निगम चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने अपनी कमर कस ली है समाजवादी दफ्तर पर प्रत्येक वार्ड से अनेक प्रत्याशियों के आवेदन आ रहे हैं पार्टी हाईकमान ने आज सहसवान विधायक बृजेश यादव को नगर निगम चुनाव के और प्रत्याशियों का चयन करने के लिए भेजा है पत्रकारों से बात करते हुए बृजेश यादव ने कहा हाईकमान के निर्देश पर पहुंचा हूं बहुत जल्दी घोषणा कर दी जाएगी भाजपा द्वारा क्षेत्र में मुस्लिम बहुल क्षेत्र में मुस्लिम प्रत्याशियों को तारे जाने के सवाल के जवाब में विधायक ने कहा की पार्टी अपना फॉर्मूला खोलना खोलना नहीं चाहती समय आने पर खोला जाएगा विधायक बृजेश यादव ने कहा की बदायूं में ट्रिपल मर्डर हुआ योगी जी बुल्डोजर चलवाए , उन्होंने दावा किया किन 60 से अधिक सीटों इसबार सपा जीतेगी, और मेयर भी हमारा होगा पार्टी हाई कमान के निर्देशानुसार निर्णय लिया जाएगा, प्रदेश सरकार के काम काज से सभी परेशान है प्रदेश में सपा की लहर आयेगी,इस अवसर पर भारती चौहान, शिव चरण कश्यप, शमीम खान सुलतानी,हैदर अली, नीरज तिवारी, प्रमोद बिष्ट,आदि अनेक सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### निकाय चुनावों के सम्बन्ध में आईएमसी प्रमुख की मौजूदगी में संपन हुई मीटिंग

**बरेली** । आई एम सी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान साहब की मौजूदगी में राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर नफीस खान की अध्यक्षता में निकाय चुनावों को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार आई एम सी कार्यालय पर आज एक मीटिंग संपन्न हुई जिसमे फैसला लिया गया के निकाय चुनावों में आई एम सी पूरी ताकत से चुनाव लडेगी चुनावों के सम्बन्ध में अलग अलग कमेटी गठित की जाएगी जो आवेदको की छवि, छेत्र की जनता पर पकड़ और स्थानीय वोटर के सर्वे के आधार पर आई एम सी प्रमुख को अवगत कराएंगे जिस पर आई एम सी प्रमुख अंतिम निर्णय लेंगे ।आई एम सी मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि चेयरमैन पद के लिए जो उम्मीदवार पहले ही आवेदन कर चुके है । आवेदन के लिए यह शर्ते सभी पद के प्रत्याशियो पर लागू होगी ।मीटिंग में डॉक्टर नफीस खान, नदीम खान, मुनीर इदरीसी, मौलाना एहसानुल हक चतुर्वेदी, गोलू मिर्जा,जावेद खान,फरहत खान,साजिद सकलेनी,मकदूम बेग,रईस कुरेशी,मौलाना जीशान,फरमान रजा,सलीम खान,कामरान अहमद,रूकसार रजा,रईस रजा,मोइन सिद्दीकी,राजा अंसारी,बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

### दुर्घटना में घायल बाइक सवार ने दम तोड़ा

**बरेली** । सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । भमोरा थाने के गांव खुली निवासी 30 वर्षीय गगन मौर्य पुत्र दुर्गा प्रसाद मौर्य की बीती रात एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे 30 अक्टूबर को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि गगन मौर्य घटना वाले दिन सिरोही गांव में स्थित अपनी ससुराल जाने के लिए घर से निकला था लेकिन जब वह देवचरा के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रक से उसकी बाइक को टक्कर मार दी ।

# हिस्ट्रीशीटर की हत्या कर नहर में फेंकी लाश

- पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मुस्ताक कबाड़े का काम करता था और उस पर थाना बारादरी में गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज थे

संवाददाता। बरेली

**हिस्ट्रीशीटर की** हत्या के बाद हत्यारों ने उसकी लाश को घर से दूर नहर में फेंक दिया ।कई दिनों बाद आज लाश को पुलिस ने नहर से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी ।मृतक के घर वालों ने मोहल्ले के ही रहने वाले व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाया । बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला एजाज नगर गोटिया निवासी 42 वर्षीय मुस्ताक अहमद पुत्र निसार अहमद की लाश आज सुबह सीबीगंज थाना क्षेत्र में मिलक गांव के पास नहर में पाई गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मुस्ताक कबाड़े का काम करता था और उस पर थाना बारादरी में गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज थे। मुस्ताक के घर वालों ने बताया कि 1 नवंबर को उसे मोहल्ले के रहने वाले चुन्नू ने फोन करके अपने पास बुलाया था ।तब मुस्ताक ने अपनी पत्नी रुखसाना को बताया कि चुन्नू उसे बुला रहा है और उसे चुन्नू से 30000 रुपए लेने हैं ।लेकिन घर से निकलने के बाद वह वापस नहीं लौटा ।काफी तलाशने के बाद जब उसका कुछ पता नहीं चला तो घर वालों ने घटना की शिकायत पुलिस से कर दी ।आज सुबह मिलक गांव के लोगों ने उसकी लाश को नहर में देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दे दी। मृतक के मुंह में कपड़ा खुश हुआ था और गर्दन में चोट के निशान थे ।घरवालों ने चुन्नू पर उसकी हत्या का आरोप लगाया और कहा कि खुद को बचाने के लिए चुन्नू बीमारी का बहाना बनाकर दिल्ली चला गया है। मौके पर पहुंची सीओ थाना प्रभारी और पुलिस टीम ने शव को नहर से निकलवा कर मृतक के घर वालों को घटना की जानकारी दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक की तीन पत्नियां अलग-अलग स्थानों पर रहती हैं ।

### नाले में गिर कर शराबी की मौत

**बरेली** । शराब के नशे में नाले में गिरने से एक शराबी की मौत हो गई पुलिस ने शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा आज पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे घर वालों ने शव की शिनाख्त कर ली । बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला खुर्रम गोदिया निवासी 50 वर्षीय दुर्गा प्रसाद पुत्र छोटेलाल की लाश कल सुबह बारादरी थाना क्षेत्र में ईसाइयों की पुलिया के पास नाले में तैरती पाई गई जिसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को नाले से निकाला और शिनाख्त न होने पर अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया इधर जब दुर्गा प्रसाद घर वापस नहीं लौटा तो घर के लोगों ने उसे तलाशने की कोशिश शुरू की और आज पुलिस को घटना की जानकारी दी तब पुलिस ने उन्हें बताया कि दुर्गा प्रसाद की ईसाइयों की पुलिया के पास नाले में गिरने से मौत हो गई है और उसकी लाश पोस्टमार्टम हाउस पर है तब घरवाले पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली घरवालों ने बताया कि दुर्गा प्रसाद शराब का आदी था और मजदूरी करके गुजारा चलाता था वह अविवाहित था ।

# तीन दिन से लापता है रामकोट के साहबगंज का छात्र अंकुल

संवाददाता सीतापुर

- गुमशुदगी दर्ज कराने को लेकर थानों के चक्कर काट रहा पिता
- 3 दिन से गायब छात्र की पुलिस नहीं दर्ज कर रही गुमशुदगी

**एसपी साहब** हमारा लड़का 3 दिन से गायब है पुलिस के पास जाओ तो वह सही बात ना करके दूसरी जगह भेज देते हैं, जी हां यह कहना है रामकोट थाना क्षेत्र के साहबगंज निवासी पीड़ित सुरेंद्र कुमार का, एसपी ऑफिस प्रार्थना पत्र लेकर आए पीड़ित सुरेंद्र कुमार का कहना है कि उनका 16 वर्षीय बेटा अंकुल घर से 3 दिन से गायब है जब वह इसका प्रार्थना पत्र लेकर थाना रामकोट पहुंचे तो उन्हें वहां से पुलिस ने शहर कोतवाली भेज दिया और जब शहर कोतवाली पहुंचे तो उनको एसपी के पास प्रार्थना पत्र लेकर भेज दिया, यहां भी फिर से उनको पुलिसकर्मियों ने थाना रामकोट भेज दिया है, सवाल यह है कि पीड़ित की आखिर सुनेगा कौन? उसको बेटी को आखिर उसे कौन मिलएगा, पीड़ित का यह भी कहना है कि अभी तक पुलिस ने उसके बेटे की गुमशुदगी भी नहीं दर्ज की है ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है की आमजन को कैसे न्याय मिलता होगा, यह इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है, अंकुल खगेसियामऊ डीपी वर्मा मेमोरियल डिग्री कॉलेज में पढ़ता था, अंकुल के पिता का कहना है कि आज 3 दिन हो गए हैं लेकिन बेटे का कोई पता नहीं चल सका है, एसपी ऑफिस में प्रार्थना पत्र देने आए पीड़ित सुरेंद्र कुमार ने न्याय की गुहार लगाई है।

# घर घर जाकर वोट मांग रहे हैं पूर्व प्रधान बद्रीप्रसाद मौर्य, मिल रहा समर्थन





**निघासन-खीरी।** वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व प्रधान बद्रीप्रसाद मौर्य ने नवसृजित नगर पंचायत निघासन के अटल नगर व पटेल नगर वार्ड (बुद्धीपुरवा) में लोगों से घर घर जाकर मुलाकात की और जनता से सहयोग और समर्थन मांगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आप सभी लोग मुझे वर्षों से जानते हैं हमने जनता की भलाई के लिए जितना संभव हो सकता था, उतना किया। श्री मौर्य ने आगे कहा कि भाजपा में सभी को समान रूप से योजनाओं का लाभ मिलता है किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि अगर जनता ने उन्हें मौका दिया तो वह निघासन नगर पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। बद्रीप्रसाद मौर्य को जनता का भरपूर समर्थन भी मिल रहा है।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में उमड़ा मरीजों का सैलाब

संवाददाता निघासन-खीरी।

स्थानीय विकास क्षेत्र के पंचायत भवन लुधौरी पर वरिष्ठ पत्रकार और प्रधान प्रतिनिधि मनोज जायसवाल द्वारा लगवाए गए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों मरीजों का सैलाब उमड़ पड़ा। अगर यह कहा जाए कि बाढ़ की विभीषिका से जूझ चुके ग्रामीणों के लिए यह स्वास्थ्य शिविर वरदान साबित हुआ तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

जैसा कि विदित है कि बाढ़ का गंदा पानी यत्र तत्र आज भी भरा हुआ है। जानलेवा डेंगू इसी वजह से संपूर्ण क्षेत्र में ग्रामीणों को अपनी चपेट में ले रहा है। सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों की गिनती करना मुश्किल है। सरकारी डॉक्टर इलाज करते करते परेशान हैं जबकि प्राइवेट अस्पतालों और क्लीनिक में मरीजों को लूटा जा रहा है। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पत्रकार और प्रधान प्रतिनिधि मनोज जायसवाल ने स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की अनूठी पहल शुरू की है। शिविर में सैकड़ों मरीजों की मुफ्त में जांच करने के बाद उन्हें दवाएं बांटी गईं साथ में गोल्डेन कार्ड बनवाने की प्रक्रिया भी संपन्न हुई। ग्राम प्रधान की इस दूरदर्शी विचारधारा के चलते पंचायत के सैकड़ों लोगों को फायदा मिला। स्वास्थ्य शिविर के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. ओपी रावत ने निरीक्षण किया और मरीजों का हाल चाल पूछा। शिविर में डॉ. यशोदा नंदन उपाध्याय, डॉ. मनोज वर्मा, फार्मासिस्ट आकाश गुप्ता, नितिन गुप्ता, सौमिंद्र तथा शिवम सिंह ने शाम 5 बजे तक मरीजों को दवाएं वितरित की।



इस अवसर पर सदस्य दयाशंकर पाल, डॉ. निसार अहमद खान, शीलवंत, डॉ. सुशील कुमार, हरीराम तिवारी, डॉ. प्रदीप गुप्ता, खुशबू गौतम, प्यारा देवी, पूरन कश्यप, कमलेश यादव, सौरभ जायसवाल, राजेश चौहान, बांकेलाल गौतम, राधेश्याम यादव तथा पत्रकार संजीव श्रीवास्तव सहित तमाम संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

# मोहम्मदी को जिला बनाने की मांग सीएम से



**मोहम्मदी-खीरी।** पिछले कई सालों से मोहम्मदी को जिला बनाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम पंकज श्रीवास्तव को सौंपा है। ज्ञापन में कहा है कि वर्ष 1857 तक गदर से पहले तहसील मोहम्मदी एक जिला था। 1857 के गदर में मितौली के राजा ठाकुर लोने सिंह नवाबों व कई अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अनेक अंग्रेजों को मार डाला था। जिसके परिणामस्वरूप अंग्रेजों ने राजा लोने सिंह का महल नष्ट कर दिया और उन्हें फांसी दे दी थी। उसके बाद मोहम्मदी जिला समाप्त कर दिया गया था तथा लखीमपुर खीरी को जिला मुख्यालय बनाया था। जो जनपद शाहजहांपुर की सीमा से शुरू होकर नेपाल बॉर्डर तक है। तहसील मोहम्मदी से एक हिस्सा काटकर 1989 में गोला तहसील तथा 2014 में मितौली तहसील बना दी गई। मोहम्मदी में सिविल जज, अपर सिविल जज, सिविल जज सीनियर डिविजन व अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कार्यरत है। मोहम्मदी तहसील से जनपद लखीमपुर मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर है तथा तहसील मोहम्मदी के सैकड़ों गांव ऐसे हैं जहां से जिला मुख्यालय पहुंचने में 125 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।

ऐसे में यदि तहसील मितौली, तहसील गोला व मोहम्मदी तहसील को मिलाकर मोहम्मदी को जिला बना दिया जाए तो इन तहसील क्षेत्र के निवासियों को काफी सुविधा होगी और हर तरफ से क्षेत्रवासियों को 40 किलोमीटर से अधिक नहीं चलना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त भौगोलिक दृष्टि से भी तहसील मोहम्मदी, तहसील गोला व मितौली के मध्य में स्थित है। जिसके कारण जनपद मुख्यालय पर आने में क्षेत्रवासियों को 40 किलोमीटर से अधिक नहीं चलना पड़ेगा। बार एसोसिएशन मोहम्मदी के द्वारा वर्ष 2014 में पूर्व मुख्यमंत्री को मोहम्मदी को जिला बनाए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा मांगी गई आख्या मे खीरी जिला अधिकारी के द्वारा जनहित में तहसील गोला, तहसील मितौली व तहसील मोहम्मदी को मिलाकर मोहम्मदी को जिला बनाए जाने की संस्तुति की गई थी। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि मोहम्मदी को शीघ्र जिला बनाया जाए।

# पेज एक का शेष

### केजरीवाल का...

ने कहा कि गुजरात में कांग्रेस पांच से भी कम सीटों पर सिमट जाएगी। हम दूसरे नंबर पर हैं। हालांकि वह भाजपा के बारे में भविष्यवाणी करने से बचते दिखे। केजरीवाल ने शनिवार को गुजरात के गांधीधाम और अंजार में दो रोड शो किए, जहां उन्होंने आप को सिर्फ एक मौका देने की अपील की। समर्थकों को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने फिर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि 1 मार्च से आपको अपने बिजली बिलों का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने यह भी वादा किया कि चाहे क्रोसिन हो या कैंसर का इलाज, सभी स्वास्थ्य सेवाएं मुफ्त होंगी।

### खुद को...

ने निशाना बनाया है। वे झूठे वादे करते हैं, कुछ सीट जीतते हैं और अपने हितों के लिए काम करते हैं। वे खुद को कट्टर ईमानदार कहते हैं, लेकिन वे सबसे भ्रष्ट हैं और समाज को बांटने की साजिश रचते हैं। कांग्रेस के विपरीत, मोदी द्वारा अपने संबोधन में आप का नाम नहीं लिया गया, लेकिन उनका संकेत स्पष्ट था क्योंकि क्षेत्रीय पार्टी, जिसने गुजरात और हिमाचल प्रदेश में अपने लोकलुभावन वादों के साथ लोगों के एक वर्ग का ध्यान खींचा है, ने अक्सर खुद को कट्टर ईमानदार बताया है। मोदी ने केंद्र और राज्य में हिमाचल प्रदेश के लिए भाजपा सरकारों द्वारा की गई कई विकास पहलों को गिनाते हुए कहा कि लोगों को अपने वोटों के जरिए आशीर्वाद देना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें यह ध्यान रखने की जरूरत नहीं है कि उम्मीदवार कौन है। प्रधानमंत्री ने कहा, आपको भाजपा उम्मीदवार को याद रखने की जरूरत नहीं है, जब आप वोट डालने जाते हैं तो केवल कमल का चिन्ह याद रखें। मैं आपके पास कमल लेकर आया हूं, जहां भी आपको कमल का चिन्ह दिखाई देता है, यानी वह भाजपा है। उन्होंने उत्तराखंड और गोवा का उदाहरण देते हुए कहा कि छोटे राज्यों में अस्थिर सरकारों का इतिहास रहा है, लेकिन अब इनमें से कई राज्य स्थिर सरकारों की ओर देख रहे हैं और भाजपा को फिर से चुना जा रहा है।

### देश के...

विकास यात्रा के गवाह रहे। जैसे ही एक कर्तव्यनिष्ठ भारतीय मतदाता नेगी के निधन की खबर सामने आई, किन्नौर जिले के कल्पा में बड़ी संख्या में लोग उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए उनके घर के बाहर एकत्रित हो गए। पुलिसकर्मियों ने भी नेगी को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी नेता राहुल गांधी सहित विभिन्न नेताओं ने नेगी के निधन पर शोक जताया। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सुंदरगढ़ में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, आज सुबह जब मैंने दिल्ली से अपनी यात्रा शुरू की, तब मुझे श्याम सरन नेगी के निधन की खबर मिली। नेगी (106) ने अपने जीवनकाल में 30 से अधिक बार मतदान किया था। प्रधानमंत्री ने कहा, अभी कुछ दिन पहले नेगी ने हिमाचल प्रदेश चुनाव के लिए डाक मतपत्र के जरिए अपना वोट डाला था।

### सुकेश का...

लिए कहा था। पत्र में उसने केजरीवाल से पूछा कि यदि आपको लगता है कि मैं सबसे बड़ा ठग हूं, तो आपने मुझसे 50 करोड़ रुपए क्यों लिए। चंद्रशेखर ने आरोप लगाया था कि 2017 में दो पत्ती चुनाव चिह्न भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तारी के बाद उसे तिहाड़ जेल में बंद कर दिया गया था और जैन ने 2019 में उससे मुलाकात की थी जो उस समय जेल विभाग के भी मंत्री थे। उसी दौरान उन्होंने सुरक्षा के बदले हर माह दो करोड़ रुपये मांगे थे। उन्हें इस तरह 10 करोड़ रुपये दिए गए। चंद्रशेखर ने पत्र में यह भी कहा कि केजरीवाल ने जैन के साथ 2016 में उसके द्वारा आयोजित एक रात्रिभोज (डिनर पार्टी) में शिरकत की थी। आप नेता एवं दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा ने तिहाड़ में बंद एक ठग से सौदा किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि वह (चंद्रशेखर) रोज केजरीवाल के खिलाफ बेतुके आरोप लगाएगा और बदले में भाजपा उसके मामले में उसे मदद करेगी।

### ट्रकों को...

के चलने पर रोक लगा दी गई है। हालांकि इससे विद्युत और सीएनजी चालित ट्रकों के अलावा आवश्यक वस्तुओं को लाने-ले जाने वाले ट्रकों को छूट दी गई है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री राय ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर को लिखे पत्र में कहा कि ग्रेप के चौथे चरण को तीन नवंबर से तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है, जिसके बाद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और दिल्ली के अधिकारियों से कहा गया है कि गैर-आवश्यक वस्तुएं ले जाने वाले ट्रकों को अगले आदेश तक दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाए। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि यह जरूरी है कि आपके राज्य के परिवहन और यातायात प्राधिकरण भी ऐसे गैर-जरूरी ट्रकों को पूर्वी/पश्चिमी पेरिफेरल एक्सप्रेसवे या एनसीआर की सीमा से परे किसी अन्य वैकल्पिक मार्ग से भेजने के लिए कदम उठाएं या उपाय करें ताकि दिल्ली से लगती सीमाओं पर भीड़भाड़ और यातायात जाम से बचा जा सके।

### नोएडा पुलिस...

वाहनों का दिल्ली में प्रवेश प्रतिबंधित है। केवल आवश्यक या आपात सेवाओं में लगे वाहन ही दिल्ली जा सकेंगे। ट्रैफिक एडवाइजरी में कहा गया है कि वैकल्पिक मार्गों के रूप में अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के माध्यम से यमुना एक्सप्रेसवे या ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे का उपयोग कर सकते हैं। चालकों की मदद के लिए नोएडा पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर 9971009001 भी जारी किया है।

### मैनपुरी लोकसभा...

में इस समय कांग्रेस के 107, भारतीय जनता पार्टी के 71 और 13 निर्दलीय विधायक हैं। एक सीट खाली है जबकि बाकी सीट अन्य दलों के पास हैं। राज्य में अगले साल यानी 2023 के आखिर में नया विधानसभा चुनाव होना है। जिन अन्य विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है उनमें ओडिशा में पदमपुर, बिहार में कुढ़नी और छत्तीसगढ़ में भानुप्रतापपुर शामिल हैं। पांच विधानसभा सीट और एक लोकसभा सीट के लिए मतगणना आठ दिसंबर को होगी जब गुजरात तथा हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना होगी।

### रूसी राष्ट्रपति...

और रूस की सभ्यता एवं संस्कृति के बारे में भी बात की। उन्होंने पिछले बृहस्पतिवार को भी भारत के साथ रूस के विशेष संबंधों का जिक्र किया था। रूसी राष्ट्रपति ने कहा था, भारत के साथ हमारे विशेष संबंध हैं, जो दशकों से हमारे बीच मौजूद घनिष्ठ रिश्तों की नींव पर बने हैं। भारत के साथ हमारा कभी कोई विवाद नहीं रहा, हमने हमेशा एक-दूसरे का समर्थन किया है और मैं सकारात्मक हूं कि यह संबंध भविष्य में भी ऐसा ही रहेगा। उन्होंने देश के हित में स्वतंत्र विदेश नीति का पालन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी तारीफ की थी। पुतिन ने कहा था कि भारत ब्रिटिश उपनिवेश से आधुनिक राष्ट्र बनने तक एक महान विकास पथ पर चला है। उन्होंने कहा था कि रूस भारत के लिए समय की कसौटी पर खरा उतरने वाला एक भागीदार रहा है और मॉस्को नई दिल्ली की विदेश नीति का एक प्रमुख स्तंभ रहा है। भारत ने पश्चिमी देशों की आपत्ति के बावजूद पिछले कुछ महीनों में रूस से रियायती दरों पर कच्चे तेल का आयात बढ़ाया है। नई दिल्ली ने अभी तक यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की निंदा भी नहीं की है तथा वह अपने इस रुख पर कायम रहा है कि संकट का समाधान कूटनीति और बातचीत के माध्यम से किया जाना चाहिए।

### ताहिर हुसैन...

बीच आरोपियों की मौजूदगी साबित हुई। विशेष लोक अभियोजक मधुकर पांडे ने सुनवाई के दौरान कहा कि सभी आरोपी व्यक्तियों पर आईपीसी की धारा 149 के तहत कथित अपराधों के लिए मुकदमा चलाया जा सकता है। दयालपुर पुलिस थाने में आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज है।

### मुख्तार अंसारी...

उसे प्रताड़ित नहीं किया जाएगा। अग्रहरि ने बताया कि अदालत ने ईडी को पांच नवंबर से 12 नवंबर, 2022 तक के लिए अब्बास अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ करने की अनुमति दी है। उनके अनुसार अंसारी अपने अधिवक्ता से विधि परामर्श ले सकेगा। उल्लेखनीय है कि बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले में अब्बास अंसारी से पूछताछ के लिए उसे नोटिस जारी किया गया था और वह शुक्रवार को ईडी कार्यालय पहुंचा जहां देर रात उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। सूत्रों के मुताबिक, शुक्रवार को ईडी ने अब्बास अंसारी से मुख्तार अंसारी की बेनामी संपत्तियों के बारे में बहुत गहन पूछताछ की थी और ईडी को कई ऐसे साक्ष्य मिले जिनके आधार पर अब्बास को अभियुक्त बनाया गया।

# मांझी ने दिया विवादित बयान

## ● भाजपा ने हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया



**भाषा।** पटना

**बिहार** के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को दावा किया कि हिंदू समाज दलितों के साथ गुलामों जैसा व्यवहार करता है, विशेष रूप से पुरोहित वर्ग उन्हें अछूत मानता है। उनके इस बयान से एक नया विवाद खड़ा हो गया है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उन पर हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है। मांझी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख हैं जो राज्य में सत्ताधारी महागठबंधन का हिस्सा है।

मोकामा और गोपालगंज विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रत्याशी की जीत का अनुमान व्यक्त करते समय मांझी ने यह बयान दिया। इन दोनों सीट पर उपचुनाव के परिणाम रविवार को घोषित किए जाएंगे। मांझी ने दावा किया कि दोनों सीटों पर दलितों ने बड़ी संख्या में सात दलों के महागठबंधन के पक्ष में मतदान किया है। वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) के साथ एकजुटता दिखाते हुए महागठबंधन में शामिल हुए थे। जद-यू ने इस साल की शुरुआत में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता तोड़ लिया था। संवाददाताओं द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या भाजपा हिंदुत्व कार्ड खेलकर दलित वोटों में सेंध लगाने में कामयाब रही है, मांझी ने कहा, मैं दलितों से कहता रहा हूं कि आप खुद को हिंदू समझते हैं, लेकिन पिछले 75 सालों से आपको गुलाम समझकर व्यवहार किया गया।

पुरोहित वर्ग आपके घर पर अनुष्ठान करने के प्रति अनिच्छुक रहा है और यदि अनुष्ठान कर भी देते हैं तो आपका दिया गया भोजन स्वीकार नहीं करते। हालांकि, बहुत से ऐसे ब्राह्मण हैं जो मांस-मदिरा का सेवन करते हैं। खुद को आंबेडकर का अनुयाई बताने वाले मांझी इस तरह के बयान कई बार दे चुके हैं। इस बीच भाजपा की बिहार इकाई के प्रवक्ता एवं ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव निखिल आनंद ने कहा कि जीतन राम मांझी एक सम्मानित और बुजुर्ग नेता हैं और उन्हें इस तरह के बयान नहीं देने चाहिए जिससे हिंदुओं का अपमान हो और उनकी भावनाओं को ठेस पहुंचे। आनंद ने कहा, यदि मांझी खुद को हिंदू नहीं समझते तो उन्हें अपनी धार्मिक पहचान स्पष्ट करनी चाहिए। यदि तिलक लगाने से उन्हें परेशानी होती है, तो क्या वह सिर पर टोपी लगाना चाहते हैं।

भाजपा के एक अन्य प्रवक्ता राम सागर सिंह और अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि मांझी को इस तरह के बयान नहीं देने चाहिए। मांझी की पार्टी के मुख्य प्रवक्ता दानिश रिजवान ने भाजपा पर पलटवार किया। रिजवान ने चुनौती देते हुए कहा कि भाजपा अपनी राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल न्यायपालिका में आरक्षण देने समेत शीर्ष नौकरशाही में दलितों के वास्ते अधिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए करके दिखाए।



बंगाल की खाड़ी में आस्ट्रेलिया नेवी और भारतीय नौ सेना के पोतों ने संयुक्त रूप से अभ्यास किया

# राकांपा की बैठक में मुंबई से शिरडी पहुंचे शरद पवार ने मोदी पर साधा निशाना

**भाषा।** शिरडी (महाराष्ट्र)

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि एक प्रधानमंत्री को व्यापक-सोच वाला होना चाहिए और समावेशी विकास की दृष्टि रखनी चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है।

मुंबई के एक अस्पताल में पिछले कुछ दिनों से इलाज करा रहे शरद पवार (81) राकांपा के सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए शनिवार को चिकित्सकों के एक दल के साथ मुंबई से शिरडी पहुंचे और पार्टी के सम्मेलन को संक्षेप में संबोधित किया। पवार ने कहा, एक प्रधानमंत्री की दृष्टि सभी वर्गों के समावेशी विकास की होनी चाहिए और उन्हें व्यापक सोच वाला होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा होता नजर नहीं आता। प्रधानमंत्री को अपनी सारी ऊर्जा देश की कमजोर अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और महंगाई घटाने पर केंद्रित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा को कुछ राज्यों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में खारिज कर दिया गया है, जबकि अन्य राज्यों में भाजपा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर सरकारें बनाई हैं। पवार ने राकांपा कार्यकर्ताओं से प्रगतिशील विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध रहने और किसी भी प्रलोभन का शिकार नहीं होने की अपील की। पवार ने राकांपा की बैठक में विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी कार्यकर्ता राज्य में राजनीतिक परिवर्तन लाएंगे। गौरतलब है कि मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में शरद पवार संक्रमण और बुखार का उपचार करा रहे हैं। थके हुए दिख रहे पवार ने राकांपा सम्मेलन में कुछ मिनट ही बोला। उन्होंने कहा कि चूंकि उन्हें 10 से 15 दिनों तक आराम करने की सलाह दी गई है, इसलिए वह अधिक समय तक नहीं बोल पाएंगे। इसके बाद, उन्होंने पार्टी के नेता दिलीप वलसे पाटिल से अपना भाषण पढ़ने को कहा। बाद में दोपहर में, पवार चिकित्सकों के एक दल के साथ वापस मुंबई स्थित अस्पताल के लिए रवाना हो गए। राकांपा प्रमुख ने कहा कि गुजरात, असम, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और कुछ पूर्वोत्तर राज्यों को छोड़कर, देश के अधिकांश हिस्सों ने भाजपा को खारिज कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों की पूर्ववर्ती सरकारों को भाजपा ने केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करके गिरा दिया।

## बीएमसी का इंजीनियर 50 लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार

**मुंबई।** बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के 57 वर्षीय कार्यकारी अभियंता को 50 लाख रुपए की कथित रिश्वत लेते पकड़ा गया है। आरोप है कि वह यहां अंधेरी इलाके में अवैध निर्माण को लेकर एक कंपनी के खिलाफ कार्वाई रोकने के लिए यह घूस ले रहा था। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की एक टीम ने शुक्रवार को के-पूर्व वार्ड में तैनात एक कार्यकारी अभियंता को तब पकड़ा, जब वह अपने कार्यालय में रिश्वत की राशि ले रहे थे। अधिकारी ने कहा कि नगर निकाय ने 13 अक्टूबर को शेड के अवैध निर्माण के लिए कंपनी को नोटिस जारी किया था। उन्होंने कहा कि कंपनी के लिए काम करने वाले शिकायतकर्ता ने 19 अक्टूबर को जवाब दाखिल किया था, लेकिन आरोपी अधिकारी संतुष्ट नहीं था जिसके बाद नगर निकाय ने 28 अक्टूबर को शेड हटाने की कार्वाई शुरू की। अधिकारी ने कहा कि आरोपी अधिकारी ने शिकायतकर्ता को अपने कार्यालय बुलाया और शेड को तोड़ने की कार्वाई रोकने के लिए कथित तौर पर 50 लाख रुपए की मांग की।

# श्रीराम की कर्मभूमि बक्सर सांस्कृतिक विरासत का केंद्र बनेगीः अश्विनी चौबे

## ● अमृत काल में भगवान श्रीराम के सतत विकास का रोल मॉडल होगा बक्सर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भगवान** श्रीराम की प्रथम कर्मभूभि, प्रथम रणभूमि सिद्धाश्रम बक्सर में श्री राम कर्मभूमि न्यास के तत्वावधान में केंद्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य व सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे द्वारा विश्व सनातन संस्कृति समागम...राम राज्य की ओर एवं वामनेश्वर श्री राम कर्मक्षेत्र महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 7 नवम्बर से शुरू होकर 15 नवम्बर 2022 को पांच आयामों में सम्पन्न होगा।

इसके तहत श्रीराम कर्मभूमि यात्रा का शुभारंभ मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश योगी आदित्यनाथ द्वारा 3 नवम्बर को किया गया है। जो अयोध्या होते हुए 5 नवम्बर की रात बक्सर पहुँचेगी। 20 नवम्बर को यह यात्रा जनकपुर धाम पहुँचेगी।



नई दिल्ली संवाददाताओं सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे।

केंद्रीय मंत्री चौबे ने बताया कि इस योजना के तहत यज्ञ संस्कृति की आदि भूमि सिद्धाश्रम बक्सर में श्री लक्ष्मी नारायण वैदिक महायज्ञ, श्री रामकथा ज्ञान यज्ञ, श्री भागवत कथा ज्ञान यज्ञ, पुरूषार्थ चतुष्टय श्रीराम प्रज्ञा ज्ञान यज्ञ (अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी) एवं श्री राम लोकमंथन ज्ञानोत्सव का आयोजन किया गया है। सांस्कृतिक विरासत का बक्सर केंद्र बनेगा। अमृत काल में भगवान श्रीराम के सतत विकास का रोल मॉडल होगा। आयोजन जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में हो रहा है। जगत्गुरु रामभद्राचार्य श्रीरामकथा कहेंगे, वहीं जगत्गुरु अनन्ताचार्य जी द्वारा श्रीमद्भागवत कथा कही जाएगी।

इस अवसर से शुरू होने वाले अभियान को अभिव्यक्त करने वाली संकल्पना ''मुझ में राम'' नाम से लोगो के रूप में लोक को समर्पित किया गया। पांच आयामों वाले इस विराट आध्यात्मिक व सांस्कृतिक समारोह में 8 नवम्बर 2022 को अखिल विश्व सनातन संस्कृति समागम का आयोजन किया गया है। जिसमें भारत के सभी प्रमुख तीर्थों से संत, महंत, महामंडलेश्वर, जगत्गुरु व विषय के तज्ञ विद्वान शामिल होंगे। इस विशेष अवसर पर राष्टीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक पूज्य डा. मोहनभागवत भी उपस्थित रहेंगे।

श्री राम कर्मभूमि न्यास का यह विराट आयोजन इस दिशा में प्रथम कदम माना जा सकता है। इसमें प्रज्ञा प्रवाह, संस्कार भारती, सेवा भारती, विद्या भारती जैसे संगठन सहयोगी हैं। 15 नवम्बर को समापन होगा। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे।

# कैलाश मानसरोवर और पीओके की वापसी के लिए करें विशेष प्रार्थना : इंद्रेश कुमार

**भाषा।** जम्मू

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता इंद्रेश कुमार ने शनिवार को देश के लोगों से कहा कि वे प्रत्एक सुबह कैलाश मानसरोवर और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को क्रमशः चीन और पाकिस्तान के अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए विशेष प्रार्थना करें।उन्होंने मुख्यधारा के क्षेत्रीय दलों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जिन्होंने गत 70 साल तक जम्मू-कश्मीर में शासन किया वे मौतों और विनाश के लिए जिम्मेदार हैं। कुमार ने संवादाताओं से कहा, कैलाश मानसरोवर भारत का हिस्सा था और अब (चीन के) अवैध कब्जे में है। इसे भारत में मिलाना चाहिए और देश की अधिकांश आबादी मानती है कि भविष्य में यह संभव हो सकेगा।

दिन में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से हुई मुलाकात का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि (उनसे हुई) संक्षिप्त बातचीत में जम्मू-कश्मीर की स्थिति और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा, पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर, जम्मू-कश्मीर का हिस्सा है, जो देश का अभिन्न अंग है। हम देशवासियों से अनुरोध करते हैं कि वे रोजाना सुबह कैलाश मानसरोवर और पीओके की वापसी के लिए प्रार्थना करें...प्रार्थना में ताकत होती है और हमें प्रार्थना करनी चाहिए कि कैलाश मानसरोवर और पीओके फिर से भारत का हिस्सा बन जाए।

उन्होंने कहा कि लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के प्रति विश्वास रखने की जरूरत है और उन्हें प्रधानमंत्री की नीतियों व चीन को रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों का समर्थन करना चाहिए। कुमार ने कहा, चीन विस्तारवादी नीति को आगे बढ़ा रहा है, जबकि हमारी नीति उन शक्तियों को रोकना है, जिनकी विस्तारवादी प्रवृत्ति है। उन्होंने कहा कि चीन का आक्रामक रुख मानवता को नुकसान पहुंचाने वाला हैअ वह विश्व अर्थव्यवस्था और जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। साथ ही वह कोविड-19 महामारी के लिए जिम्मेदार भी है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में कुछ लोग दावा करते हैं कि देश कश्मीर के बिना अधूरा है। उन्होंने कहा, भारत की आम जनता का विचार है कि भारत कराची, ननकाना साहिब और शारदा पीठ के बिना अधूरा है। उन्होंने पाकिस्तान पर अल्पसंख्यकों का दमन करने का आरोप लगाया और केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार की पीड़ितों को सुरक्षा मुहैया कराने पर प्रशंसा की। कुमार ने कहा कि कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा लक्षित हत्या का उद्देश्य शांति और सांप्रदायिक सौहार्द को बाधित करना है।

संघ नेता ने कहा, कश्मीर के हालात में बहुत बदलाव आए हैं और दुश्मनों की सभी चाल नाकाम होगी। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा शांति स्थापित करने के लिए उठाए गए कदमों के बाद कश्मीरी पंडितों की वापसी और पुनर्वास होने वाला है। उन्होंने कहा कि तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों (नेशनल कांफ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला, उनके बेटे उमर अब्दुल्ला और पीपुल्स डेमोक्रेटिव पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती) देश के प्रति जवाबदेह हैं और उन्हें बताना चाहिए कि उन्होंने जम्मू कश्मीर में निर्दोष लोगों की हत्याओं को रोकने के लिए क्या काम किया। कुमार ने कहा, अमूल्य जिंदगियों की हुई क्षति की जवाबदेही होनी चाहिए। जो लोग जनता को भ्रमित कर रहे हैं उन्हें माकूल जवाब देने की जरूरत है।

## आरएसएस ने तमिलनाडु में छह नवंबर को होने वाले कार्यक्रम स्थगित किए

**चेन्नई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने शनिवार को कहा कि वह छह नवंबर को होने वाले अपने प्रस्तावित मार्च का आयोजन नहीं करेगा क्योंकि इस संबंध में मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा लगाई कुछ शर्तें उसे स्वीकार्य नहीं हैं। आरएसएस दक्षिण जोन के अध्यक्ष आर. वन्नियाराजन ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि एकल पीठ के आदेश के खिलाफ अपील की जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन ने दो अक्टूबर को राज्य में 50 स्थानों पर मार्च निकालने की पुलिस द्वारा अनुमति न मिलने के बाद अदालत का रुख किया था। अदालत ने रविवार के लिए कार्यक्रमों को मंजूरी दी थी। वन्नियाराजन ने कहा, अदालत ने कल (चार नवंबर) दिए आदेश में कहा कि रैली इंडौर स्टेडियम या चारदीवारी के भीतर निकाली जानी चाहिए, जो हमें स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि केरल, पश्चिम बंगाल और जम्मू कश्मीर जैसे राज्यों में ऐसे मार्च खुले स्थानों पर निकाले जाते रहे हैं। उन्होंने कहा, हम उच्च न्यायालय के इस फैसले के खिलाफ अपील करने जा रहे हैं। अतः छह नवंबर को होने वाली रैलियां आयोजित नहीं की जा सकती हैं। आरएसएस के एक सूत्र ने पहले पुष्टि की थी कि संगठन ने मार्च निकालने और जनसभाएं आयोजित करने के कार्यक्रम को स्थगित करने का फैसला किया है। उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु में 50 के बजाय 44 स्थानों पर कुछ शर्तों के साथ इन कार्यक्रमों के आयोजन की अनुमति दी थी। मद्रास उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को तमिलनाडु पुलिस को निर्देश दिया था कि वह आरएसएस को छह नवंबर को राज्य में 44 जगहों पर मार्च निकालने और जनसभाएं करने की अनुमति दे। न्यायमूर्ति जी.के. इलानथिरैयां ने महज खुफिया विभाग की सूचनाओं के आधार पर राज्य में 47 जगहों पर रैली की अनुमति नहीं देने को लेकर पुलिस को फटकार लगाने के बाद उक्त निर्देश जारी किए थे। खुफिया विभाग ने भी तमिलनाडु में कुछ ही जगहों के संबंध में अपनी सूचना दी थी। न्यायाधीश ने कहा था कि राज्य में उन छह जगहों पर रैलियों की अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि जहां हालात सही नहीं हैं। यह छह जगह कोयंबटूर, मेत्तुपलयाम, पोल्लाची (तीनों कोयंबटूर जिले में), तिरुपुर जिले में पल्लादम, कन्याकुमारी जिले में अरुमनाई और नागरकोईल हैं। अदालत ने कहा था कि अगर इनमें से किसी भी शर्त का उल्लंघन होता है तो संबंधित पुलिस अधिकारी कानून के अनुसार आवश्यक कार्वाई करने के लिए स्वतंत्र हैं। आरएसएस ने राज्य में 50 जगहों पर रैली करने की अनुमति मांगी थी।

## आरएसएस प्रमुख अगले साल जनवरी में पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे

**कोलकात।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत अगले साल जनवरी में पश्चिम बंगाल का पांच दिवसीय दौरा करेंगे। इस दौरान वह संगठन पदाधिकारियों के साथ बंद कमरे में बैठक करेंगे और कोलकाता में स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे। आरएसएस पदाधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भागवत का नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर 23 जनवरी को मध्य कोलकाता स्थित शहीद मीनार मैदान में आरएसएस के 2,500 स्वयंसेवकों को संबोधित करने का कार्यक्रम है। पश्चिम बंगाल में संगठन के वरिष्ठ नेता ने कहा, भागवत 19 से 23 जनवरी के बीच पश्चिम बंगाल का पांच दिवसीय दौरा करेंगे। वह आरएसएस पदाधिकारियों के साथ बंद कमरे में दो बैठकें करेंगे और 23 जनवरी को स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि वह पश्चिम बंगाल में संघ के विस्तार की समीक्षा करेंगे, जिसने पिछले कुछ वर्षों में राज्य में अपनी पैठ बनाई है।

### साइरस मिस्त्री दुर्घटना मामला

# डॉ. अनाहिता के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मुकदमा दर्ज

**भाषा।** पालघर (महाराष्ट्र)

**टाटा** संस के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री की एक कार दुर्घटना में मौत के दो महीने बाद महाराष्ट्र के पालघर जिले में पुलिस ने शनिवार को डॉक्टर अनाहिता पंडोले के खिलाफ कथित तौर पर लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया। अधिकारियों ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम के अलावा भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (ए) (लापरवाही भरे कृत्य के कारण मौत), 279 (सड़क पर लापरवाही से वाहन चलाना) और 337 (किसी की जान और दूसरों की व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने के कारण मौत) के तहत कासा थाने में मामला दर्ज किया गया है। मिस्त्री (54) और उनके दोस्त जहांगीर पंडोले की चार सितंबर, 2022 को मुंबई से सटे पालघर जिले में मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर एक कार दुर्घटना में मौत हो गई थी। दोनों मर्सिडीज कार की पिछली सीट पर बैठे थे जबकि अनाहिता कार चला रही थीं और उनके पति डेरियस पंडोले भी अगली सीट पर बैठे थे। पंडोले दंपति हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस की ओर से जारी बयान के मुताबिक, जांच के दौरान गवाहों से पूछताछ की गई और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय तथा मर्सिडीज बेंज इंडिया, पुणे से रिपोर्ट प्राप्त की गई। बयान में कहा गया, रिपोर्ट और जांच के आधार पर यह पाया गया है कि दुर्घटना तेज और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुई थी। इसलिए डॉ अनाहिता पंडोले के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। डेरियस पंडोले ने शुक्रवार को पुलिस को बताया था कि उनकी पत्नी डॉ. अनाहिता मर्सिडीज बेंज कार तीसरी लेन में चला रही थीं और जब सड़क पालघर में सूर्य नदी के पुल पर संकरी हुई तो वह कार को तीसरी लेन से दूसरे लेन में नहीं ले जा सकीं।



तेलंगाना के जोगीपेट में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी

# ओटीएस योजना के तहत अधिकार के रूप में अतिरिक्त समय की मांग नहीं कर सकता कर्जदार : न्यायालय

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कहा है कि एक बारगी निपटान (ओटीएस) योजना के तहत कोई कर्जदार अधिकारों का हवाला देते हुए भुगतान के लिए अतिरिक्त समय देने की मांग नहीं कर सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि कर्जदार को अधिकार के रूप में समय विस्तार का दावा करने के लिए अपने पक्ष में कोई अधिकार स्थापित करना होगा। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मार्च 2022 के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें एक कर्जदार कंपनी को ओटीएस के स्वीकृत पत्र के तहत भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को ब्याज सहित शेष राशि का भुगतान करने के लिए छह सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया गया था। न्यायालय ने कहा कि ओटीएस योजना के तहत भुगतान की अवधि को पुनर्निर्धारित करना और समय को विस्तारित करना अनुबंध को फिर से लिखने के समान होगा, जो संविधान के अनुच्छेद-226 में प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते समय स्वीकृत नहीं है। न्यायालय ने कहा कि अनुबंध में कोई भी बदलाव भारतीय अनुबंध अधिनियम की धारा-62 के तहत आपसी सहमति से ही किया जा सकता है। संविधान का अनुच्छेद-226 कुछ विशेष रिट जारी करने के उच्च न्यायालयों के अधिकारों से संबंधित है। शीर्ष अदालत ने कहा, कर्जदार अधिकार का हवाला देते हुए यह मांग नहीं कर सकता कि उसने भले ही स्वीकृत ओटीएस योजना के तहत भुगतान नहीं किया है, फिर भी इसे अधिकार के रूप में और विस्तार दिया जाए। किसी भी गलत दावे को मंजूरी नहीं दी जा सकती है।

# पाकिस्तानी सेना ने इमरान के आरोप को नकारा

## अपने वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ पूर्व पीएम के आरोपों को निराधार बताया



भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तानी** सेना ने अपने वरिष्ठ अधिकारी पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा लगाए आरोपों को निराधार तथा गैरजिम्मेदाराना बताया तथा सरकार से सरकारी प्रतिष्ठान को बदनाम करने वालों के खिलाफ जांच और कानूनी कार्वाई करने की मांग की। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख खान ने आरोप लगाया है कि उनकी हत्या की साजिश में पाकिस्तानी सेना का एक वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल है। उन्होंने शुक्रवार को दावा किया था कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृह मंत्री राणा सनाउल्ला और मेजर जनरल फैसल नसीर ने उनकी हत्या की साजिश रची और वे 2011 में हुई पंजाब के पूर्व गवर्नर सलमान तासीर की हत्या की तरह ही धार्मिक उन्मादियों के हाथों उनकी हत्या कराना चाहते थे। पंजाब के वजीराबाद जिले में हकीकी आजादी मार्च के दौरान 70 वर्षीय खान के कंटेनर पर दो बंदूकधारी हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में उनके दाहिने पैर में गोली लग गई थी। खान के इस आरोप के बाद सेना ने देर रात एक बयान जारी किया। सेना ने कहा, सेना तथा खासतौर से सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ पीटीआई के अध्यक्ष के निराधार और गैर जिम्मेदाराना बयान पूरी तरह अस्वीकार्य तथा अनुचित हैं। बयान में कहा गया है, संस्थानाअधिकारियों पर लगाए निराधार आरोप बहुत ज्यादा खेदजनक हैं और इनकी कड़ी निंदा की जाती है। इसमें कहा गया, किसी को भी संस्थान या इसके कर्मियों की बदनामी नहीं करने दी जाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान सरकार से प्रतिष्ठान तथा इसके अधिकारियों के खिलाफ बिना किसी सबूत के झूठे आरोप लगाने तथा उसे बदनाम करने के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्वाई करने का अनुरोध किया जाता है। इससे पहले, खान ने हमले में कथित तौर पर शामिल तीन लोगों के नाम दोहराए। उन्होंने अपने समर्थकों से इन तीनों के इस्तीफा देने तक देशभर में प्रदर्शन जारी रखने का अनुरोध किया। खान ने यह भी ऐलान किया कि वह स्वस्थ होने के तुरंत बाद सरकार के खिलाफ प्रदर्शन मार्च फिर से शुरू करेंगे। इस बीच, उन्होंने यह भी दावा किया कि प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा रही है क्योंकि कुछ लोग कुछ नामों से डरे हुए हैं। डॉन अखबार ने कहा कि पीटीआई प्रमुख द्वारा शिकायत से एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी का नाम वापस लेने से इनकार किए जाने के बाद प्राथमिकी दर्ज करने पर गतिरोध बना हुआ है। इस शिकायत में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के नाम भी शामिल हैं।

### हमले की प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर गतिरोध कायम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की हत्या की कोशिश के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर गतिरोध बना हुआ है ।खान ने शिकायत से पाकिस्तानी सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी का नाम वापस लेने से इनकार कर दिया है, जिस कारण यह गतिरोध पैदा हुआ है। शिकायत में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और गृह मंत्री राणा सनाउल्ला के नाम भी शामिल हैं। पंजाब के वजीराबाद जिले में हकीकी आजादी मार्च के दौरान 70 वर्षीय खान के कंटेनर पर दो बंदूकधारी हमलावरों द्वारा की गई गोलीबारी में उनके दाहिने पैर में गोली लग गई थी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के प्रमुख खान ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृह मंत्री राणा सनाउल्ला और मेजर जनरल फैसल नसीर ने उनकी हत्या की साजिश रची और वे 2011 में हुई पंजाब के पूर्व गवर्नर सलमान तासीर की हत्या की तरह ही धार्मिक उन्मादियों के हाथों उनकी हत्या कराना चाहते थे। उन्होंने यह भी दावा किया कि प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा रही है क्योंकि कुछ लोग कुछ नामों से डरे हुए हैं। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक, पंजाब के मुख्यमंत्री चौधरी परवेज इलाही के लिए एक तरफ कुआं, एक तरफ खाई वाली स्थिति पैदा हो गई है क्योंकि खान प्राथमिकी में सैन्य अधिकारी को नामजद करने पर तुले हुए हैं।

### इमरान खान ने अपनी जान बचाने वाले व्यक्ति को पाकिस्तान का नायक बताया

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने उस व्यक्ति की सराहना की है, जिसने पंजाब प्रांत में लॉंग मार्च के दौरान उन पर किए गए हमले को नाकाम कर दिया और गोली चलाने वाले शख्स को पकड़ने में मदद की। खान ने अपनी जान बचाने वाले व्यक्ति को देश का नायक बताया है। खान (70) पर बृहस्पतिवार को हुए हमले में उनके दाएं पैर में एक गोली लगी थी। दरअसल, पंजाब प्रांत के वजीराबाद इलाके में दो हमलावरों ने उन पर कई गोलियां चलाईं थी। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, घटना के एक दिन बाद शुक्रवार को खान ने यहां शौकत खानुम हॉस्पिटल में इब्तिसाम से मुलाकात की, जिसने हमले को नाकाम कर दिया था और मार्च के दौरान गोली चलाने वाले व्यक्ति को पकड़ लिया। खान ने इब्तिसाम से कहा, आप एक पाकिस्तानी नायक हैं। आपने अदम्य साहस दिखाया है। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी के प्रमुख खान ने अपने रक्षक की उस टी शर्ट पर एक ऑटोग्राफ भी दिया, जिसे उसने हमलावर को पकड़ने के दौरान पहन रखी थी। हमलावर अभी पंजाब पुलिस की हिरासत में है। इस बीच, खान की पूर्व पत्नियों ने भी उन पर हुए हमले की निंदा की। क्रिकेटर से नेता बने खान ने तीन शादियां की हैं। खान की पूर्व पत्नी जेमिना गोल्डस्मिथ ने एक ट्वीट में कहा, हमले की खबर ने हमें डरा ही दिया...अल्लाह का शुक्र है कि वह ठीक हैं। और हमलावर को पकड़ने वाले दिलेर व्यक्ति का शुक्रिया।

## रूस में कैफे में आग लगने से 15 लोगों की मौत



**मॉस्को।** रूस के कोस्त्रोमा शहर मे एक कैफे मे आग लगने से शनिवार को 15 लोगो की मौत हो गई तथा पांच अन्य झुलस गए। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि कैफे मे सुबह के समय एक विवाद के दौरान किसी ने फ्लेयर गन का इस्तेमाल किया, जिसके बाद आग लग गई। बचावकर्ताओं ने 250 लोगो को बाहर निकाला। कोस्त्रोमा क्षेत्र के गवर्नर सर्गेई स्तिनिकोव ने कहा कि घटना मे मामूली रूप से झुलसे लोगो का उपचार चल रहा है। अधिकारियो ने कहा कि आग लगने के दौरान कैफे की छत गिर गई। उन्होने कहा कि मामले की आपराधिक जांच शुरू कर दी गई है और पुलिस फ्लेयर गन (ऐसी पिस्तौल जिससे आग निकलती है) का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति की तलाश कर रही है। कोस्त्रोमा उत्तरी मॉस्को से करीब 340 किलोमीटर दूर स्थित है और यह 2,70,000 लोगों की आबादी वाला शहर है।

## ईरान में राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के बीच 1979 की घटना की वर्षगांठ मनाई गई

**दुबई।** ईरान मे सितंबर मे धर्माचार पुलिस की हिरासत मे 22 वर्षीय युवती महसा अमीनी की मौत के बाद से जारी विरोध प्रदर्शनो के बीच 1979 की घटना की वर्षगांठ मनाई गई, जब राजधानी तेहरान में अमेरिकी दूतावास को प्रदर्शनकारी छात्रों ने घेर लिया था। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने पूर्व अमेरिकी दूतावास भवन के सामने एकत्र हुए लोगो को संबोधित किया और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने वालो की आलोचना की। उन्होने कहा, सुरक्षा व्यवस्था बिगाड़ने और दंगे कराने की दिशा में काम करने वाले यह जान लें कि वे इस्लामी क्रांति के दुश्मनों के लिए काम कर रहे है। अमेरिका को लगता है कि वह यहां भी वैसा कर सकता है, जैसा उसने सीरिया और लीबिया जैसे कुछ देशो मे किया। वर्षगांठ मनाने वालो ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान के पुतले भी अपने साथ ले रखे थे। वे अमेरिका तेरी मौत हो, इजराइल तेरी मौत हो जैसे नारे भी लगा रहे थे।

## उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण को लेकर चीन और रूस से भिड़ा अमेरिका

**संयुक्त राष्ट।** उत्तर कोरिया के एक के बाद एक बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण करने को लेकर अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने चीन और रूस पर निशाना साधा है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने कहा कि उत्तर कोरिया ने इस साल 59 बैलिस्टिक मिसाइलो का परीक्षण किया है, जो उसकी सैन्य क्षमता से ज्यादा है और इससे उसके पड़ोसी देशो मे चिंता और डर पसर गया है। उन्होने कहा कि 15 सदस्ईय सुरक्षा परिषद ने साल की शुरुआत से ही उत्तर कोरिया के कदमो की निंदा की है, लेकिन उसे रूस और चीन का समर्थन हासिल है। रूस और चीन उत्तर कोरिया द्वारा संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधो का बार-बार उल्लंघन किए जाने को सही ठहराने पर तुले हुए है।हालांकि, संयुक्त राष्ट्र में चीन के राजदूत झांग जून ने पलटवार करते हुए कहा कि अमेरिका-दक्षिण कोरिया के व्यापक सैन्य अभ्यास के चलते ही उत्तर कोरिया मिसाइल परीक्षण कर रहा है। उन्होने कहा कि इन सैन्य अभ्यासों में सैकड़ों युद्धक विमानों को शामिल किया गया है।वही, संयुक्त राष्ट्र में रूस की उप राजदूत अन्ना एवेस्टिग्नीवा ने कोरिया प्रायद्वीप मे बिगड़ती स्थिति के लिए अमेरिका को जिम्मेदार बताया। उन्होने कहा कि अमेरिका दबाव और ताकत का इस्तेमाल करके कोरियाई प्रायद्वीप को एकतरफा निरस्त्रीकरण के लिए मजबूर करना चाहता है, जिसकी वजह से वहां स्थिति बिगड़ रही है। उन्होने 31 अक्टूबर को शुरू हुए अमेरिका-दक्षिण कोरिया अभ्यास को अभूतपूर्व बताया और दावा किया कि ए ।

## ईरान ने रूस को ड्रोन देने की बात स्वीकार की

**दुबई।** ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दोल्लाहियां ने शनिवार को पहली बार स्वीकार किया कि उनके देश ने रूस को ड्रोन की आपूर्ति की है। उन्होने दावा किया कि ईरान ने रूस को यूक्रेन युद्ध से पहले ड्रोन दिए थे। उनकी टिप्पणी हथियारो की आपूर्ति के बारे मे ईरान के भ्रमित करने वाले संदेशो के महीनो बाद आई है। रूस ईरान निर्मित ड्रोन का इस्तेमाल यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने के लिए कर रहा है। तेहरान में बैठक के बाद विदेश मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, हमने यूक्रेन युद्ध से कुछ महीने पहले रूस को सीमित संख्या मे ड्रोन दिए थे।



मिस्र में तूतनखामुन के पोस्टर के बाहर खड़े दर्शक, मिस्र 4 नवंबर 1922 को तूतनखामुन मकबरे की खोज की 100 वीं वर्षगांठ मनाता है।

## अमेरिकी कांग्रेस के मध्यावधि चुनाव की दौड़ में शामिल पांच भारतीय-अमेरिकी

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** में आठ नवंबर को प्रतिनिधि सभा के लिए होने वाले मध्यावधि चुनाव की दौड़ में भारतीय मूल के पांच अमेरिकी नागरिक भी शामिल हैं। अगर चुनावी विश्लेषकों की राय पर गौर किया जाए तो इन भारतीय-अमेरिकियों के प्रतिनिधि सभा के लिए चुने जाने की 100 फीसदी की संभावना है। चार मौजूदा सांसद एमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना और प्रमिला जयपाल के पुन: निर्वाचित होने की उम्मीद है। चारों डेमोक्रेटिक पार्टी के हैं। प्रतिनिधि सभा में भारतीय अमेरिकियों के तथाकथित समोसा कॉकस में उद्यमी और कारोबारी श्री थानेदार भी शामिल हो सकते हैं जो मिशिगन के 13वें कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें सबसे वरिष्ठ सदस्य बेरा कैलिफोर्निया की सातवीं कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट से प्रतिनिधि सभा के लिए छठी बार चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, खन्ना, कृष्णमूर्ति और जयपाल लगातार चौथी बार प्रतिनिधि सभा की दौड़ में शामिल हैं। राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, चारों उम्मीदवार अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ मजबूत स्थिति में है और थानेदार की स्थिति भी मजबूत दिख रही है। थानेदार अगर निर्वाचित होते हैं तो वह बेरा, खन्ना, कृष्णमूर्ति और जयपाल के साथ अगली कांग्रेस में पांचवें भारतीय-अमेरिकी होंगे। चेन्नई में जन्मीं जयपाल (57) प्रतिनिधि सभा में निर्वाचित होने वाली पहली और इकलौती भारतीय-अमेरिकी महिला है। इस चुनाव में एक अन्य भारतीय-अमेरिकी मैरीलैंड राज्य में इतिहास रचने को तैयार हैं। मैरीलैंड हाउस ऑफ डेलीगेट्स की पूर्व सदस्य अरुणा मिलर डेमोक्रेटिक पार्टी के टिकट पर राज्य के लेफ्टिनेंट गवर्नर पद पर चुनाव लड़ रही हैं। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार उनका जीतना तय है। अगर ऐसा होता है तो वह मैरीलैंड में इस पद पर निर्वाचित होने वाली पहली भारतीय अमेरिकी होंगी। इस बीच, डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशियों ने आठ नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनाव के मद्देनजर भारतीय-अमेरिकियों तक पहुंचने के प्रयास तेज कर दिए हैं।

## पति पर हमले के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से बोलीं पेलोसी

**सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका)।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी अपने पति पर बर्बर हमले के बाद शुक्रवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आईं और उन्होंने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस के आगामी मध्यावधि चुनाव लोकतंत्र की लड़ाई है। पेलोसी ने वीडियो कॉल पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, लोगों ने मुझसे पूछा, हम आपको बेहतर महसूस कराने के लिए क्या कर सकते हैं? मैंने कहा: वोटउ पेलोसी ने कहा, मुझे लगता है कि इस दौड़ में हमारे जीतने की बहुत संभावना है। अपने पति की तबीयत के बारे में बताते हुए उनकी आवाज कई बार लड़खड़ा गई और उन्होंने कहा, इसमें अभी लंबा वक्त लगेगा। पेलोसी ने अपने पति पॉल पेलोसी (82) के प्रति समर्थन जताने वालों का आभार व्यक्त किया।

## ट्विटर में कर्मचारियों की छंटनी के सिवाय कोई विकल्प नहीं बचा था: मस्क

भाषा। न्यूयॉर्क

**भारत समेत** दुनियाभर में माइक्रो-ब्लॉगिंग मंच ट्विटर के कर्मचारियों की छंटनी के बीच इसके नए मालिक उद्योगपति एलन मस्क ने अपने कदम को सही ठहराते हुए कहा है कि कंपनी के हर दिन लाखों डॉलर का नुकसान झेलने की स्थिति में उनके पास छंटनी के अलावा कोई विकल्प ही नहीं बचा था।

ट्विटर को अप्रैल-जून की तिमाही में 27 करोड़ डॉलर का शुद्ध घाटा हुआ था जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में उसे 6.6 करोड़ डॉलर का लाभ हुआ था। मस्क ने शनिवार को एक ट्वीट में कहा, ट्विटर के कार्यबल में कटौती का जहां तक सवाल है तो कंपनी के 40 लाख डॉलर प्रतिदिन का नुकसान उठा रही है तो दुर्भाग्य से हमारे पास कोई विकल्प नहीं रहा। उन्होंने आगे लिखा, कंपनी से निकलने वाले लोगों को तीन महीने की क्षतिपूर्ति पैकेज की पेशकश की गई थी जो कानूनी रूप से जरूरी सीमा से 50 फीसदी अधिक है। मस्क ने 44 अरब डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण करने के बाद बड़े पैमाने पर छंटनी शुरू की है। ट्विटर ने वैश्विक स्तर पर कार्यबल में कमी करने की योजना के तहत भारत में अपने ज्यादातर कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। इस छंटनी से पहले भारत में कंपनी के 200 से अधिक कर्मचारी काम रहे थे। हालांकि, यह अभी स्पष्ट नहीं है कि भारत में नौकरी से निकाले गए कर्मचारियों को क्षतिपूर्ति के तौर पर कितना भुगतान किया गया है। इस बीच, मस्क ने कंपनी की आय में कमी के लिए एक्टिविस्ट को जिम्मेदार ठहराया हैष मस्क ने कहा, एक्टिविस्ट समूह ने विज्ञापनदाताओं पर भारी दबाव बनाया, जिससे ट्विटर की आय में भारी कमी हुई।

## एसबीआई का दूसरी तिमाही में मुनाफा 74 प्रतिशत बढ़ा

### अब तक का सर्वाधिक तिमाही लाभ

भाषा। नई दिल्ली

**देश के** सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकल आधार पर 13,265 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 74 प्रतिशत अधिक है। यह किसी तिमाही में बैंक का सर्वाधिक लाभ है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शनिवार को शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा कि फंसे कर्जों के लिए वित्तीय प्रावधान में कमी आने और ब्याज आय बढ़ने से उसके लाभ में बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले की समान तिमाही में बैंक का एकल आधार पर लाभ 7,627 करोड़ रुपए रहा था। आलोच्य तिमाही में बैंक की कुल आय भी बढ़कर 88,734 करोड़ रुपए हो गई जो एक साल पहले की समान तिमाही में 77,689.09 करोड़ रुपए थी। पिछली तिमाही में एसबीआई की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) 13 प्रतिशत बढ़कर 35,183 करोड़ रुपए हो गई जबकि एक साल पहले यह 31,184 करोड़ रुपए थी। घरेलू शुद्ध ब्याज मार्जिन भी 3.50 प्रतिशत से सुधरकर 3.55 प्रतिशत हो गया। जुलाई-सितंबर तिमाही में बैंक की परिसंपत्ति गुणवत्ता भी बेहतर हुई है। इसकी सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) घटकर सकल अग्रिम का 3.52 प्रतिशत रह गईं जबकि एक साल पहले की इसी तिमाही में यह 4.90 प्रतिशत थी। शुद्ध एनपीए यानी फंसे कर्जों का अनुपात भी घटकर कुल अग्रिम का 0.80 प्रतिशत रह गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह अनुपात 1.52 प्रतिशत था। इसका नतीजा फंसे कर्जों के लिए वित्तीय प्रावधान की जरूरत में गिरावट के रूप में आया है। एक साल पहले फंसे कर्जों के लिए 2,699 करोड़ रुपए का प्रावधान बैंक को करना पड़ा था लेकिन सितंबर तिमाही में यह राशि घटकर 2,011 करोड़ रुपए रह गई। बीती तिमाही में बैंक का परिचालन लाभ 17 प्रतिशत बढ़कर 21,120 करोड़ रुपए हो गया जबकि एक साल पहले यह 18,079 करोड़ रुपए था। सितंबर तिमाही के अंत में एसबीआई का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 13.51 प्रतिशत हो गया जो पिछले साल की समान अवधि में 13.35 प्रतिशत था। समेकित आधार पर एसबीआई समूह का लाभ 66 प्रतिशत बढ़कर 14,752 करोड़ रुपए हो गया जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 8,890 करोड़ रुपए था।

### बैंक ऑफ बड़ौदा का दूसरी तिमाही में मुनाफा 59 फीसदी बढ़कर 3,313 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 59 फीसदी बढ़कर 3,313 करोड़ रुपए हो गया है। बैंक ने शनिवार को शेयर बाजारों को दी जानकारी में बताया कि फंसे कर्ज में कमी आने और ब्याज से प्राप्त आय बढ़ने से उसका लाभ बढ़ा है। पिछले वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 2,088 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ था। बीओबी की कुल आय वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में बढ़कर 23,080.03 करोड़ रुपए हो गई जो पिछले वर्ष 20,270.74 करोड़ रुपए थी। इसकी शुद्ध ब्याज आय भी 34.5 फीसदी बढ़कर 10,714 करोड़ रुपए हो गई। बैंक की सकल गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए) सितंबर 2022 के अंत में घटकर सकल अग्रिम का 5.31 फीसदी रह गईं जो एक साल पहले समान अवधि में 8.11 फीसदी थी। वहीं बैंक का शुद्ध एनपीए भी 2.83 फीसदी से घटकर 1.16 फीसदी रह गया। इसकी वजह से फंसे कर्ज और आकस्मिक परिस्थितियों के लिए प्रावधान समीक्षाधीन तिमाही में घटकर।,627.46 करोड़ रुपए रह गया। पिछले वर्ष समान तिमाही में यह 2,753.59 करोड़ रुपए था। समीक्षाधीन तिमाही में बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन बढ़कर 3.33 फीसदी और पूंजी पर्याप्तता अनुपात 15.55 फीसदी से घटकर 15.25 फीसदी रह गया। समेकित आधार पर बैंक ऑफ बड़ौदा का शुद्ध लाभ एक साल पहले की सितंबर तिमाही के 2,168 करोड़ रुपए से बढ़कर चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में 3,400 करोड़ रुपए हो गया है।


**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large **Mrs. Ram Vilash Singh**, who get the **PROPERTY BEARING NO.399 AREA MEASURING 50 SQ. YARDS APPROX. OUT OF KHASRA NO. 30 SITUATED IN THE AREA OF VILLAGE MEERPUR TURK, IN THE ABADI OF GALI NO.6 MOONGA NAGAR, ILLAQA SHAHDARA DELHI-110094**, from **Smt. Sarvesh**, through **Gift Deed Dated 12.09.2022** (Vide Doc. No.2807) and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2, Noida, UP-201301; Contact # 0120-4269379

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि निम्नलिखित गाड़ी नंबर वाली कारें जो कि अपनी लाइफ पूरी कर चुकी हैं पेट्रोल कारें 15 साल, डीजल कारें 10 साल । पाइन व्यू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एम सी डी ड्राइव में जब्त की गई थी और अभी तक किसी के द्वारा भी क्लेम नहीं की गयी है। इन सभी गाड़ी मालिकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के ऑफिस में आ कर गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू क्लेम कर लें। अन्यथा ये सभी गाड़ियां अगले तीन दिन में स्क्रैप कर दी जाएंगी।

| | | |
|---|---|---|
| DL5CH5844, | DL7SAA7368, | DL5SU1716, |
| UP15R7758, | PAX885, | DL6SG0101, |
| DL8CH8404, | DL3SH6688, | MP09ME4996, |
| DL2CAA2861, | DL7SE0779, | DL4SAG4774, |
| DL5CC0963, | DL7SAB6357, | DL6SQ5807, |
| DL2CV9396, | DL1SL7480, | HR29H6685, |
| DL3CBW0624, | DNK8028, | DL6SV8648, |
| DL7CE3241, | DNF2629, | DL7SD8580, |
| TN09AL9847, | CH03A2416, | DL7SAQ1254, |
| DL9CM2997, | DL5S8440, | UP11C4944, |
| DL4CS1610, | UA07A4143, | UP11E7299, |
| DL9CR3589, | DND2224, | HR05R2317, |
| HR02Z3284, | DIU6093, | DL4SF4025, |
| DL5CC3849, | DL7S8126, | DL2SK5648, |
| DL4CAE7674, | CHS.NO06 | DL6SM3560, |
| DL9SJ2650, | CBHM14982, | DL7SAN4070, |
| DL7SL6826, | DL7SAX1026, | DL8SAF9643, |
| DL7CD9973, | DL7ST0366, | MH43S7914, |
| PB08AZ2455, | MP07K7032, | DL5SW6045, |
| DL3CD2959, | UP78AB8742, | DL7S7665, |
| UP14AK1384, | DL1SJ0168, | DL7SAD9543, |
| DL3CT4978, | DL7SAK7338, | DL7SAC8003, |
| DL1CF2323, | DL3SB0705, | BR04S1141, |
| DL9CD5268, | DL7SD9631, | DL7SAB6437, |
| HR26BH5814, | DL7SAP6648, | DL3SZ9935, |
| DL7CD3724, | PCA9462, | DL7SAR6995, |
| DL3CAY2302, | DL1SQ9019, | DAH141, |
| DL7CH1025, | DL7SH4137, | DL7SAR0487, |
| DL7CD2727, | DL7SAT8361, | UP70G8310, |
| DL9CM8458, | PB10BH9021, | DL7SAQ2833, |
| DL4CAG4441, | DDE5990, | MH02AE8673, |
| DL2CZ8693, | DL10CC1422, | DL2CAG0912, |
| DL7CF1968, | DL3CBY0947, | DL1CL1152, |
| HR26AL8598, | DL5CC8029, | DDU6882, |
| UP14DT5051, | DL9CQS2186, | DL2CAF1525, |
| DL3CBM8555, | DL6CJ5427, | DL4CAF1276, |
| UP25M0849, | UP16D8869, | DL8CM7632, |
| DL2CS1223, | DNC7350, | DL7SR0019, |
| DL1CM0597, | DL2CR9711, | DL2FBC0333, |
| DL8CNB1182, | HR03H8777, | DL7CB5566, |
| DL14C0319, | DL5CB2175, | DL8CN7718, |
| DL2CAC2015, | DL7CH0674, | DL5CB8100, |
| DL2CAA3446, | DL3CAU0323, | DL8CM1935, |
| HR01U7915, | DL9CF7153, | DL1CL2248, |
| DL7SL6457, | UP14AN0004, | DL3FW7777, |
| DL6SW2869, | DL6CG9536, | DL5SAB2832, |
| DL7SA2021, | DL2CQ2025, | DL3CAL0530, |
| DL7SAQ2143, | DL2CAC2630, | DL2CQ2727, |
| UP14P6218, | DL5C2813, | |


## पाकिस्तान को चीन, सऊदी अरब से मिलेगी 13 अरब डॉलर की अतिरिक्त मदद

**इस्लामाबाद।** आर्थिक संकट का सामना कर रहे पाकिस्तान को उसके परंपरागत सहयोगियों चीन और सऊदी अरब से 13 अरब डॉलर की अतिरिक्त वित्तीय मदद मिली है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री इसहाक डार ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान को यह मदद ऐसे वक्त मिली है जब सरकार देश की कमजोर अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के प्रयास में जुटी हुई है। समाचारपत्र डॉन में प्रकाशित एक खबर में डार के हवाले से बताया गया कि नई वित्तीय सहायता के तहत पाकिस्तान को नौ अरब डॉलर चीन से जबकि चार अरब सऊदी से मिलेंगे। यह 20 अरब डॉलर के निवेश वायदों के अतिरिक्त है। डार ने बताया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की हालिया बीजिंग यात्रा के दौरान चीन के नेतृत्व ने सॉवेरन ऋण के रूप में चार अरब डॉलर, वाणिज्यिक बैंक कर्ज के पुनर्वित्त के रूप में 3.3 अरब डॉलर और मुद्रा अदला-बदली को 30 अरब युआन से बढ़ाकर 40 अरब युआन करने का वादा किया था।

## दूसरी तिमाही में पावरग्रिड कॉर्पोरेशन का शुद्ध मुनाफा आठ प्रतिशत बढ़ा, लाभांश की घोषणा

भाषा। नई दिल्ली

**सरकारी** स्वामित्व वाली बिजली कंपनी पावरग्रिड कॉरपोरेशन ने शनिवार को बताया कि वित्त वर्ष 202-23 की दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा आठ प्रतिशत बढ़कर 3,650.16 करोड़ रुपए हो गया। पावरग्रिड ने बीएसई को दी गई एक नियातकीय सूचना में कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में आय बढ़ने से उसके लाभ में बढ़ोतरी हुई है। इसके एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 3,376.38 करोड़ रुपए था। कंपनी की कुल आय समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 11,349.44 करोड़ रुपए हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 10,514.74 करोड़ रुपए थी।

### केएसबी ने तीसरी तिमाही में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की

**मुंबई।** इस तिमाही में प्राप्त सेल्स वैल्यू 4,313 मिलियन रुपए पिछले वर्ष की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक है। 2022 की तीन तिमाहियों की सेल्स वैल्यू 12,974 मिलियन रुपए है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 23 प्रतिशत अधिक है। तिमाही प्रदर्शन के बारे में केएसबी लिमिटेड के डायरेक्टर सेल्स और मार्केटिंगए श्री फारुख भथेना ने कहाए श्हमने तीसरी तिमाही के लिए 17 प्रतिशत की साल दर साल बिक्री में जबरदस्त वृद्धि दर्ज की है और साथ हीए 3 तिमाहियों के लिए क्युमुलेटिव सेल्स में पिछले वर्ष की तुलना में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। ट्रेंड को जारी रखते हुएए हमने एक बार फिर पेट्रोकेमिकल सेगमेंट से महत्वपूर्ण ऑर्डर फ्लो देखा है। इस तिमाही में सबसे अधिक ऑर्डर प्राप्त हुए हैंए जिसमें एनपीसीआईएल और बाज़ियन सीसीपीपी प्रोजेक्ट के लिए कैलिक एनर्जी के ऑर्डर शामिल हैं।

## देश के 69 प्रतिशत परिवार वित्तीय असुरक्षा की चपेट में: सर्वेक्षण

भाषा। नई दिल्ली

**वित्तीय स**मावेशन की दिशा में मजबूत प्रगति और वित्तीय सेवा उद्योग के विस्तार के बावजूद देश के करीब 69 प्रतिशत परिवार अपनी वित्तीय असुरक्षा और कमजोरी का सामना कर रहे हैं। एक सर्वेक्षण पर आधारित रिपोर्ट में यह दावा किया गया। आर्थिक खबरों के डिजिटल मंच मनी9 की तरफ से व्यक्तिगत वित्त के बारे में कराए एक सर्वेक्षण के आधार पर यह रिपोर्ट जारी की गई है। इंडियाज पर्सनल फाइनेंस पल्स नाम के इस सर्वेक्षण में भारतीय परिवारों की आय, बचत, निवेश एवं खर्च से जुड़े बिंदुओं को समेटने की कोशिश की गई है। इस सर्वेक्षण के आधार पर परिवारों की आमदनी, खर्च एवं बचत के तौर-तरीकों को समझने के लिए देश की पहली नागरिक वित्तीय सुरक्षा रैंकिंग मनी9 वित्तीय सुरक्षा सूचकांक भी जारी की गई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक,देश में 4.2 सदस्यों वाले एक परिवार की औसत आय 23,000 रुपए प्रति माह है। वहीं 46 प्रतिशत से अधिक परिवारों की औसत आय 15,000 रुपए प्रति माह से भी कम है। इसका मतलब है कि ए परिवार आकांक्षी या निम्न आय समूह से ताल्लुक रखते हैं। यह सर्वेक्षण रिपोर्ट कहती है कि देश के सिर्फ तीन प्रतिशत परिवारों का ही जीवन-स्तर विलासिता से भरपूर है और उनमें में अधिकतर परिवार उच्च आय वर्ग से संबंधित हैं। करीब 70 प्रतिशत परिवार बैंक जमा, बीमा, डाकघर बचत और सोने के रूप में अपनी वित्तीय बचत करते हैं। इनमें भी उनका सबसे ज्यादा जोर बैंकों एवं डाकघरों पर होता है और जीवन बीमा एवं सोना का स्थान उसके बाद आता है। भारतीय परिवारों की बचत का 64 प्रतिशत से अधिक हिस्सा बैंक खातों में जमा के रूप में है जबकि सिर्फ 19 प्रतिशत परिवारों को ही बीमा की सुरक्षा हासिल है। मई और सितंबर के बीच कराए गए इस देशव्यापी सर्वेक्षण में 20 राज्यों के 31,510 परिवारों से बात की गई। इस दौरान शहरी इलाकों के अलावा ग्रामीण परिवारों से भी चर्चा की गई। मनी का संचालन करने वाले टीवी9 नेटवर्क के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी बरुण दास ने कहा, "यह सर्वेक्षण गुणवत्तापरक वित्तीय आंकड़ों की दिशा में एक बड़ी खाई को पाटने की कोशिश है। इसमें भारतीय परिवारों की व्यक्तिगत वित्तीय जरूरतों पर विशेष ध्यान दिया गया है। मनी9 के संपादक अंशुमान तिवारी ने कहा कि इस सर्वेक्षण से वित्तीय सुरक्षा के बारे में कुछ अनूठे एवं मूल्यवान आंकड़े सामने आने की उम्मीद है जिसका इस्तेमाल नीति-निर्माता नागरिकों के लिए नीतियां बनाने में कर सकते हैं।

## फुटबॉल विश्व कप के लिए कोलकाता की फर्म ने की ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति

**कोलकाता।** कतर में होने वाले अगले फुटबॉल विश्व कप के दौरान स्टेडियम एवं अन्य जगहों को रोशन करने के लिए कोलकाता की एक कंपनी ने करीब 3,000 ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति की है। ट्रांसफॉर्मर बनाने वाली कंपनी बीएमसी इलेक्ट्रोप्लास्ट ने कतर में विश्व कप का आयोजन करने वाली संस्था को करेंट एवं वोल्टेज ट्रांसफॉर्मरों की आपूर्ति की है। यह फुटबॉल विश्व कप में इस्तेमाल होने वाले कुल ट्रांसफॉर्मरों का करीब 50 प्रतिशत है। बीएमसी इलेक्ट्रोप्लास्ट के निदेशक सिद्धार्थ मित्रा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, "फुटबॉल विश्व कप जैसे महत्वपूर्ण खेल आयोजन में बिजली ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति करना हमारे लिए गौरव की बात है। इस आपूर्ति अनुबंध का मूल्य 35 करोड़ रुपए था। बीएमसी के ट्रांसफॉर्मरों को मंजूरी कतर इलेक्ट्रीसिटी एंड वाटर कॉरपोरेशन (कहरामा) ने दी थी। इस अनुबंध की प्रक्रिया 2010 में शुरू हो गई थी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में चार लेखपाल किए गए निलंबित

संवाददाता। अमेठी

**आज जनपद** की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में समय से आकर जन समस्याएं सुनें तथा उनका निस्तारण कराना सुनिश्चित करें इसमें लापरवाही किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता रामनरेश ग्राम नरैनी के द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्र में खतौनी में अतिरिक्त नामांकन करने के मामले में जिलाधिकारी ने ग्राम नरैनी के लेखपाल पंकज गुप्ता को तत्काल निलंबित करने के निर्देश उप जिला अधिकारी अमेठी को दिया, इसके साथ ही शिकायतकर्ता राजेंद्र प्रताप सिंह ग्राम पंचायत नगरडीह के शिकायती प्रार्थना पत्र में खतौनी बनाते समय नाम छोड़ देने के मामले में नगरडीह के लेखपाल सतीश को निलंबित करने के निर्देश दिए, वहीं आदेशों की फील्डिंग करने के मामले में गलत आदेश की फीडिंग करने पर लेखपाल अंजनी वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा, इसके अतिरिक्त एसडीएम अमेठी के पेशकार द्वारा अंतरिम आदेश की खतौनी पर अमल दरामद किए जाने के मामले में जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए एसडीएम अमेठी के पेशकार विशाल को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई। जिनके निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों को निर्देश दिए कि गांव में जाकर निरंतर भ्रमण कर अवैध कब्जा सहित छोटे-मोटे विवाद निपटाएं। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामीणों के शिकायती पत्र प्राप्त होते ही तुरन्त कार्यवाही अमल में लाई जायें ताकि तत्समय मौके पर ही निस्तारण किया जा सके। उन्होंने कहा कि जन सामान्य के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगो को दिया जाना सुनिश्चित किया जाये। शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचनी चाहिए। आज तहसील अमेठी में कुल 110 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 71 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 07 का निस्तारण किया गया, तहसील तिलोई में 56 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 02 का निस्तारण किया गया तथा तहसील गौरीगंज में 49 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन जन समस्याओं के निस्तारण के प्रति अत्याधिक गम्भीर है और इसमें उदासीनता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने कार्यालय समय से पहुंचे व जन समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करना सुनिश्चित कराएं। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक डा. इलामारन जी, उपजिलाधिकारी अमेठी प्रीति तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विमलेंदु शेखर, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए आशुतोष दूबे, तहसीलदार अमेठी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।


शिकायतों को सुनते हुए डीएम एवं एसपी



सुनवाई करती हुई सीडीओ

## शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नहीं: सीडीओ

**मुसाफिरखाना अमेठी।** स्थानीय तहसील मुख्यालय पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण संबंधित अधिकारी समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण करें शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

शनिवार को स्थानीय तहसील मुख्यालय पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रही मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए शिकायतों का निस्तारण समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए । संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 71 शिकायती पत्र आए जिसमें 07 शिकायती पत्रों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया ।शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया इस अवसर पर एसडीएम सविता यादव नायब तहसीलदार बलबीर सिंह खंड विकास अधिकारी अनीस अहमद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह सहित तहसील क्षेत्र के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### बढे सर्किल रेट का विरोध कर रहे अधिवक्ताओं की एडीएम से वार्ता, मिला पूरा आश्वासन

**खागा (फतेहपुर)।** तहसील में बढ़े हुए सर्किल रेट के विरोध में विगत लगभग ढाई सप्ताह से खागा तहसील अधिवक्ता, स्टाम्प वेंडर, दस्तावेज लेखक, मुंशी हड़ताल पर होने के कारण रजिस्ट्री दफ्तर में कोई काम नहीं हो रहा है। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अधिवक्ताओं का 11 सदस्य प्रतिनिधि मंडल एडीएम से मिलकर बढ़े हुए सर्किल रेट को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा जब तक बढ़े हुए सर्किल रेट वापस नहीं ली जाती। तब तक हड़ताल जारी रहेगी। भविष्य के आंदोलन में आम जनता, राजनैतिक दल, व्यापार मंडल, किसान यूनियन, सामाजिक संगठन, ग्राम प्रधान व जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। अधिवक्ताओं, मुंशियों, स्टांप वेंडरों, दस्तावेज लेखकों व तमाम लोगों ने मिल कर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। एडीएम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देते हुए कहा कि जिलाधिकारी के साथ बैठक करके उठाई गई समस्त बातों पर गंभीरता पूर्वक विचार करेंगे। रेट लिस्ट में अधिकतम 844.4 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई है। इस मौके पर अशोक कुमार गुप्ता संयोजक, मोतीलाल सह संयोजक, महेंद्र राज सिंह, भूपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, राजेश द्विवेदी, हरिशंकर सिंह, केस चंद्र मिश्रा, कृष्णकांत त्रिवेदी, आशुतोष पांडेय, राम सखा द्विवेदी, अनिल सिंह, मोहम्मद यूसुफ, वीरेंद्र सिंह तोमर, कमल सिंह, राजकुमार दुबे, जितेंद्र द्विवेदी, आनंद मोहन त्रिपाठी, निरंजन सिंह, अरुण अवस्थी, अरविंद पांडेय, इसराइल फारुकी, पंकज गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, एसडी शुक्ला (भोले), अतुल मिश्रा, ज्ञान प्रकाश दीक्षित, सूर्य प्रकाश सिंह, राजेंद्र सिंह, अनिल सिंह, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, राहुल तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, अविनाश यादव, विप्लव तिवारी, पुष्प नारायण शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### डम्फर की टक्कर से बाइक सवार की मौत, पिता-पुत्र घायल

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के डलमऊ रोड में दोपहर डम्फर की चपेट में आ जाने से जहाँ 35 वर्षीय बाइक सवार की मौत हो गई। वहीं पिता-पुत्र बुरी तरह घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया। जहाँ दोनों की हालत गंभीर देख कानपुर के लिये रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार सु घोष थाना क्षेत्र के पहाड़पुर मजरे पट्टी शाह गांव निवासी स्व0 बृजलाल का पुत्र राम सुमेर गांव के ही नरेश व उसके पुत्र सर्वेश के साथ बाइक से रायबरेली जनपद दवाई कराने गया था। वापस लौटते समय जैसे ही यह लोग हुसैनगंज थाने के डलमऊ रोड प्रधान ढाबा के पास पहुंचें। उसी बेकाबू डम्फर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिये जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहाँ इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने तीनों की हालत देखते हुये कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिये रेफर कर दिया। तभी रास्ते में रामसुमेर ने दम तोड़ दिया। जबकि पिता-पुत्र सर्वेश व नरेश का हैलेट में इलाज चल रहा है।

### डेंगू बचाव की औषधि वितरित

**फतेहपुर।** आरोग्य भारती व डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आरोग्य भारती के जिला सचिव डॉ. अनुराग श्रीवास्तव द्वारा डेंगू बचाव व जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत डॉ. अनुराग द्वारा प्राथमिक विद्यालय महारथी के 156, प्राथमिक विद्यालय पीरनपुर के 62, राजकीय कन्या प्राइमरी पाठशाला के 26, प्राथमिक विद्यालय चौक के 60, प्राथमिक विद्यालय पनी प्रथम के 69 कुल 373 बच्चों को डेंगू से बचाव व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने हेतु होमियोपैथिक औषधि वितरित की गई। साथ ही बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानध्यापिका वंदना गुप्ता, साफिया बेगम, सुधा मिश्रा, शबाना बेगम, मेराज बानो आदि उपस्थित रहे।

### पूरे देश का ईट भट्टा स्वामी 10 को रामलीला मैदान से संसद तक नई दिल्ली में निकलेगा मार्च

**फर्रुखाबाद।** पूरे देश के ईट भट्टा स्वामी सरकार की बेरुखी से नाराज होकर रामलीला मैदान से संसद भवन तक नई दिल्ली में 10 को मार्च निकालेंगे और अपनी चार सूत्री मांगों का मांग पत्र भारत सरकार को सौपेगेएयह बात ईट निर्माता संघ के अध्यक्ष किशन दत्त दिवेदी ने नेहरू रोड स्थित कोषाध्यक्ष नारायण अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर प्रेस वार्ता में कही। महामंत्री सुग्रीव सिंह गंगवार ने कहा कि गत एक माह से लाल ईट भट्टा स्वामी अपने सभी भट्टे बंद करके हड़ताल पर है। हड़ताल के बावजूद सरकार ने कोई सकारात्मक रवैया नहीं अपनाया है। उपाध्यक्ष महेंद्र कटियार ने कहा कि जी एस टी एक प्रतिशत से बढ़ाकर छह प्रतिशत क्लेम करने पर बारह प्रतिशत कर दी गई। कोयले के दाम दूने से ज्यादा हो गए। पर्यावरण विभाग ने बहुत सी पाबंदी लगाई है। मिट्टी खनन जे सी बी से करने पर रोक लगाई गई । इस कारण ईट भट्टा स्वामी अपना भट्टा बंद करके सड़क पर उतरने पर मजबूर हो गया है।

# ग्यारहवीं शरीफ 7 को: शहर काजी

संवाददाता। फतेहपुर

**पाँचवी सदी** हिजरी के सबसे बड़े वली आफ्ताबे विलायत सरकार गौसे आजम अब्दुल कादिर जीलानी बगदादी दीनो इस्लाम के बहुत बड़े अलम्बरदार और दीन को नई जिन्दगी बक्शाने वाले महान सन्त पुरुष थे इसीलिए आज पुरी दुनिया मोहिउद्दीन जिसका अर्थ है दीन को जिन्दा करने वाले के नाम से याद करती है। काजी शहर कारी फरीदउद्दीन कादरी ने कहा कि ये महीना चुकी सरकार गौसे आजम से सम्बन्धित है। इसलिए सरकार गौसे आजम के मानने वालो को चाहिए कि उनकी याद मे गरीबों बेवाओं व बेसहारा लोगों की मदद करें। उनकी शिक्षाओं पर अमल करें। उन्होंने अपने इल्मों फजल के माध्यम से भटकती हुई इन्सानियत को राहे रास्त पर लगाया। सूफी वली के साथ-साथ वह बहुत बड़े शिक्षाविद थे। उन्होंने अपने जीवन काल में अनेकों पुस्तक लिख कर लोगों को जिहालत के अंधेरे से उजाले मे ला खड़ा किया और कुरान व हदीस को इस तरह आसान करके पेश किया कि आज पुरी दुनिया कुरान व हदीस से मतलब निकाल कर अपने मसाइल हल कर लेते है। सारी दुनिया के मुसलमानों पर ये एक बड़ा एहसान है। उन्होंने कहा कि गौसे आजम ने नाजुक से नाजुक हालात मे भी नमाज व रोजे की पाबन्दी की है। लिहाजा उनके मानने वाले को चाहिए कि सच्ची पैरवी यही है कि नमाज कीं पाबन्दी हर कीमत पर हर कीमत पर करें। चूकिं उनकी शिक्षा पर चलकर के ही दुनिया व अखेरत मे कामयाबी हासिल की जा सकती है। काजी शहर श्री कादरी ने बताया कि ग्यारवी शरीफ 7- नवम्बर को होगी।

# सरकारी स्कूल के बच्चों के विज्ञान प्रदर्शनी का डीएम-एसपी ने किया अवलोकन

● **हर बच्चों के अन्दर है ज्ञान का भण्डार: डीएम**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर के सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा निर्मित बेहतरीन मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अवलोकन किया गया तथा सभी ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की तथा उत्साहवर्धन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी ने बताया कि जनपद के प्रत्येक ब्लॉक से क्विज प्रतियोगिता में चयनित 11-11 बच्चों द्वारा विज्ञान मॉडल बनाकर जनपद स्तरीय प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया गया। प्रदर्शनी के मूल्यांकन हेतु 5 सदस्य समिति जिसमें प्राचार्य डायट के प्रतिनिधि ओंकार नाथ मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रवक्ता डॉ नीतू यादव, प्रवक्ता अभिषेक सिंह एवं प्रवक्ता जितेन्द्र द्वारा सूक्ष्म मूल्यांकन कर 10 श्रेष्ठ मॉडल का चयन किया गया। चयनित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मोमेंटो, विज्ञान किट तथा पुस्तकों का सेट पुरस्कार स्वरूप दिया गया तथा सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र भी दिया गया। जनपद से कृष्ण प्रताप सिंह, कक्षा 8 कंपोजिट विद्यालय गजपुर, खलीलाबाद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। जिनके द्वारा मॉडल का प्रदर्शन राज्य स्तर पर किया जाएगा। प्रत्येक ब्लॉक से 50-50 बच्चों को राज्य के अन्दर एक्स्पोज़र विजिट कराया जाएगा। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी,जनार्दन यादव, आशीष सिंह जिला समन्वयक नवीन दूबे, रजनीश बैद्यनाथ, एस आर जी भास्कर त्रिपाठी, अशोक चौहान,संजय द्विवेदी, एआरपी मनोज पाण्डेय, हरि प्रकाश पाठक जीतेन्द्र कुमार,इन्दुधर मिश्र,दिलीप कुमार आदि उपस्थित रहे।


अवलोकन करते जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक

# डेंगू-मलेरिया के लक्षण वाले बुखार से तप रहा है घाटमपुर

● **अस्पतालों में उमड़ने लगी बुखार पीड़ितों की भीड़, झोला छाप डाक्टरों व नर्सिंग होम वालों की चांदी**

अनिल कुमार। घाटमपुर

**बीते तीन** साल से जारी कोराना वायरस का हमला अभी पूरी तरह से खत्म होता नही दिख रहा है इसी के बीच डेंगू व मलेरिया के लक्षण वाले बुखार से क्षेत्र में कोहराम मचा हुआ है, लेकिन स्वास्थ्य सेवायें बुखार से निपटने में केवल कागजी आंकड़े परोस रही है, जबकि कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का जल बिछा हुआ है। सीएचसी-पीएचसियों में दवाओं के साथ डाक्टरों की कमी का फायदा उठा कर गांव-गांव इलाज की खोले दुकान झोल छाप व नर्सिंग होम वाले इलाज के नाम पर बुखार पीड़ितों को लूट रहे है, तहसील मुख्यालय स्तरीय इस कस्बे में स्व0 बेनीसिंह अवस्थी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा पतारा, भीतरगांव और यमुना तट वर्ती गांव बरीपाल में सीएचसी स्तर के अस्पताल हैं पर कहीं भी डेंगू और चिकिनगुनियाँ जैसे जान लेवा बुखार की जाँच की व्यवस्था नही है, ग्रामीणों की माने तो गांव गड़ाथा, कटरी, काटर, मोहटा, अमिरतेपुर, मऊनखत, दहिलर, संभुई, सहबाजपुर और महुआ पुरवा आदि गांवों में बुखार का प्रकोप है और चर्म रोगों की बीमारी से लोग बेहाल है। यही हाल बिकास खंण्ड पतारा के बरौली, स्योढ़ारी, पतरसा नंदना सरखेलपुर, अरखरी, पारा, सरगंवा, लौकाहा, घटवा, तिलसड़ा, रतनपुर, बरनॉंव, मोमिनपुर, तरगांव आदि तमाम गांवों में डेंगू और मलेरिया बुखार जैसे लक्षण वाले बुखार का हमला शुरु हो गया है,सरकारी अस्पतालों के साथ ही निजी नसिंग होमों व झोला छापों के दवा खानों में मरीजों की दिनों दिन बढ़ रही भीड़ क्षेत्र में बुखार का फैले होने की चुगली कर रहा है।


फोटो-05 जीटीएम-1 घाटमपुर सीएचसी की पर्चा बनवाने को लगी लाइन ( फोटो- पायनियर )

**सीएचसी में निशुल्क जांचे ठप्प:** तहसील मुख्यालय की सीएचसी घाटमपुर में निशुल्क जाँच की सुविधा बीते कई माह से बद्हाल जैसी है, मरीजों की माने तो जाँच के नाम पर केवल खून जाँच की ही सुविधा है बाकी जाँचे कागजों तक सीमिति है जिसके चलते यहाँ आने वाले मरीजों को अन्य जाँचों के लिये बाहर पैथोलाजी में जाँच करानी पड़ती है। बाहर की पैथोलाजी से जाँच कराने में अक्षम मरीज बिना जाँच के ही इलाज कराने को मजबूर है, घाटमपुर सीएचसी मरीजों के पंजीकरण रजिस्टर का रिकार्ड माने तो इन दिनों 5 से 6 सौ के बीच मरीज रोजना ओपीड़ी में पंहुच रहे है।

**अस्पतालों की स्थित:** जिले की महत्व पूर्ण तहसील घाटमपुर जिसका ज्यादा तर भाग बुन्देलखंण्ड की सीमा से जुड़ा हुआ है क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का जाल बिछा होने के बाद भी लोगों को झोला छापा डाक्टरों व बैध-अवैध नर्सिंग होमों की शरण में जाना पड़ता है जहाँ मरीज भले न ठीक हो पर उसकी जेवर-खेती तक बिक जाती है। क्षेत्र में घाटमपुर के अलावा पतारा, भीतर गांव ( अब नर्वल तहसील ) और बरीपाल में सीएचसी कायम हैं इसके अलावा रेवना, कोटरा मकरंन्दपुर, बीबीपुर, कोरियाँ, स्योढ़ारी, पडरी लालपुर, कैथा तथा भीतरगांव सीएचसी के आधीन अमौर, कुढ़नी, बरईगढ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं लेकिन अस्पताल खुद बीमार जैसी हालत में नजर आ रहे है। नगरीय क्षेत्र में 15 शैय्याओं का राजकीय आर्युवैदिक अस्पताल के अलाव घुघुवा, ओर सजेती सहित आधा दर्जन आर्युवैदिक अस्पताल है। इतने ही गांवों में होमियोपैथिक अस्पताल है।

## ये हैं बुखार के लक्षण

घाटपुर-(अ) तेज सिर दर्द व बुखार का होना

(ब) जोड़ो तथा मॉन्सपेसियोंमें दर्द

(स) आँखों के पीछे दर्द जो घूमाने से बढ़ता है।

(द) जी मिचलान उल्टी होना।

मच्छर जनित रोगो से बचाव में क्या करें

घाटमपुर-(क) जिला मलेरिया अधिकारी के मुताबिक सभी मच्छर रुके हुए पानी में अंण्डे देते हैं अत: रुके हुए पानी की जगह को भर दे अथवा मिट्टी के तेल की कुछ बूंदें डाल दें। पानी से भरे बर्तन को ढ़क कर रखें।

(ख) डेंगू, चिकन गुनियाँ रोग का मच्छर साफ पानी जैसे कूलर/साफ पानी की टंकियों में पैदा होता है अत: सप्ताह में एक बार अवश्य साफ कर लें।

(ग) डेंगू और चिकन गुनिया का मच्छर दिन में काटता है अत: दिन में पूरी अस्तीन की कमीज व मोजे पहने।

(घ) छत पर पड़े अनावश्यक पात्रों को हटा/नष्ट कर दें

(ड़) सोते समय मच्छर दानी /मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती का प्रयोग करें।

(च) बुखार आने पर पैरासीटामाल दवा खायें/ तथा खून जाँच करा कर डाक्टर से सलाह लें।

क्या न करें-

(1) घरों के आस पास/बेकार पड़े पात्रों में पानी न इक्कठा होने दें।

(2) उपचार में एस्प्रीन व कर्टीसोन का प्रयोग न करें

(3) उपचार में देरी न करें।

# रायबरेली पुनर्गठन पेयजल योजना का निकला जनाजा

● **करोड़ों की योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी**

● **टेकेदारों पर कार्रवाई से बच रहा जल निगम उत्तर प्रदेश**

संवाददाता। रायबरेली





**उत्तर प्रदेश** जल निगम लखनऊ की लूट खसोट नीति के चलते पुनर्गठन पेयजल योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है ।नगर पालिका परिषद क्षेत्र में लगभग 137 करोड़ की लागत से रायबरेली पुनर्गठन पेयजल योजना सन 2014 दिसंबर माह से शुरू की गई ।7 वर्ष बीत जाने के बावजूद भी उक्त योजना से बूंद भर पानी शहरवासियों को मयस्यर नहीं हो सका है ।पुनर्गठन प्योर जल योजना के अंतर्गत अराइवली शहर के लोगों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने की ग्रह से उक्त योजना का शुभारंभ किया गया था । कार्यदेयी संस्था परियोजना प्रबंधक पेयजल द्वितीय उत्तर प्रदेश जल निगम नगरिय लखनऊ ने रायबरेली शहर की पेयजल योजना को 20 जोन में बांटा चार चार जोन के पांच ग्रुप टेंडर बनाएं । टेंडर प्रक्रिया के बाद शहर की पेयजल योजना को अमलीजामा पहनाने का कार्य शुरू हुआ। कार्य की गुणवत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि योजना के लिए भारी-भरकम बजट शासन से प्राप्त होने के बावजूद तय समय सीमा पर कार्य मुकम्मल नहीं हो सका है ।प्रथम ग्रुप में जोन स्वराज नगर जोन 2 टाउन हॉल जोन 3 बस स्टेशन जोन 4 किला बाजार ।ग्रुप 2 जोन5 आनंद नगर जोन6 नेहरू नगर जोन7 डिग्री कॉलेज घोसियाना जोन8 प्रभु टाउन वसंत नगर घंटाघर तक ।ग्रुप 3जोन 9 पुलिस लाइन से राजघाट सीएमओ ऑफिस जोन10 मुंशीगंज टंकी से पुराना व नया मुंशीगंज जोन 11 राज्य की कॉलोनी से गोरा बाजार मनिका रोड जोन 12 फिरोज गांधी सिविल लाइन । ग्रुप 4जोन13 बालापुर आईटीआई जोन 14 मलिक मऊ सुल्तानपुर रोड जोन15 प्रगति पुरम जोन 16 आईटीआई कॉलोनी । ग्रुप5 जोन17 खसपरी से त्रिपुरा जोन 18 अली मियां कॉलोनी से त्रिपुरा जोन 19 कल्लू का पुरवा से रतापुर जोन20 सुल्तानपुर रोड बरखापुर ।उक्त योजना के 20 जोनो से मात्र 12 जोन जिसमें ग्रुप 2, 4, व 5 का हैंड ओवर नगर पालिका परिषद पा चुकी है ।ग्रुप 1व 3 का हैंड ओवर नहीं हो सका है । लगभग 7 वर्षों तक लंबी जद्दोजहद चलने के बाद करोड़ों रुपए का भुगतान जल निगम उत्तर प्रदेश के द्वारा संबंधित ठेकेदारों को दिया जा चुका है बावजूद इसके अभी भी शहर के लोगों को इस पेयजल योजना का संपूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा है । 12 जोन जो नगर पालिका परिषद रायबरेली को हैंडोवर हुए हैं उनमें तमाम खामियां हैं। जानकारों का कहना है कि अगर प्रेशर के साथ पानी की आपूर्ति कर दी जाए तो जगह-जगह से पाइप फट जाएंगे ।8 जोन जो कि अभी तक नगर पालिका परिषद को हेंडओवर नहीं हुए उनकी हालत अति दयनीय हैं। अब सवाल उठता है कि जब इतनी जर्जर अवस्था में पेयजल आपूर्ति की लाइन बिछाई गई है तो फिर नगर पालिका परिषद रायबरेली ने क्यों ऐसे कार्य को हैंड ओवर किया गया है। परियोजना के हैंड औवर में भी एक खेल खेला जा रहा है बिछाई गई लाइनों को पूरी तरह से इस्तेमाल में नहीं लिया गया है इसका जिला प्रशासन भौतिक सत्यापन भी करा सकता है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रायबरेली आशीष कुमार ने बताया कि मेरे कार्यकाल में मात्र 4 जोन नगरपालिका को हैंड ओवर हुए हैं।

# गिरे हुये को उठाने का नाम है हनुमान: शॉडिल्य

**रूरा, कानपुर देहात।** गिरे हुये को उठाने का नाम ही हनुमान है, उक्त विचार कस्बे के श्री विष्णु महायज्ञ में आयोजित विशाल मानस सम्मेलन के छठे दिन सुभाश्रम सिरजम आश्रम देवरिया के सॅचालक अखिलेश मणि शॉडिल्य ने व्यक्त किये। इस मौके पर भारी सॅख्या में श्रद्धालु भक्त गण मौजूद रहे।

कस्बे के थाना ग्राउण्ड में 28 वें श्री विष्णु महायज्ञ एवॅ विशाल मानस सॅगीत सम्मेलन, श्रीमदभागवत कथा एवॅ रासलीला का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के छठे दिन शनिवार को सुभाश्रम सिरजम आश्रम देवरिया से पधारे रामचरित मानस के मूर्धन्य विद्वान, ओजस्वी वक्ता अखिलेश मणि जी शॉडिल्य ने सारगर्भित व्याख्यान देते हुये बताया कि गिरे हुये को उठाना ही हनुमान का काम है, भगवान श्रीराम से प्रेरणा लेते हुये हनुमान जी ने भी झूठ, दिखावा के भोकाल को कई बार नष्ट करते हुये सन्मार्ग पर चलने का काम किया, उन्होंने बताया कि भगवान राम ने समाज के ॲतिम शोषित, वॅचित वर्ग को गले लगा समाज को जो सन्देश प्रदान किया, उस पर आज के शासकों को अमल में लाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। उन्होने राम के नाम से ज्यादा राम के कामों से प्रेरणा लेने का आवाहन किया, भगवान राम ने गरीबी से लडने का काम किया, अन्याय का पुरजोर विरोध किया, यही काम किये जाने की आवश्यकता है, राम का काम करने से अपने आप ही राम का नाम का उल्लेख हो जाता है। उन्होंने शनिवार को हनुमान जी की महिमा का वर्णन करते हुये बताया कि उन्होंने रावण के अत्याचार, भोकाल का नाश करने के लिये ही आग लगाने के दौरान अपनी पूॅछ को इतना ज्यादा बडा कर लिया कि समस्त लॅका के कपडे ही समाप्त हो गये। हनुमान जी ने कुमति को दूर करने व सुमति को अपनाने के लिये कई काम किये जिनसे प्रेरणा वर्तमान समय में लिया जाना आवश्यक है। रामचरित मानस सम्मेलन को मिर्जापुर की धरती से पधारे पं0 द्वारिकाधीश शास्त्री ने सम्बोधित करते हुये हनुमान जी द्वारा हिमालय पर्वत से सॅजीवनी बूटी लाये जाने की घटना का अपनी धारा प्रवाह शैली में प्रभावी वर्णन किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष श्यामबिहारी शुक्ला, रजोल, कोषाध्यक्ष महेश मुनीम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू भदौरिया, कार्यक्रम मुख्य व्यवस्थापक उमेन्द्र गुप्ता बउआ, आशुतोष मिश्रा छोटे भईया, सहित समिति के जगदीश नारायण शुक्ला, रामकुमार शुक्ला, बबलू कुशवाहा, राजबहादुर गुप्ता, जेएन मिश्रा, रामऔतार दीक्षित, शिवा पाण्डेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।





# गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया विश्व कप से बाहर

## श्रीलंका को हराकर इंग्लैंड सेमीफाइनल में

**भाषा।** सिडनी

**इंग्लैंड ने** बेन स्टोक्स (नाबाद 42 रन) के अनुभव की बदौलत शनिवार को यहां सुपर-12 के ग्रुप एक के महत्वपूर्ण मैच में श्रीलंका को चार विकेट से हराकर टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जिससे मेजबान और गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया का अभियान ग्रुप चरण में ही समाप्त हो गया। श्रीलंका ने सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका (45 गेंद में 67 रन) की शानदार अर्धशतकीय पारी से शानदार शुरूआत की। लेकिन इंग्लैंड के गेंदबाजों ने वापसी करते हुए उसे आठ विकेट पर 141 रन ही बनाने दिए। एससीजी की सूखी पिच पर इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज एलेक्स हेल्स (47 रन, 30 गेंद, सात चौके, एक छक्का) और कप्तान जोस बटलर (28 रन, 23 गेंद, दो चौके, एक छक्का) ने पहले विकेट के लिए 43 गेंद में 75 रन की साझेदारी की बदौलत अच्छी शुरूआत की। फिर टीम को 77 गेंद में महज 67 रन की दरकार थी लेकिन श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसारंगा डिसिल्वा (23 रन देकर दो विकेट) ने विकेट झटकने की शुरूआत की और कुछ ही देर में इंग्लैंड की आधी टीम पवेलियन पहुंच गई थी। हसारंगा ने



इंग्लैंड के दोनों सलामी बल्लेबाजों को महज सात रन के अंदर आउट कर दिया जिसके बाद धनंजय डिसिल्वा (24 रन देकर दो विकेट) और लाहिरू कुमारा (24 रन देकर दो विकेट) ने विकेट झटके। इंग्लैंड ने तीसरे नंबर के बल्लेबाज डेविड मलान के चोटिल (ग्रोइन) होने के कारण बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल किया। टीम को 33 गेंद में 31 रन की जरूरत थी जब मोईन अली (01) धनंजय डिसिल्वा का दूसरा शिकार बने। लेकिन इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान स्टोक्स ने संयम से खेलते हुए अपनी पारी की 36वीं गेंद पर चौका जड़कर टीम को दो गेंद रहते जीत तक पहुंचाया। इसमें क्रिस वोक्स (नाबाद 05 रन) ने उनका साथ दिया और 15 रन की साझेदारी की। एशेज की दो प्रतिद्वंद्वी टीमों आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच सुपर 12 का मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया था। इससे आस्ट्रेलिया का अभियान ग्रुप चरण में सात अंक पर खत्म हुआ क्योंकि उनकी उम्मीदें श्रीलंका की इंग्लैंड पर जीत पर टिकी थीं। इंग्लैंड ग्रुप एक में न्यूजीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रही और अब अंतिम चार में उसका सामना ग्रुप दो की शीर्ष टीम से होगा। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और निसांका ने 33 गेंद में अर्धशतक जड़कर अच्छी शुरूआत कराई। इस स्टाइलिश सलामी बल्लेबाज ने इंग्लैंड के आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए 45 गेंद में पांच छक्के और दो चौके जमाए। लेकिन लेग स्पिनर आदिल राशिद (चार ओवर में 16 रन देकर एक विकेट) ने टूर्नामेंट में पहला विकेट निसांका के रूप में लेकर रूख बदल दिया। तेज गेंदबाज सैम कुरेन (चार ओवर में 27 रन देकर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में कसा स्पैल डाला जिससे आठ रन से ज्यादा प्रति ओवर की लय से चल रही श्रीलंकाई टीम की रन गति पर लगाम लग गई। बल्लेबाजी क्रम में नीचे पावरहिटर की कमी का श्रीलंका को खामियाजा भुगतना पड़ा।

### स्कोरबोर्ड

**श्रीलंका** : निसांका का सब (जोर्डन) बो राशिद 67, मेंडिस का लिविंगस्टोन बो वोक्स 18, डिसिल्वा का स्टोक्स बो कुरेन 09, असालंका का मलान बो स्टोक्स 08, राजपक्षे का कुरेन बो वुड 22, शनाका का बटलर बो वुड 03, हसारंगा डिसिल्वा रन आउट 09, करुणारत्ने नाबाद 00, महीश तीक्षणा का हेल्स बो वुड 00, **अतिरिक्त** : 05, **कुल** : 20 ओवर में आठ विकेट पर 141 रन, **विकेट पतन** : 1-39, 2-84, 3-84, 4-118, 5-127, 6-140, 7-141, 8-141, **गेंदबाजी** : स्टोक्स 3-0-24-1, वोक्स 3-0-24-1, वुड 3-0-26-3 कुरेन 4-0-27-1, राशिद 4-0-16-1, लिविंगस्टोन 2-0-16-0 मोईन अली 1-0-5-0

**इंग्लैंड पारी** : बटलर का करुणारत्ने बो वानिंदु हसारंगा 28, हेल्स का एवं बो वानिंदु हसारंगा 47, स्टोक्स नाबाद 42, ब्रुक का एवं बो धनंजय डिसिल्वा 04, लिविंगस्टोन का धनंजय डिसिल्वा 04, अली का शनाका बो धनंजय डिसिल्वा 01, कुरेन का रजिता बो कुमारा 06, वोक्स नाबाद 04, अतिरिक्त : 08, कुल : 19.4 ओवर में छह विकेट पर 144 रन, विकेट पतन : 1-75, 2-82, 3-93, 4-106, 5-111, 6-129, **गेंदबाजी** : तीक्षणा 4-0-22-0, रजिता 3-0-39-0, कुमारा 3.4-0-24-2, हसारंगा डिसिल्वा 4-0-23-2, डिसिल्वा 4-0-24-2, असालंका 1-0-8-0

# बर्थडे ब्वाय कोहली ने कहा, 13 नवंबर को केक काटना चाहूंगा

**भाषा।** मेलबर्न

**विराट कोहली** ने अपना 34वां जन्मदिन शनिवार को यहां मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर भारतीय मीडिया के साथ मनाया और इस अवसर पर अपनी इच्छा जाहिर की कि वह भारत के लिए टी20 विश्व कप जीतने के बाद 13 नवंबर को इससे भी बड़ा केक काटना चाहते हैं। कोहली एमसीजी की गैलरी से निकलते हुए मुस्कुरा रहे थे और जिस किसी ने भी उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी उससे वह हाथ मिलाकर अभिवादन स्वीकार कर रहे थे।एक पत्रकार ने उनसे पूछा, आपने कभी सार्वजनिक तरीके से अपना जन्मदिन मनाया है विराट? इस पर कोहली ने मुस्कुराते हुए कहा, आप लोगों ने पहले तो कभी मुझे जन्मदिन पर केक भेजा भी नहीं। कोहली से भाषण देने के लिए कहा गया तो उनकी मुस्कान लौट आई। उन्होंने कहा, मैं किसी सवाल का जवाब नहीं देने जा रहा हूं। कोहली ने मुस्कुराते हुए कहा, एमसीजी पर केक काटना अच्छा है लेकिन मैं एक केक काटना पसंद करता। आप समझ गए होंगे कि वह किस केक की बात कर रहे हैं। अगले रविवार को टी20 विश्व कप का फाइनल खेला जाएगा और कोहली फाइनल में भारत की जीत के बाद केक काटने की बात कर रहे थे।भारत ने अभी अपना अभ्यास सत्र समाप्त किया था और कोहली ने भी आधे घंटे तक बल्लेबाजी का अभ्यास किया। उन्होंने नेट गेंदबाजों के अलावा हर्षल पटेल, युजवेंद्र चहल और मोहम्मद सिराज का भी सामना किया। रविचंद्रन अश्विन ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया पूर्व कप्तान ने ड्रेसिंग रूम में केक काटा था। अश्विन से जब पूछा गया की टीम कोहली का जन्मदिन कैसे मना रही है, उन्होंने कहा, हां, हम केक लेकर आए थे। ऋषभ लाया था। अभ्यास से ठीक पहले हमने केक काटा था।



### बेहद मजबूत आत्मविश्वास वाला खिलाड़ी है विराट : धवन

**मुंबई।** दिल्ली के लिए विराट कोहली के साथ लंबे समय तक खेलने वाले शिखर धवन ने उनके 34वे जन्मदिन पर कहा कि अनुशासन, सकारात्मक होना और अपनी काबिलियत पर भरोसा ऐसी चीजे है जो उन्हें बाकियों से अलग करती हैं। लंबे समय तक बल्लेबाजी में खराब दौर देखने वाले कोहली ने मौजूदा टी20 विश्व कप में फॉर्म में वापसी करते हुए तीन आक्रामक अर्धशतकीय पारियां खेली जिसमे सबसे शानादर पारी भारत के टूर्नामेंट के पहले मुकाबले मे चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ रही। धवन ने शनिवार को यहां इंडिया टुडे कान्क्लेव मे कहा, विराट कोहली इस टूर्नामेंट में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, उसे बहुत बहुत बधाई। उसे जन्मदिन की बहुत बहुत शुभकामनाएं। भारत सही समय पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहा है और मै टीम की जीत की उम्मीद कर रहा हूं। धवन ने कहा, विराट बहुत मजबूत आत्मविश्वास वाला खिलाड़ी है, जब आप उससे बात करो तो वह बहुत सकारात्मक रहता है। यह सब निर्भर करता है कि आप खुद को किस तरह से लेते हो। आप अपने बेहतरीन दोस्त हो सकते हो या फिर अपना ही शिकार हो सकते हो, यह पूरी तरह से आप पर निर्भर करता है।

### निश्ना संयुक्त 44वें स्थान पर खिसकी

**पटाया।** भारतीय गोल्फर निश्ना पटेल ने यहां महिला एमेच्योर एशिया पैसिफिक चैम्पियनशिप के तीसरे दिन पांच ओवर का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 44वें स्थान पर खिसक गई। निश्ना (16 वर्ष) यहां आने वाली भारतीय खिलाड़ियों में कट हासिल करने वाली एकमात्र गोल्फर है। उन्होंने पहले और दूसरे दिन 72 और 71 के कार्ड खेले थे। लेकिन तीसरे दौर में 77 के कार्ड से उनका कुल स्कोर चार ओवर का हो गया जिससे वह संयुक्त 44वें स्थान पर चल रही है।

### पैरा बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप फाइनल में भगत का सामना नितेश से

**तोक्यो।** प्रमोद भगत और नितेश कुमार बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप के पुरूष एकल एसएल3 वर्ग में स्वर्ण पदक के लिए एक दूसरे से खेलेंगे। महिला एकल एसयू5 फाइनल में मनीषा रामदास चुनौती पेश करेंगी जबकि पुरूष युगल एसएल3 . एसएल4 फाइनल में मनोज सरकार और भगत खेलेंगे। भगत ने जापान के दाइसुके फुजीहारा को 22-20, 21-14 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में नितेश ने पूर्व कांस्य पदक विजेता सरकार को 21-10, 21-13 से मात दी।

### मनिंदर ने वारियर्स को जायंट्स पर जीत दिलाई

**पुणे।** बंगाल वारियर्स ने शनिवार को यहां बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मुकाबले में गुजरात जायंट्स पर 45-40 से जीत हासिल की। कप्तान मनिंदर सिंह ने मैच में 20 अंक जुटाए। पहले हाफ तक बंगाल ने मनिंदर की बदौलत 32-21 से बढ़त बनाई हुई थी। दूसरे हाफ गुजरात ने वापसी की कोशिश की लेकिन बंगाल की टीम ने संयम नही खोया और जीत दर्ज की।

### खिलाड़ी को प्रतिबंधित स्टेरायड देने वाले कोच पर नाडा का प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक अनुशासन पेनल ने मुंबई मे रहने वाले एथलेटिक्स कोच मिकी मेनेजेस पर अपनी प्रशिक्षु को प्रतिबंधित पदार्थ का इंजेक्शन देने के आरोप मे 5000 रूपए जुर्माना और चार साल का प्रतिबंध लगाया है। मिकी ने कीर्ति भोइते को ड्रोस्टानोलोन का इंजेक्शन दिया था जो प्रतिबंधित है।

### एशियाई हॉकी महासंघ के सीईओ तैयब इकराम एफआईएच अध्यक्ष बने

**लुसाने।** एशियाई हॉकी महासंघ के सीईओ मकाऊ के मोहम्मद तैयब इकराम को शनिवार को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) का नया अध्यक्ष चुना गया जो भारत के नरिंदर बत्रा की जगह लेंगे। इकराम ने बेल्जियम के मार्क कूड्रोन को यहां आनलाइन हुई एफआईएच की 48वी कांग्रेस मे 79 . 47 से हराया।

### हैदराबाद एफसी ने ओडिशा एफसी को 1–0से हराया

**हैदराबाद।** हैदराबाद एफसी ने शनिवार को यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल मैच में ओडिशा एफसी को 1-0 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की और तालिका मे शीर्ष पर अपनी बढ़त मे इजाफा किया।

# जोकोविच और सिटसिपास सेमीफाइनल में



**भाषा।** पेरिस

**दिग्गज टेनिस** खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने आसान जीत के साथ पेरिस मास्टर्स में रिकॉर्ड सातवां खिताब जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए, लेकिन कार्लोस अलकारेज पेट दर्द के कारण मैच में बीच से हटकर बाहर हो गए। जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में लोरेंजो मुसेटी को आसानी से 6–0, 6–3 से हराया। इस सत्र में इजरायलऔर कजाखस्तान में खिताब जीतने वाले जोकोविच रिकॉर्ड 39वें मास्टर्स खिताब की कवायद में हैं। जोकोविच सेमीफाइनल में यूनान के पांचवीं वरीयता प्राप्तस्टेफानोस सिटसिपास से भिड़ेंगे, जिन्होंने गैर वरीयता प्राप्त अमेरिकी टॉमी पॉल को 6–2, 6–4 से पराजित किया। पॉल ने दूसरे दौर में राफेल नडाल को हराया था। शीर्ष वरीयता प्राप्त अलकारेज को डेनमार्क के होल्गर रूने के खिलाफ आधे मैच से हटना पड़ा। जब अलकारेज ने पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण हटने का फैसला किया तब रूने 6–3, 6–6 और टाईब्रेकर में 3–1 से आगे चल रहे थे।

### डब्ल्यूटीए फाइनल्स : सक्कारी और सबालेंका सेमीफाइनल में

**फोर्ट वर्थ।** मारिया सक्कारी और आर्यना सबालेंका ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मे प्रवेश किया। सक्कारी ने राउंडरोबिन ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच मे ओंस जाबुर को 6-2, 6-3 से जबकि सबालेंका ने जेसिका पेगुला को 6-3, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल मे अपनी जगह पक्की की।अमेरिका की पेगुला इस राउंड रोबिन टूर्नामेंट मे एक भी मैच नही जीत पाई। इस बीच नीदरलैंड की डेसिरा क्राव्जिच और अमेरिका की डेमी शूअर्स ने चीन की जू यिफ़न और यांग झाओसुआन को 7-6 (2), 6-3 से पराजित करके युगल सेमीफाइनल मे प्रवेश किया।

# कप्तान रोहित और टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार

## जिंबाब्वे के खिलाफ मुकाबला आज

**भाषा।** मेलबर्न



**भारत** को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए जिंबाब्वे के खिलाफ रविवार को यहां हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी और इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा भी बड़ी पारी खेलने की कोशिश करेंगे। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों में विराट कोहली बेहतरीन फॉर्म में है जबकि केएल राहुल और सूर्यकुमार यादव जैसे खिलाड़ियों ने भी कुछ प्रभावशाली पारियां खेली हैं लेकिन भारतीय कप्तान अभी तक लंबी पारी नहीं खेल पाए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक चार मैचों में केवल 74 रन बनाए हैं। वह अब ऐसे मैदान पर उतरेंगे जिसमें उन्होंने कुछ यादगार पारियां खेली हैं। रोहित ने कुछ अच्छे शॉट खेले हैं लेकिन नीदरलैंड के खिलाफ मैच को छोड़ दिया जाए तो बाकी मैचों में वह प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) दो सप्ताह पहले भारत और पाकिस्तान के मैच तथा विराट कोहली की लाजवाब पारी का गवाह बना था लेकिन जिंबाब्वे के खिलाफ मैच भी कम महत्वपूर्ण नहीं है क्योंकि इससे भारत का अंतिम चार में पहुंचने का रास्ता साफ हो जाएगा। इस संदर्भ में देखा जाए तो जिंबाब्वे के खिलाफ भारतीय टीम को हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। वह रेजिस चकाबवा की अगुवाई वाली जिंबाब्वे की टीम के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। जिंबाब्वे ने टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत की थी लेकिन वह आगे अपनी लय को बरकरार नहीं रख पाया था। जिंबाब्वे के बल्लेबाज अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और भारतीय आक्रमण के सामने उनके लिए रन बनाना आसान नहीं होगा क्योंकि भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह और मोहम्मद शमी बेहतरीन गेंदबाजी कर रहे हैं। भारतीय आक्रमण में आर अश्विन ही ऐसे गेंदबाज हैं जो अभी तक खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। इस मैच में जीत से भारत ग्रुप दो में शीर्ष पर पहुंच जाएगा लेकिन उसके हारने की स्थिति में पाकिस्तान के लिए सेमीफाइनल में पहुंचने का रास्ता खुल जाएगा। पाकिस्तान यदि अपने अंतिम मैच में बांग्लादेश को हरा देता है तो बेहतर रन रेट के आधार पर वह आगे बढ़ जाएगा। ग्रुप की एक अन्य टीम दक्षिण अफ्रीका अभी पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और नीदरलैंड पर जीत से वह भी आगे बढ़ जाएगा लेकिन अगर उसे हार मिलती है और पाकिस्तान जीतता है तो फिर पाकिस्तानी टीम और भारत अंतिम चार में जगह बना लेंगे। भारत अगर ग्रुप में चोटी पर रहता है तो सेमीफाइनल में उसका सामना इंग्लैंड या ऑस्ट्रेलिया से हो सकता है। इंग्लैंड अगर श्रीलंका को हरा देता है तो भारत को जोस बटलर की अगुवाई वाली टीम का सामना करने के लिए एडिलेड का दौरा करना होगा लेकिन अगर श्रीलंका जीतता है तो फिर भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के लिए सिडनी जाना होगा। भारतीय टीम ने अभी तक अपनी बल्लेबाजी क्रम में बदलाव नहीं किया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अक्षर पटेल को बाहर किया गया था क्योंकि उनकी टीम में बाएं हाथ के अधिक बल्लेबाज हैं। जिम्बाब्वे की बल्लेबाजी क्रम में एर्विन, सीन रयान बर्ल और विलियम्स जैसे खिलाड़ी हैं और ऐसे में संभावना है कि भारतीय टीम प्रबंधन दीपक हुड्डा को एक और मौका दे सकता है। भारत के सामने हालांकि सबसे बड़ी चुनौती पाकिस्तान में जन्में सिकंदर रजा पेश कर सकते हैं जो अभी बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। एक अन्य विकल्प हर्षल को आजमाना भी है। चहल को अभी तक इसलिए नहीं आजमाया गया क्योंकि टीम प्रबंधन पुछल्ले बल्लेबाजों की लंबी कतार नहीं चाहता। लेकिन अगर भारत सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करता है तो चहल को जगह मिल सकती है क्योंकि अंग्रेज बल्लेबाजों के खिलाफ उनका रिकॉर्ड अच्छा है। भारत और जिंबाब्वे इससे पहले टी20 विश्व कप में कभी एक दूसरे से नहीं भिड़े हैं लेकिन इस अफ्रीकी देश के हाल के दौरे के बाद कोचिंग स्टाफ के पास रणनीति तैयार करने के लिए पर्याप्त मसाला है।

### भारत के खिलाफ हार के लिए छद्म क्षेत्ररक्षण को बहाना नही बनाना चाहता: श्रीराम

**एडीलेड।** बांग्लादेश के तकनीकी सलाहकार श्रीधरन श्रीराम ने शनिवार को स्वीकार किया कि उनकी टीम भारत के खिलाफ मुकाबले मे दबाव मे आ गई थी और साथ ही उन्होंने कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप में टीम पड़ोसी देश के खिलाफ मिली हार के बहाने के रूप में छद्म क्षेत्ररक्षण के प्रकरण का इस्तेमाल नही करना चाहती। बांग्लादेश को भारत से पांच रन से हार का सामना करना पड़ा था। बारिश आने के कारण बांग्लादेश को 16 ओवर में 151 रन का संशोधित लक्ष्य दिया गया था। बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज नुरूल हसन ने बाद में भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पर छद्म क्षेत्ररक्षण का आरोप लगाया था। श्रीराम ने बांग्लादेश के पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस मे कहा, नही, हम यहां कोई बहाना नही बनाना चाहते। जैसे ही यह घटना हुई थी, मैने चौथे अंपायर से बात की थी।

### जीत के साथ भुवनेश्वर चरण का अंत करने उतरेगा भारत

**भुवनेश्वर।** पिछले मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने के बाद उत्साह से लबरेज भारत रविवार को यहां स्पेन के खिलाफ होने वाले एफआईएच हॉकी प्रो लीग के मैच में अपना आक्रामक रवैया बरकरार रखते हुए भुवनेश्वर चरण का जीत के साथ अंत करने के लिए उतरेगा। हरमनप्रीत सिंह और उनके साथियों ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ।–3 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके 7–4 से जीत दर्ज की थी।भारत के अब छह अंक हैं। स्पेन के भी इतने ही अंक हैं लेकिन उसने एक मैच कम खेला है। न्यूजीलैंड को अभी खाता खोलना है।

# मीनाक्षी और प्रीति एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में

## भारत के पदक पक्के

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय मुक्केबाज** मीनाक्षी और प्रीति ने अलग अलग अंदाज में जीत दर्ज करते हुए शनिवार को जोर्डन के अम्मान में चल रही एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में पदार्पण में सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्के किए। मीनाक्षी (52 किग्रा) ने चार बार की दक्षिण पूर्व एशियाई खेलों की पदक विजेता फिलीपींस की इरिश



मैग्नो को क्वार्टरफाइनल में 4–1 से शिकस्त दी जबकि प्रीति (57 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन से उज्बेकिस्तान की तुरदिबेकोवा सितोरा के खिलाफ 5–0 से जीत हासिल की। मीनाक्षी का सामना नौ नवंबर को सेमीफाइनल में मंगोलिया की लुतसाईखान अलतांतसेतसेग से होगा जबकि प्रीति जापान की आयरी सेना के सामने होंगी। अन्य क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में साक्षी (54 किग्रा) को तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे की सियाओ वेन हुआंग से 0–5 से हार मिली। शुक्रवार की रात अनंत चोपाडे (54 किग्रा) ने जापान के तनाका शोगो पर 5–0 की जीत से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि इताश खान (60 किग्रा) को थाईलैंड के खुनाटिप पिडनुच से 2–3 से हार झेलनी पड़ी।

### लोग अगर क्रीज से बाहर नहीं आते, तो मैं इसका इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करूंगा: अश्विन

**भाषा।** मेलबर्न

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद के नियमों के अनुसार जब नॉन–स्ट्राइकर छोर पर बल्लेबाज को रन आउट करना अनुचित समझा जाता था तब भी भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अपने तर्क पर डटे हुए थे लेकिन इस ऑफ स्पिनर ने हल्के फुल्के अंदाज में स्वीकार किया कि वह भी इस तरीके से आउट नहीं होना चाहेंगे। काफी खिलाड़ी कह चुके हैं कि वे क्रीज से बाहर नहीं आएंगे और अश्विन को भरोसा है कि वह इसका इस्तेमाल अपने फायदे के लिए कर सकते हैं। कहा, यह अच्छा है। मेरा मतलब, अगर लोग कहते हैं कि वे क्रीज से बाहर नहीं आएंगे लेकिन वे आते हैं तो बतौर क्रिकेटर, मैं इसका इस्तेमाल खुद के फायदे के तौर पर करूंगा। अश्विन नॉन–स्ट्राइकर छोर पर ज्यादा आगे तक आने पर कई बार खिलाड़ियों को रन आउट कर चुके हैं, उन्होंने महिला टीम की खिलाड़ी दीप्ति शर्मा का भी समर्थन किया था, जब उन्होंने ब्रिटेन में भारत की श्रृंखला के दौरान इंग्लैंड की अंतिम बल्लेबाज को इसी तरीके से आउट किया था। अश्विन ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं भी इस तरह से आउट नहीं होना चाहूंगा क्योंकि मैं ऐसा नहीं चाहता – ऐसा नहीं है कि मैं इस तरह से आउट नहीं हो सकता। , इसलिए कोई भी आउट नहीं होना चाहता।

### अर्नवी ने लखनऊ को दिलाया पहला स्वर्ण



**लखनऊ।** मेजबान लखनऊ की अर्नवी आर्या ने 18वीं यूपी राज्य ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता में पहला स्वर्ण पदक जीता। यूपी गुडविल ताइक्वाण्डो एसोसिएशन के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में आयोजित प्रतियोगिता में मेजबान लखनऊ ने नौ स्वर्ण जीतते हुए अपना दबदबा कायम किया। दूसरी ओर गोरखपुर की टीम 6 स्वर्ण पदकों के साथ दूसरे स्थान पर चल रही है। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि नवीन अरोरा आईपीएस एअपर पुलिस महानिदेशक आतंकवाद निरोधक दस्ता यूपी एवं विशिष्ट अतिथि डा.माला मेहरा प्रधानाचार्या हार्नर कॉलेज ने किया। चैंपियनशिप में पहले दिन लखनऊ की अर्नवी आर्या, उज्जवल सिंह, अभय रावत, अणर्व कश्यप, उन्नति गुप्ता, जयश्री सिंह, स्वाति सिंह, रितवि त्रिपाठी, स्वधाए गोरखपुर की प्रिशा, शिव प्रताप नारायण, देवांश राव, अर्शिता दुबे, तेजस सिंह, आशुतोष सिंह, अवनी गौड, बहराईच के आदित्य शुक्ला एवं रायबरेली के तरुण ने स्वर्ण पदक जीते।
उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करते हुए यूपी गुडविल ताइक्वाण्डो एसोसिएशन के महासचिव जावेद खान ने एसोसिएशन की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। इस दौरान उपस्थित अतिथिगण का स्वागत एसोसिएशन का आयोजन सचिव श्री अमय चौहान ने स्वागत किया। इस अवसर पर यूपी गुडविल ताइक्वाण्डो एसोसिएशन के संयुक्त सचिव रजा हुसैनए कोषाध्यक्ष हिना हबीबए विधिक सलाहकार पंकज अवस्थी व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### उम्रदराज खिलाड़ियों के लिए अच्छा प्रारूप है टी–20: पोंटिंग

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिग का मानना है कि टी20 क्रिकेट उम्रदराज खिलाड़ियों के लिए अच्छा प्रारूप है तथा विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ी मुश्किल दौर से उबरने का रास्ता ढूंढ लेते है। पोंटिग ने कहा कि कोहली तीनों प्रारूपों के चैंपियन खिलाड़ी है और भारत को मुश्किल दौर में भी उन पर विश्वास बनाए रखने का फायदा मिला।कोहली ने सितंबर मे एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ 61 गेदो पर नाबाद 122 रन बनाकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मे शतक का 1021 दिन का इंतजार खत्म किया था।

### श्रीकांत हाइलो ओपन के सेमीफाइनल में

**सारब्रकेन (जर्मनी)।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने विश्व मे सातवे नंबर के खिलाड़ी जॉनाथन क्रिस्टी को सीधे गेम में हराकर हाइलो ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल मे प्रवेश किया। विश्व मे 11वे नंबर के भारतीय खिलाड़ी ने अपना आखिरी खिताब 2017 में जीता था, लेकिन इस बार उन्होंने इंडोनेशियाई खिलाड़ी को 39 मिनट मे 21-13 21-19 से हराकर चैंपियन बनने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। इस जीत से श्रीकांत का क्रिस्टी के खिलाफ रिकॉर्ड 6-5 हो गया है। पिछले साल विश्व चैंपियनशिप मे रजत पदक जीतकर इतिहास रचने वाले श्रीकांत का अगला मुकाबला विश्व मे छठे नंबर के खिलाड़ी एंथनी सिनिसुका गिनटिंग से होगा।

# मुंबई ने पहली बार सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती

## सरफराज के शानदार प्रदर्शन से, हिमाचल को हराया

**भाषा।** कोलकात



**घरेलू क्रिकेट** की दिग्गज मुंबई ने हिमाचल प्रदेश को फाइनल में तीन विकेट से हराकर पहली बार सैयद मुश्ताक अली टी20 खिताब जीत लिया। मुंबई के लिए स्पिनर तनुष कोटेन ने 15 रन देकर और मध्यम तेज गेंदबाज मोहित अवस्थी ने 21 रन देकर तीन तीन विकेट लिए। हिमाचल प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 143 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने जल्दी विकेट गंवाए लेकिन सरफराज ने 31 गेंद में 36 रन बनाकर तीन गेंद बाकी रहते टीम को जीत दिलाई। पहले क्षेत्ररक्षण का मुंबई का फैसला सही साबित हुआ जब मोहित ने हिमाचल के विकेटकीपर अंकुश बैंस (चार) और सुमित वर्मा (आठ) को पहले पांच ओवर में आउट किया। स्पिनर तनुष ने आठवें ओवर में हिमाचल को दोहरे झटके दिए। पहले उन्होंने निखिल गंगटा (22) को पवेलियन भेजा और फिर नितिन शर्मा का विकेट लिया। हिमाचल का स्कोर पांच विकेट पर 52 रन था। निचले क्रम में आकाश वशिष्ठ (25), एकांत सेन (37) और मयंक डागर (21 नाबाद) ने उपयोगी पारियां खेली। मुंबई की शुरूआत खराब रही जब पृथ्वी साव (11) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (1) सस्ते में आउट हो गए। यशस्वी जायसवाल (27) और श्रेयस अय्यर (34) ने 41 रन की साझेदारी की जिसे मयंक डागर ने तोड़ा। मुंबई का स्कोर एक समय सात विकेट पर 119 रन था जिसके बाद सरफराज ने एक छोर संभालकर टीम को जीत तक पहुंचाया। आखिरी दो ओवर में मुंबई को 23 रन चाहिए थे।